6_Nav pradesh Page_01_Raipur.qxd 06/03/2020 9:59 PM Page 1

दैनिक
नवप्रदेश
अदित्यवर्ण तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — चना वितरण मुद्दे पर भाजपा का..
4 अभिव्यक्ति — क्या ट्रंप राष्ट्रपति के रूप में फिर...
9 मनोरंजन/खेल — 20 किलो वजन घटायेंगी कंगना...
11 व्यापार — सीसीडी से जेट एयरवेज तक,...

www.navpradesh.com
रायपुर, शनिवार 7 मार्च 2020, फाल्गुन शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत-2076 वर्ष-09 अंक-30 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

निर्भया को बीस मार्च को इंसाफ मिल जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने चारों दरिंदों की फांसी के लिए चौथी बार डेथ वारंट जारी कर दिया है। उम्मीद है इस बार फांसी नहीं टलेगी क्योंकि आरोपियों के सभी कानूनी विकल्प खत्म हो चुके हैं। वहीं दुसरी ओर आरोपियों के वकील दावा कर रहे हैं कि अभी भी कानूनी विकल्प बचे हैं। मतलब वकील और कोई दांव पेंच आजमा सकते है। दरअसल सौ गुनाहगार छूट जाएं लेकिन एक भी बेगुनाह को सजा न हो के सिद्धांत की वजह से न्याय देर से मिलने लगा है। अब इस पर पुनर्विचार होना चाहिए।

कोरोना : छत्तीसगढ़ से नागपुर भेजे गए सभी 18 सैंपल निगेटिव

■ मेकाहारा से 5 मार्च तक एक भी सैंपल नहीं भेजा गया एम्स, रायपुर

■ एम्स की लैब में 5 मार्च को मिला अप्रूवल 6 मार्च को हुए टेस्ट में तीन सैंपल निगेटिव

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना वायरस को लेकर छत्तीसगढ़ के लिए अच्छी खबर है। छत्तीसगढ़ से पिछले कुछ दिनों में नागपुर के इंदिरा गांधी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल (मेयो) स्थित वायरल रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लेबोरैट्रीज (वीआरडीएल) में कोरोना की जांच के लिए भेजे गए सभी 18 सैंपल निगेटिव पाए गए हैं। नागपुर मेयो वीआरडीएल की ओर से नव प्रदेश को यह जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है छत्तीसगढ़ से उन्हें प्राप्त सभी 18 सैंपल कोरोना निगेटिव पाए गए हैं। इन सैंपल में रायपुर के डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल (मेकाहारा) से भेजे गए सैंपल की संख्या 11 है, जिनमें से 9 की रिपोर्ट आ चुकी हैं जो निगेटिव है। मेकाहारा सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक अभी उन्हें दो सैंपल की रिपोर्ट का इंतजार है। मेकाहारा के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के सूत्रों के मुताबिक, उसकी ओर से मेकाहारा आने वाले सभी संदिग्ध मरीजों के सैंपल जांच के लिए नागपुर ही भेजे गए हैं। मेकाहारा के सूत्रों के मुताबिक, 5 मार्च तक एम्स, रायपुर में कोरोना को लेकर जांच की व्यवस्था पूरी नहीं हो पाने के कारण ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोराना संक्रमित कोई सैंपल नहीं मिला

छत्तीसगढ़ से हमारे पास 18 सैंपल मिले हैं, इनमें कोई भी पॉजिटिव नहीं है। यानी कोई भी कोरोना से संक्रमित नहीं है। हर सर्दी जुकाम व बुखार वाले मरीज के बारे में ये नहीं कहा जा सकता कि वह कोरोना से ही संक्रमित है। लेकिन ऐहतियात के तौर पर जांच जरूरी है।

-डॉ. शर्मिला राऊत, एचओडी माइक्रोबायोलॉजी, मेयो नागपुर

निर्देश मिला तो एम्स भेजेंगे सैंपल

डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल में आने वाले संदिग्ध मरीजों के सैंपल हम इंटिग्रेटेड डीसीज सर्विलांस प्रोग्राम (आईडीएसपी) के निर्देशानुसार ही जांच के लिए भेजते हैं। 5 मार्च तक हमें सैंपल नागपुर भेजने के ही निर्देश थे। हालांकि शुक्रवार 6 मार्च को एम्स रायपुर की ओर से कहा गया है कि अब कोई सैंपल नागपुर भेजे जाने से पहले उनसे संपर्क किया जाए। यदि हमें आईडीएसपी से एम्स को सैंपल भेजे जाने को कहा गया तो हम वहां सैंपल भेजेंगे। शुक्रवार को हमारे यहां कोई संदिग्ध मरीज नहीं आया है। हमें नए निर्देशों का इंतजार है।

डॉ निकिता शेरवानी, माइक्राबायोलॉजी, मेकाहारा

एम्स रायपुर में एक और मशीन खरीदने का है प्रस्ताव

एम्स रायपुर में कारोना की जांच के लिए अप्रूवल 5 मार्च को ही मिला है। अब यहां कोरोना जांच की सुविधा शुरू हो गई है। अस्पताल को चार सैंपल मिले हैं, जिनमें से तीन निगेटिव पाए गए हैं। एक की जांच चल रही है। एम्स रायपुर में ऐसी मशीन उपलब्ध है, जिससे एकसाथ 10-12 सैंपल जांच किए जा सकते हैं, बशर्ते ये साथ में आए। अस्पताल में कोरोना टेस्ट की एक और मशीन खरीदे जाने का प्रपोजल है।

-एसएस शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी, एम्स, रायपुर

खास खबर

विश्व में कोरोना से 3,282 लोगों की मौत : डब्ल्यूएचओ

जेनेवा, (वार्ता)। विश्व में जानलेवा कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप के कारण अब तक 3,282 लोगों की मौत हो गई है। कोरोना वायरस का पहला मामला पिछले वर्ष दिसंबर में चीन के वुहान में सामने आया था जिसके बाद यह विश्व के अधिकतर देशों में फैल गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शुक्रवार को पुष्टि की कि कोरोना वायरस से विश्व में 3,282 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है।

छग में 31 तक शासकीय कर्मियों को बायोमेट्रिक अटेंडेंस से छूट

रायपुर। कोरोना वायरस के कारण राज्य सरकार के कर्मचारियों को आगामी 31 मार्च तक बायोमेट्रिक अटेंडेंस से छूट दी गई है। राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा शुक्रवरा को इस संबंध में सभी विभागों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

राममंदिर : स्वर्ण मुद्रा अर्पित करने को आतुर है इस्लाम

आजमगढ़ (वार्ता)। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के मंदिर के निर्माण में सहयोगी बनने को आतुर एक मुस्लिम परिवार घर की खुदाई में मिले राम परिवार के बेशकीमती सिक्के को दान देना चाहता है। मकान के खुदाई के दौरान एक ऐसा पौराणिक सिक्का मिला।

आपत्तिजनक टिप्पणी : सुको में सुनवाई 15 अप्रैल तक स्थगित

नई दिल्ली, (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने अपने खिलाफकथित आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष मंदर से संबंधित मामले में सुनवाई 15 अप्रैल तक के लिए शुक्रवार को स्थगित कर दी। मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की खंडपीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मामले की सुनवाई 15 अप्रैल तक स्थगित कर दी।

ग्राहक घबराएं नहीं, पैसा सुरक्षित 30 दिन में री-स्ट्रक्चरिंग: वित्त मंत्री

लिमिट तय: यस बैंक के ग्राहक अब महीने में निकाल सकेंगे सिर्फ 50 हजार रुपए

■ बैंक, अर्थव्यवस्था और जमाकर्ताओं के हित में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं

■ चिंता दूर करने की कोशिश की थी, कहा था- जल्द निकलेगा हल

नई दिल्ली (वार्ता)। यस बैंक क्राइसिस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर संकट को दूर करने के बारे में क्या कदम उठाए जा रहे हैं उसके बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 2017 से ही रिजर्व बैंक की इसपर नजर है। 30 दिनों के भीतर यस बैंक का री-स्ट्रक्चर किया जाएगा। री-स्ट्रक्चरिंग को लेकर रिजर्व बैंक की वेबसाइट पर पूरी जानकारी दी गई है।

बैंक कर्मचारियों की नौकरी एक साल तक सुरक्षित

वित्त मंत्री ने कहा, यस बैंक के कर्मचारियों की नौकरी, वेतन एक साल तक सुरक्षित हैं, जमाएं और देनदारियां अप्रभावित रहेंगी। आरबीआई पता लगाएगा कि यस बैंक में क्या गलत हुआ। इसमें व्यक्तिगत भूमिका का पता लगाना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि बैंक ने अनिल अंबानी समूह, एस्सेल, डीएचएफएल, आईएलएफएस, वोडाफोन जैसी कंपनियों को लोन दिया था, जिसके कारण आज यह हालत हो गई है। रिजर्व बैंक ने कहा कि स्ट्रैटिजिक इन्वेस्टर्स बैंक 49 प्रतिशत की इक्विटी लगाएंगे। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि स्ट्रैटिजिक इन्वेस्टर्स बैंक तीन साल से पहले यस बैंक में अपनी हिस्सेदारी को 26 प्रतिशत से नीचे नहीं ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बैंक ने लोन बांटने में लापरवाही

बैंक ने लोन बांटने में लापरवाही बरती, जिसके कारण आज बैड लोन के नीचे बैंक दब गया है। सितंबर 2018 में बैंक के नए सीईओ को नियुक्त किया गया। यस बैंक के चेयरमैन ने भ्रष्टाचार भी किया और वे सीबीआई जांच के घेरे में भी आए थे। मार्च 2019 में नए सीईओ को नियुक्त किया गया।

30 दिनों के भीतर यस बैंक का री-स्ट्रक्चर

स्टेट बैंक ने यस बैंक ने निवेश का इंट्रेस्ट दिखाया है। 30 दिनों के भीतर यस बैंक का री-स्ट्रक्चर किया जाएगा। यह स्कीम रिजर्व बैंक लेकर आई है। बैंक की तरफसे निवेश लाने के लिए तमाम कोशिशें की गईं, लेकिन कुछ भी नहीं हो पाया। रिजर्व बैंक 2017 से इस बैंक के कामकाज पर गहरी नजर बनाकर रखा है। 2004 में यस बैंक की स्थापना की गई थी। यस बैंक ने गलत लोगों को कर्ज दिया। सितंबर 2018 में रिजर्व बैंक ने इसके बोर्ड को बदलने का फैसला किया।

मोदी सरकार ने बैंकों की हालत बिगाड़ दी, 4 गुना बढ़ा लोन

■ चिदंबरम ने पूछा क्या अब कतार में कोई तीसरा बैंक है?

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने यस बैंक संकट को लेकर शुक्रवार को मोदी सरकार पर निशाना साधा है। चिदंबरम ने दावा किया कि यह वित्तीय संस्थानों को नियंत्रित एवं विनियमित करने की सरकार की क्षमता को दिखाता है। बता दें कि यस बैंक की हालत इतनी खराब है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने यस बैंक से पैसे निकालने की सीमा तक तय कर दी है।

यस बैंक के ग्राहकों के हितों को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने यस बैंक से प्रति अकाउंट 50 हजार रुपए तक की निकासी तय कर दी है। यस बैंक के संकट के दौर से गुजर रहा है। यहां तक कि दिन के कारोबार के दौरान यस ■ शेष पृष्ठ 8 पर

'पीएमसी बैंक, अब यस बैंक सरकार को चिंता नहीं

पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम ने दावा किया, 'बीजेपी 6 साल से सत्ता में है। वित्तीय संस्थानों को नियंत्रित और विनियमित करने की उनकी क्षमता उजागर होती जा रही है।' उन्होंने सवाल किया, 'पहले पीएमसी बैंक, अब यस बैंक। क्या सरकार बिल्कुल भी चिंतित नहीं है? क्या वह अपनी जिम्मेदारी से बच सकते हैं? क्या अब कतार में कोई तीसरा बैंक है?'

बीजापुर में भीषण हादसा, 5 की मौत

■ चार सरकारी कर्मियों समेत 5 की मौत

नव प्रदेश संवाददाता

बीजापुर। बीजापुर में गुरुवार व शुक्रवार की दरम्यानी रात को हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। रात करीब 2:30 बजे पुरनतराई गणेश बहार नाला थाना बारसूर के पास यह दुर्घटना हुई है। मृतकों में चार सरकारी कर्मचारी है। यहां एक मारुति सुजुकी एर्टिगा कार क्रमांक सीजी 17 केटी 0916 सड़क किनारे के एक पेड़ से जा टकराई, जिसकी वजह से कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों के नाम सुरेंद्र ठाकुर पिता पंचलाल ठाकुर, रामधर पांडे पिता लछिन्धर पांडे, सुखलाल पांडे पिता रामसिंह पांडे, अनिल परसुल पिता लक्ष्मैया परसुल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रात एक बजे निकले थे

सुरेंद्र ठाकुर पी एच ई विभाग बीजापुर में सब इंजीनियर एवं रामधर व अनिल उसी विभाग में बाबू थे। जगदलपुर से विभागीय कार्य करने के पश्चात रात्रि 1 बजे सभी बीजापुर के लिए निकले थे। मृतक आरक्षक छुट्टी में वापस घर जाने वाला था इसलिए उसके भाई रामधर ने उसे साथ चलने का आग्रह किया।

पेड़ से टकराई कार

जगदलपुर से वापसी के दौरान सुखलाल पांडे ने रात्रि 1 बजे बारसूर निवासी अपने जीजा जगेंद्र कुमार नेगी को बारसूर आने की बात कही थी। लेकिन जिस कार पर सवार होकर वे बीजापुर जा रहे थे वह पेड़ से टकरा गई और हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई।

महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति अच्छी नहीं: नायडू

नई दिल्ली (वार्ता)। राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने आज कहा कि महिलाओं ने हर मोर्चे पर असाधारण सफलता हासिल की है लेकिन देश में लैंगिक समानता और महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति अभी भी अच्छी नहीं है। श्री नायडू ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पूर्व शुक्रवार को राज्यसभा में महिला सदस्यों और देश की महिलाओं को शुभकामना देते हुए कहा कि इस दिन सामाजिक, आर्थिक, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

लोकसभा में हंगामे के बीच दो विधेयक पारित

लोकसभा में विपक्ष के हँगामे के बीच शुक्रवार को दो विधेयक बिना चर्चा के पारित किये गये और इसके बाद सदन की कार्यवाही 11 मार्च सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। सदन ने खनिज विधि (संशोधन) विधेयक और दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। दोनों विधेयकों पर सरकार के सभी संशोधनों को स्वीकार कर लिया गया। काँग्रेस के जबरदस्त हँगामे के कारण दोनों विधेयकों पर चर्चा नहीं हो सकी। दोनों विधेयक संबंधित अध्यादेशों का स्थान लेंगे।

कोरोना : सोनिया ने कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम को लिखा पत्र

रायपुर। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर अपने यहां कोरोना वायरस से निपटने के पर्याप्त उपाय करने को कहा है। उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा है, कि अगर किसी भी व्यक्ति में उक्त वायरस का पॉजिटिव रिपोर्ट आती है तो अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने में बिल्कुल कोताही न बरती जाए। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन का हवाला देते हुए कहा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मिलकर लड़ेंगे तो हार जाएगा वायरस : मोदी

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्थाई विकास के लिए कोलेबोरेट ए क्रिएट का विजन है। उन्होंने कहा कि यह जितना पुराना विजन है उतना ही प्रासंगिक है। हर युग में नए-नए चैलेंज आते हैं। इस वक्त कोरोना वायरस आर्थिक जगत के लिए भी चुनौती बना हुआ है। इससे भी हम कोलेबोरेट ए क्रिएट के विजन से विजयी होंगे। जब हम सब मिलकर लड़ेंगे तो इस वायरस को हरा देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक वक्त था कि जब एक खास वर्ग के लोगों की ओर से किए जाने वाले अनुमान को ही फाइनल माना जाता था, लेकिन अब वक्त बदल चुका है। यह बदलाव टेक्नोलॉजी की वजह से हुआ है। टेक्टनोलॉजी की वजह इस वक्त आम जनता भी मजबूती के साथ अपने आइडिया को बता पाते हैं।

370 हटने से जम्मू कश्मीर में पूर्ण संविधान

प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग दिनभर संविधान की दुहाई देते हैं, वे अनुच्छेद 370 जैसी अस्थाई व्यवस्था को हटाने पर विरोध करते हैं। जबकि इसके हटने से जम्मू कश्मीर में पूर्ण रूप से संविधान लागू हुआ है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष का नाम लिए बगैर कहा कि जो लोग दिनभर न्याय की बात करते हैं, वे पूरी न्याय व्यवस्था की मंशा पर भी सवाल उठा रहे हैं।

संकट में सरकार — कैबिनेट मंत्री ने कहा- सिंधिया की उपेक्षा हुई तो सरकार पर छा जाएंगे काले बादल

कांग्रेसी मंत्री बोले- बर्दाश्त नहीं सिंधिया का अनादर

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश में सियासी उठापटक जारी है। इस बीच कमलनाथ कैबिनेट के मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, 'कमलनाथ जी की सरकार को संकट तब होगा, जब सरकार हमारे नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया जी की उपेक्षा या अनादर करेगी।' सिसोदिया ने कहा कि अगर ज्योतिरादित्य सिंधिया की सरकार उपेक्षा या अनादर करेगी तब निश्चित तौर से सरकार पर जो काले बादल छाएंगे, वो क्या कर जाएंगे, मैं यह कह नहीं सकता।

एमपी में जारी राजनीतिक ड्रामे के बीच बीजेपी के विधायक और पूर्व मंत्री संजय पाठक ने दावा किया है कि उनकी जान को खतरा है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस में जाने की अटकलों से भी इंकार किया है। कटनी जिले के विजयराघवगढ़ विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक संजय पाठक ने एक वीडियो बयान जारी कर मीडिया में दिखाई जा रही मुख्यमंत्री आवास पर गुरुवार देर रात उनकी और मुख्यमंत्री कमलनाथ की मुलाकात की खबरों का पुरजोर खंडन करते हुएह्र कहा कि वह अपनी पार्टी के इस बयान में प्रदेश के सबसे धनी विधायक पाठक ने कहा, 'किसी भी तरह का भ्रम न फैलाएं, मैं भाजपा के साथ था, भाजपा के साथ हूं और भाजपा के साथ ही रहूंगा। पूरे प्रदेश के लोग देख रहे हैं कि मेरे साथ क्या हो रहा है। बस इतना ख्याल रखना कि कहीं मैं मारा नहीं जाऊं। ये लोग अपने राजनीतिक लाभ के लिए मुझे मार कर कहीं भी फेंक सकते हैं।'

पाठक ने अपना यह वीडियो बयान ट्वीट किया है। भाजपा विधायक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हमारे नेता बिकाऊ नहीं : कमलनाथ

इस पूरे घटनाक्रम के बीच मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि हमारे नेता बिकाऊ नहीं हैं। सीएम कमलनाथ ने कहा, 'हमारे नेता सिद्धांतों और सेवा की राजनीति करते हैं। हमें अपनी राजनीति की ऐसी पहचान बनानी है कि हमें उस पर गर्व हो। ऐसी पहचान बनाएं कि हम छाती ठोंककर कह सकें कि हम मध्य प्रदेश से हैं।'

लोकसभा में 3 से 5 मार्च की घटना की जांच के लिए समिति

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस के सात सदस्यों को पूरे सत्र के लिए निलम्बित किए जाने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में तीन से पांच मार्च के बीच हुई घटनाओं की जांच के लिए सर्वदलीय समिति गठित करने की घोषणा की है। लोकसभा में पीठासीन उपाध्यक्ष डॉ किरीट सोलंकी ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि समिति में सभी दलों को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा और श्री बिरला खुद इस समिति के अध्यक्ष होंगे। यह समिति सदन में तीन से पांच मार्च के बीच हुई घटनाओं की जांच करेगी। कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल लोकसभा अध्यक्ष से कांग्रेस के सातों सदस्यों का निलम्बन वापस लेने की मांग कर रहे हैं। समझा जाता है कि समिति की जांच के आधार पर निलम्बित सदस्यों का निलम्बन वापस लेने के बारे में विचार किया जा सकता है हालांकि डॉ सोलंकी ने सदन में सिर्फइतना कहा कि समिति तीन से पांच मार्च के बीच की कार्यवाही के दौरान हुई घटनाओं की जांच करेगी।

शराब गटकी, बांध तोड़ा...बिहार विधानमंडल में 'गुनहगार' चूहा लेकर पहुंची आरजेडी विधायक

■ बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान एक अजीबोगरीब वाकया देखने को मिला

■ आरजेडी विधायक ने कहा कि बिहार में असली अपराधी चूहा आज पकड़ा गया है

पटना (ए.)। बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को एक अजीबोगरीब वाकया देखने को मिला। आरजेडी के विधान पार्षद सुबोध कुमार राय एक जिंदा चूहे को चूहेदानी में लेकर बिहार विधान परिषद में पहुंच गए। आरजेडी विधायक ने कहा कि बिहार में बांध को खाने वाला, शराब गटकने वाला और अस्पताल में रखे स्लाइन पीने वाला अपराधी चूहा आज पकड़ा गया है। राय ने कहा कि कहा कि अब राज्य की एनडीए सरकार को चाहिए कि इस बदमाश चूहे को कड़ी से कड़ी सजा दे। आरजेडी के साथ चूहे को लेकर इस प्रदर्शन में कांग्रेस के विधान परिषद सदस्य भी शामिल हुए। इस दौरान विधान परिषद के गेट पर काफी देर तक चूहे को लेकर ड्रामा चलता रहा। बता दें कि बिहार विधानसभा के चुनाव सितंबर-अक्टूबर में हो सकते हैं। इसको देखते हुए राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन में वार-पलटवार शुरू हो गया है।

चूहे पर राबड़ी देवी ने भी दिया साथ

संभवत ऐसा पहली बार हुआ है, जब विधानमंडल सत्र के दौरान कोई विधायक जिंदा चूहा लेकर विधान परिषद पहुंचा है। इस बीच पूरे मामले पर राय को पूर्व सीएम राबड़ी देवी का साथ मिल गया है। राबड़ी देवी ने कहा कि कुछ साल पहले जल संसाधन विभाग का बांध टूट गया था, तब तत्कालीन मंत्री ललन सिंह ने कहा था कि चूहों की वजह से बांध टूटा है। नीतीश सरकार चूहों पर दोषारोपण करती है, इसलिए सजा दिलाने के लिए आरजेडी के सदस्य चूहा लेकर पहुंचे हैं।

चूहे पहले भी हो चुके हैं राजनीति के शिकार

इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने पहले भी ट्वीट करके चूहे का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था, 'चाहे बिहार में बहार आवे, अपराधियन के बोलबाला होखे, शराब चोरी होखो, आ दवाई भ्रष्टाचरियन के भेंट चढ़ जाए, आ ओकरा पर से हजारों करोड़ों के नवनिर्मित डैम टूट जाएं, फ्लाना हो, ढिमकाना हो, कुछो हो इ नीतीश हमरा के ही दोषी बनईहें।' गौरतलब है कि बिहार में महागठबंधन और एनडीए के बीच, खासकर जेडीयू और आरजेडी के बीच पोस्टर वार शुरू हो गया है। दोनों ही दल एक-दूसरे को 15 साल का दोषी बता रहे हैं। नीतीश सरकार के खिलाफ राबड़ी देवी ने बिहार में चूहे का कारनामे को लेकर एक और पोस्टर ट्वीट किया था। उन्होंने कहा था कि चूहे बिहार छोड़ें या चूहासन करने वाले छोड़ें?' राबड़ी देवी के इस ट्वीट के बाद आरजेडी की ओर से पटना के कई स्थान पर कार्टून पोस्टर लगाए गए थे।

एमपी में जोड़-तोड़ की कोशिश तेज

कमलनाथ सरकार ने डैमेज कंट्रोल कर लिया, पर अब पलट गया सीन

■ हरदीप डंग ने कमलनाथ को भी अपना इस्तीफा भेजा है हालांकि अभी मंजूर नहीं हुआ, कांग्रेस के तीन और विधायक लापता

भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश में एक दिन पहले तक माना जा रहा था कि कमलनाथ सरकार ने डैमेज कंट्रोल कर लिया है। खुद कांग्रेस के नेता इस बात का दावा कर रहे थे लेकिन गुरुवार शाम को कांग्रेस विधायक हरदीप डंग के इस्तीफा ने हालात फिर से बदल दिए हैं। हरदीप डंग ने मुख्यमंत्री कमलनाथ को भी अपना इस्तीफा भेजा है, हालांकि अभी मंजूर नहीं हुआ है। वहीं कांग्रेस के तीन और विधायक अभी लापता बताए जा रहे हैं।

डंग के साथ बेंगलुरु भेजे गए कांग्रेस के अन्य विधायक बिसाहूलाल सिंह, रघुराज कंसाना और निर्दलीय विधायक सुरेंद्र सिंह शेरा गुरुवार से भोपाल नहीं लौटे हैं। अगर बाकी तीन विधायक भी कांग्रेस का साथ छोड़ देते हैं तो कमलनाथ सरकार पर खतरा मंडराने लगेगा। रूठे विधायकों को मनाने के लिए मध्य प्रदेश में कैबिनेट विस्तार की भी चर्चा तेज हो गई है जिसमें कुछ विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है।

संकट से उबरने के लिए कमलनाथ करेंगे मंत्रिमंडल विस्तार

संकट से उबरने के लिए सीएम कमलनाथ मंत्रिमंडल विस्तार का फॉर्म्युला ला सकते हैं। मौजूदा हालातों में पूरी कमान कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने अपने हाथ में ले ली है। मुख्यमंत्री निवास रणनीति का केंद्र है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल, गुलाम नबी आजाद और कपिल सिब्बल उन्हें मदद करते हैं। कमलनाथ की दूसरी रणनीति बीजेपी के विधायक तोड़ने की है।

क्या कहता है विधानसभा का आंकड़ा?

मध्य प्रदेश में कुल 230 विधानसभा सीटें हैं लेकिन विधायकों के निधन के बाद दो सीटें अभी खाली हैं। उस लिहाज से बहुमत का आंकड़ा 115 है। कांग्रेस के पास अभी 114 विधायक हैं। अगर हरदीप का इस्तीफा स्वीकार हो जाता है तो कांग्रेस के पास महज 113 सदस्य बचेंगे। कांग्रेस को इसके अलावा 4 निर्दलीय विधायक, 2 बीएसपी (एक पार्टी से निलंबित) और एक एसपी विधायक का भी समर्थन मिला हुआ है। इस तरह कांग्रेस को फिलहाल 120 विधायकों का साथ माना जाएगा।

115 के जादुई आंकड़े पर पहुंच सकती है बीजेपी

कांग्रेस के दो विधायक बेंगलुरु में हैं। अगर दोनों कांग्रेस का साथ छोड़ देते हैं तो संख्याबल घटकर 111 रह जाएगा। वहीं बीजेपी के पास 107 विधायक हैं। अगर बीजेपी को ये चार विधायक समर्थन दे देते हैं तो बीजेपी के पास 111 विधायक हो जाएंगे। बीजेपी अपने और अन्य के समर्थन से 115 तक पहुंच सकती है।

बीजेपी विधायकों को तोड़ने की कोशिश

ऐसी अटकलें हैं कि एक या दो और बीजेपी विधायक सीएम आवास में देखे गए हैं। रात को करीब 1 बजे बीजेपी विधायक संजय पाठक को सीएम आवास से निकलते देखे गए। त्रिपाठी के सीएम आवास पहुंचने से पहले राज्य सरकार में मंत्री गोविंद सिंह ने घोषणा की कि दो बीजेपी विधायक रात में कांग्रेस जॉइन करेंगे। इसके बाद ऐसी अटकलें शुरू हो गईं कि बीजेपी विधायक शरद कोल दूसरे विधायक हो सकते हैं लेकिन वह सीएम आवास में नहीं देखे गए।

निलंबित कांग्रेस सांसदों को लेकर अधीर रंजन चौधरी बोले-

जेबकतरों को फांसी पर नहीं लटकाया जा सकता

■ संसदीय कार्यमंत्री बोले निलंबित सदस्यों की तुलना जेबकतरों से करना उचित नहीं

■ आसन से पेपर छीनने और फाड़कर उछालने की वजह से कांग्रेस के 7 सांसद बाकी बजट सत्र के लिए सस्पेंड

नई दिल्ली (वार्ता)। लोकसभा से कांग्रेस के 7 सांसदों के निलंबन को वापस लिए जाने की मांग करते हुए सदन में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को कहा, 'जेबकटुवा को फांसी के तख्ते पर नहीं चढ़ाया जा सकता।' चौधरी ने यह भी कहा कि कांग्रेस के सदस्य आसन को 'पॉप ऑफ द वेटिकन' की तरह सम्मान देते हैं और उन्होंने कभी आसन का अनादर नहीं किया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी के 7 सदस्यों को एक साथ बाकी सत्र के लिए निलंबित किए जाने का कोई आधार नजर नहीं आता। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान अन्य विपक्षी सदस्य भी थे लेकिन कारण पता नहीं है कि किस आधार पर कांग्रेस के सातों सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। यह छोटी बात नहीं है। चौधरी ने कहा, 'जेबकटुवा को फांसी के तख्त पर नहीं चढ़ाया जा सकता।'

यूपीए सरकार के समय बीजेपी के 45 सदस्यों को चालू सत्र की पूरी शेष अवधि के लिए निलंबित

जोशी ने कहा कि यूपीए सरकार के समय बीजेपी के 45 सदस्यों को चालू सत्र की पूरी शेष अवधि के लिए निलंबित किया गया था। 2007 से 2010 के बीच कांग्रेस ने हंगामे के बीच 18 विधेयक पारित कराए थे। कांग्रेस के 7 लोकसभा सदस्यों को बृहस्पतिवार को आसन से कुछ कागज छीनने और फाड़कर उछालने के मामले में सदन का अपमान करने और 'घोर कदाचार' के लिए मौजूदा संसद सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया।

इस पर संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने चौधरी के बयान के संदर्भ में कहा, 'निलंबित सदस्यों की तुलना जेबकतरों से करना उचित नहीं लगता। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। हम इससे सहमत नहीं हैं।' कांग्रेस सदस्यों के निलंबन को उचित ठहराते हुए जोशी ने कहा कि जब ऋक्षक्कविपक्ष में थी तो तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष लालकृष्ण आडवाणी हमेशा सदस्यों को आसन का अनादर करने वाली किसी भी बात से रोकते थे। निलंबित किए गए कांग्रेस के इन सदस्यों में गौरव गोगोई, टी एन प्रतापन, डीन कुरियाकोस, राजमोहन उन्नीथन, बैनी बहनान, मणिकम टेगोर और गुरजीत सिंह औजला शामिल हैं। जेडीयू नेता राजीव रंजन ने भी चौधरी की टिप्पणी पर चुटकी लेते हुए कहा कि उन्होंने तो खुद अपने सदस्यों को 'जेबकटुवा' कह दिया यानी मान लिया कि उनसे गलती हुई है।

कोरोना: संसद में विजिटर्स के लिए बदले नियम

नई दिल्ली। सांसदों को कोरोना वायरस से बचाने के लिए संसद की सिक्योरिटी सर्विस ब्रांच ने नए नियम बनाए हैं। नए नियम के मुताबिक अब सांसदों का कोई भी विजिटर पार्लियामेंट बिल्डिंग के अंदर नहीं आ सकेगा। सांसदों के विजिटर्स यहां स्थित पार्टी ऑफिसों में भी नहीं जा सकते। उन्हें सांसद से अब या तो पार्लियामेंट बिल्डिंग के बाहर की एरिया में मिलना होगा या फिर रिसेप्शन में। पार्टी ऑफिस सेक्रेटरी के विजिटर भी अंदर नहीं आ पाएंगे। नए नियम में कहा गया है कि सांसदों के विजिटर्स के लिए रिसेप्शन से ब्लू कलर का पास जारी होगा लेकिन वह पार्लियामेंट बिल्डिंग में नहीं जा सकते। संसद की कार्यवाही देखने जो विजिटर आते हैं उन्हें सफेद रंग का पब्लिक गैलरी पास जारी होगा। वह भी सदन की कार्यवाही देखने के बाद पार्लियामेंट हाउस की किसी और एरिया में नहीं जा सकते। सिक्योरिटी के लोग उन्हें तुरंत बिल्डिंग गेट से बाहर कर देंगे। हालांकि, राज्यसभा चेयरमैन, लोकसभा स्पीकर, प्रधानमंत्री, मंत्रियों, राज्यसभा के डेप्युटी चेयरमैन, लोकसभा के डेप्युटी स्पीकर, सेक्रेटरी जनरल, पार्लियामेंट्री अफेयर्स मिनिस्ट्री के जो विजिटर्स होंगे उन्हें संबंधित ऑफिस से पास जारी होगा, तब वह संबंधित ऑफिस में जा सकते हैं।

यस बैंक संकट

अमर सिंह बोले- 'डूबती इकॉनमी के पीछे श्वेत लुंगीधारी जिम्मेदार'

नई दिल्ली। यस बैंक संकट को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। तो जवाब में बीजेपी आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने अमर सिंह का विडियो ट्वीट कर इसके पीछे पूर्व वित्तमंत्री चिदंबरम को दोषी ठहराया है।

दरअसल राहुल गांधी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से लिखा था कि यस बैंक ही नहीं मोदी और उनके विचारों ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद किया है। इसके बाद अमित मालवीय ने अमर सिंह का विडियो ट्वीट करते हुए राहुल पर पलटवार किया, 'नहीं राहुल, यह पी. चिदंबरम की वजह से हैं, आपके पूर्व वित्तमंत्री, भारत के बैंकों और इकॉनमी की बदहाली के पीछे जिम्मेदार हैं। इसके लिए आप मुझे नहीं बल्कि अपने पूर्व सहयोगी को सुनिए।'

'... तो श्वेतपत्र जारी करा दीजिए'

सिंगापुर में इलाज करा रहे अमर सिंह ने विडियो जारी कर कहा, 'वेणुगोपाल धूत कौन सी सुविधा का इस्तेमाल करके चिदंबरम जी को पटाते थे, यह बोलने में भी शर्म आती है। उसके भी सबूत हैं मेरे पास। आप ये देखिए जो रुपये एनपीए हो गए है जिसके रिकवरी के लिए मोदी जी चिंतित हैं, वह तमाम राशियां यूपीए 2 के शासनकाल किस व्यक्ति के अधीन अंधाधुध बांटी गई है। अगर चिदंबरम ने पैसा न बांटा हो तो श्वेतपत्र जारी करवा दीजिए।

अमर सिंह ने चिदंबरम को बताया दोषी

विडियो के आखिर में अमर सिंह ने कहा, 'आपके चिदंबरम जो अभी सीबीआई को पाठ पढ़ा रहे हैं उन्होंने रुपया ऐसे बांटा जैसे उनके बाप का माल हो। इकॉनमी में डूब रही है लेकिन इस डूबती इकॉनमी की जड़ में सिर्फ एक ही आदमी है श्वेत लुंगी धारी और भ्रष्टाचारी चिंदबरम चिदंबरम चिदंबरम।'

मेरे पास ठोस सबूत हैं- अमर सिंह

विडियो में अमर सिंह कहते दिख रहे हैं, राहुल जी, मेरा आपको सुझाव है, विडियोकॉन के वेणुगोपाल धूत, रिलायंस के अनिल अंबानी जिन्हें आप मोदी का घनिष्ठ मित्र बताते हैं वह सबसे अधिक घनिष्ठ मित्र आपके वित्तमंत्री चिदंबरम के हैं, इसके ठोस सबूत मेरे पास हैं, आप जब कहेंगे दिखा दूंगा। इसके अलावा भूषण स्टील और दीवान हाउसिंग तमाम जो कॉर्पोरेट बैंक हैं उनको किस अवधि में पैसा में दिया गया है कि अरबों-खरबों रुपया एनपीए हो गया है।

यस बैंक के शेयर 50 फीसदी तक गिरे

बता दें कि यस बैंक के संकट के दौर से गुजर रहा है। यहां तक कि दिन के कारोबार के दौरान यस बैंक के शेयर 50 फीसदी तक गिर गए। हालत इतनी खराब है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने यस बैंक से पैसे निकालने की सीमा तक तय कर दी है। यस बैंक के ग्राहकों के हितों की रक्षा को ध्यान में रखते हुए भारतीय स्टेट बैंक ने यस बैंक से प्रति अकाउंट 50 हजार रुपए तक की निकासी तय कर दी है।

बीजेपी विधायक संगीत सोम का ताहिर हुसैन पर विवादित बयान-

ऐसे लोगों को गोली मार देनी चाहिए

■ हिंसा के दौरान आईबी के एक अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में आरोपी ताहिर हुसैन को गिरफ्तार किया गया

मुजफ्फरनगर (ए.)। उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के विधायक संगीत सोम ने आम आदमी पार्टी (आप) के निलंबित पार्षद ताहिर हुसैन को आतंकवादी कहते हुए विवादित बयान दिया। संगीत सोम ने कहा कि हुसैन जैसे लोगों को सार्वजनिक रूप से गोली मार दी जानी चाहिए। संगीत सोम ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, 'ऐसे लोग आतंकवादी हैं, ऐसे लोगों को चौराहे पर खड़ा करके गोली मार देनी चाहिए।'

दिल्ली हिंसा के दौरान इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के एक अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में आरोपी हुसैन को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। संगीत सोम ने आगे कहा, 'जिसने भी अंकित शर्मा की हत्या की है, उसे कठोर सजा दी जाएगी। साथ ही चाहे कोई कितना भी विरोध क्यों ना करे, सरकार सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) वापस नहीं लेगी।'

मुजफ्फरनगर दंगा भड़काने में आरोपी हैं संगीत सोम

बता दें कि उत्तर प्रदेश के सरधना से विधायक संगीत सोम पर 2013 में मुजफ्फरनगर दंगों भड़काने का आरोप है। इस दंगे में कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई थी और हजारों की संख्या में लोग विस्थापित हुए थे। उनके वकील अनिल जिंदल ने कहा, 'वर्ष 2013 में खतौली पुलिस थाने में संगीत सोम के खिलाफआईटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। अदालत ने अब मामले में सुनवाई की अगली तारीख 15 अप्रैल (2020) तय की है।'

इटली से आए पर्यटकों के मीरजापुर पहुंचने पर मचा हड़कंप, वापस भेजे

मीरजापुर (ए.)। कोरोना वायरस के खौफ के चलते इटली से आए पर्यटकों के दल से हड़कंप मच गया है। 7 सदस्यीय पर्यटकों के दल को होटल में रोका गया है। इनके बाहर घूमने पर भी रोक लगा दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम होटल पहुंचकर पर्यटकों से जानकारी ले रही है कि कहां गए और किससे किससे मिले। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सातों पर्यटक वाराणसी से मीरजापुर पहुंचे हैं।

शुक्रवार सुबह डीएम सुशील कुमार पटेल सीएमओ को साथ लेकर होटल पर पहुंच गए। इटली से आए सैलानियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। किसी में भी कोरोना का लक्षण नहीं पाया गया। इसके बावजूद सभी को होटल के कमरे में शुक्रवार को दोपहर साढ़े 12 बजे तक रोका गया। इसके बाद सभी सैलानियों को एन-90 मास्क देकर उन्हीं के वाहनों में होटल से वाराणसी के लिए रवाना किया गया। डीएम और सीएमओ ने बताया कि किसी में भी कोरोना के लक्षण नहीं मिले। किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है। इटली के डेनियल क्रूसे, विसिन्जो विगो, लोरिन्जा, डी मारको, फासियो एलेना, कार्लो और मैरिना समेत सात पर्यटक 25 फरवरी से 25 मार्च तक भारत की यात्रा पर हैं। सभी यात्री बीते 20 फरवरी को इटली से दिल्ली पहुंचे थे।

डीएम ने सभी पर्यटकों की चिकित्सीय जांच के दिए आदेश

डीएम ने सभी पर्यटकों की चिकित्सीय जांच के आदेश दिए थे। जिला प्रशासन के अनुसार, सभी पर्यटकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। जांच पूरी होने और रिपोर्ट आने तक किसी को भी बाहर नहीं निकलने को कहा गया है। बता दें कि आगरा में कोरोना वायरस से संक्रमित पॉजिटिव केस मिलने की वजह से यूपी में भी लोगों में डर फैला हुआ है। भारत में अब तक 31 लोगों में कोरोना वायरस पॉजिटिव पाया गया है।

महिला विरोध | घरेलू हिंसा, रेप, यौन उत्पीड़न और जबरन शादी की शिकार हो रही महिलाओं ने किया ऐलान-ए-जंग

पाक में 'औरत मार्च' पर कट्टरपंथी और महिलाएं आमने-सामने, इमरान को तनाव

इस्लामाबाद (ए.)। दुनिया में महिला आजादी के लिए नरक बन चुके पाकिस्तान में 'औरत मार्च' को लेकर घमसान मचा हुआ है। अक्सर घरेलू हिंसा, रेप, यौन उत्पीड़न और जबरन शादी किए जाने की शिकार हो रही महिलाओं ने अब ऐलान-ए-जंग कर दिया है। ये महिलाएं 8 मार्च को महिला दिवस पर 'औरत मार्च' निकालने जा रही हैं। इस बीच औरत मार्च पाकिस्तानी कट्टरपंथी भड़क गए हैं जिससे इमरान सरकार की टेंशन बढ़ गई है। कट्टरपंथियों ने ऐलान किया है कि वे किसी भी कीमत पर इस मार्च को निकलने नहीं देंगे। औरत मार्च के खिलाफ सर्वाधिक मुखर दक्षिणपंथी और कट्टरपंथी संगठन हैं। जमीयत-ए-

उलेमाए इस्लाम के नेता मौलाना फज्लुर रहमान ने अपने समर्थकों का आह्वान किया है कि वे हर हाल में इस मार्च को होने से रोकें। हाल में एक रैली में मौलाना फज्ल ने 'औरत मार्च' का नाम लिए बिना कहा था, 'जब कभी भी आप इस तरह के लोगों को देखें, सुरक्षा कर्मियों को इनके बारे में अलर्ट करें। और, अगर सुरक्षाकर्मी इन्हें ही सुरक्षा दे रहे हों तो ताकत के जोर पर इन्हें रोकने के लिए आपकी कुर्बानी की जरूरत पड़ेगी।' उधर, विपक्षी राजनैतिक दल पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने औरत मार्च को अपना पूर्ण समर्थन देने का ऐलान करते हुए सरकार से इसे सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। पाकिस्तान की मानवाधिकार मामलों की मंत्री शीरीन मजारी ने मार्च का खुलकर समर्थन किया है। मजारी ने उन नेताओं की निंदा की है, जो इस मार्च को ताकत के जोर पर रोकने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के और तबकों की तरह महिलाओं को भी अपने हक में आवाज उठाने का अधिकार है। पाकिस्तानी महिला संगठनों को मंगलवार को उस वक्त बड़ी राहत मिली जब लाहौर हाईकोर्ट ने फैसला दिया कि देश के संविधान और कानून के तहत मार्च को रोका नहीं जा सकता। अदालत ने नागरिक प्रशासन को आदेश दिया कि वह मार्च निकालने के लिए दी गई अर्जी पर जल्द से जल्द फैसला करे। अदालत ने मार्च निकालने पर रोक नहीं लगाने की बात कहते हुए यह भी कहा कि 'मार्च में किसी तरह के घृणा भाषण या अनैतिक बातें' नहीं होनी चाहिए।

इमरान खान की टेंशन बढ़ी, आगे कुंआ और पीछे खाई

मौलाना फज्लुर रहमान के इस ऐलान के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की टेंशन बढ़ गई है। समाज के सभी वर्गों को समान हक देकर पाकिस्तान को रियासत-ए-मदीना बनाने का वादा करने वाले इमरान खान के आगे कुंआ और पीछे खाई जैसी स्थिति बन गई है। अगर वे कट्टरपंथियों पर कार्रवाई करते हैं तो उनकी सरकार पर संकट आ जाएगा। अगर कार्रवाई नहीं करते हैं तो दुनिया में उनके 'प्रगतिशील' होने के दावे की पोल खुल जाएगी। बता दें कि यह 'औरत मार्च' ऐसे समय पर निकलने जा रहा है पाकिस्तान महंगाई के संकट से जूझ रहा है।

93 प्रतिशत महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न

गौरतलब है कि पाकिस्तान में महिलाओं की स्थिति बेहद दयनीय है। बेनजीर भुट्टो के पीएम बनने के बाद भी पाकिस्तानी कट्टरपंथी महिलाओं को आगे बढ़ता नहीं देखना चाहते हैं। औरत मार्च के आयोजकों के मुताबिक पाकिस्तान में 93 प्रतिशत महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न होता है। इनमें से करीब 70 फीसदी यौन उत्पीड़न तो खुद उनके परिवार के सदस्य ही करते हैं। इन औरतों ने अब ऐलान-ए-जंग कर दिया है और घर, स्कूलों, कार्यालयों और सरकारी संस्थानों में यौन उत्पीड़न रोकने की मांग की है।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने पंडित गोविन्द वल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर किया उन्हें नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,भारत के पूर्व गृह मंत्री, उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और विद्वान वकील पंडित गोविंद वल्लभ पंत की 7 मार्च पुण्यतिथि पर उन्हें किया है। बघेल ने कहा है कि पंडित जी.वी.पंत जी ने स्वाधीनता आंदोलनों को गति देने के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पैरवी और रिहाई के लिए भी काम किया। बघेल ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के बाद भी राष्ट्र निर्माण में पंत जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राज्यों को भाषायी आधार पर विभक्त करने तथा हिन्दी को राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठा दिलाने में उनका योगदान हमेशा याद किया जाता रहेगा।

लोकवाणी में इस बार 'महिलाओं को बराबरी के अवसर' विषय पर होगी बात

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 8वीं कड़ी का प्रसारण आगामी 8 मार्च को होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार 'महिलाओं को बराबरी के अवसर' विषय पर प्रदेशवासियों से बात करेंगे। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों एफएम. रेडियो और क्षेत्रीय न्यूज चैनलों से सुबह 10.30 से 10.55 बजे तक होगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री सिंहदेव का सरगुजा प्रवास आज

रायपुर। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव सरगुजा प्रवास पर जाएंगे। वे दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस द्वारा 7 मार्च को सवेरे 08:20 बजे अंबिकापुर पहुंचेंगे।

महिला दिवस पर 8 मार्च को ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा

रायपुर। प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर 8 मार्च को विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। गांववाले इस विशेष ग्रामसभा में महिला पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, अवसर की समानता, सुरक्षा और उत्तराधिकार विषय पर चर्चा करेंगे। पंचायत संचालनालय द्वारा परिपत्र जारी कर सभी कलेक्टरों और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। पंचायत संचालनालय ने परिपत्र में कहा है कि छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं में 50 प्रतिशत से अधिक महिलाएं निर्वाचित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। यह राज्य में महिला सशक्तिकरण की अनुकरणीय पहल है। संचालनालय ने महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता के लिए विशेष ग्रामसभा में महिला स्वसहायता समूहों, स्वच्छता दूतों, महिला जागृति समितियों, महिला मंडलों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, ए.एन.एम. और कम्युनिटी रिसोर्स परसन्स को शामिल करने कहा है।

रोड एक्सिडेंट में दो की मौत, पुलिस जुटी जांच में

रायपुर। अभनपुर व तिल्दा नेवरा क्षेत्र में सड़क हादसे में दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक व अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पथरी, फिंगेश्वर, गरियाबंद निवासी शंकर प्रसाद पांडेय 55 वर्ष पिता राम प्रसाद पांडेय ने अभनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 5 मार्च गुरुवार को मोटरसाइकिल से आते समय प्रार्थी का बेटा राजेश पांडेय 32 वर्ष को तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक टीएन 29 एवी 7488 के चालक ने ग्राम झांकी के पास अभनपुर में जोरदार टक्कर मार दिया, जिसके चलते युवक की मौत हो गई। इसी तरह तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र के मेन रोड साकरा के पास एक अज्ञात व्यक्ति रोड एक्सिडेंट में गंभीर रूप से घायल हो जाने की सूचना पर पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो जाने पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304ए के तहत मर्ग कायम कर अपराध दर्ज कर लिया गया है।

मोटरसाइकिल चोरी, मामला दर्ज

रायपुर। सिमरन अपार्टमेंट में खड़ी की गई एक्टिवा मोटरसाइकिल को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट राजेंद्र नगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार न्यू राजेंद्र नगर निवासी शंकर थरवानी 41 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 4 मार्च को प्रार्थी ने अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एचएक्स 5396 कीमत 10 हजार रुपये को महावीर नगर न्यू राजेंद्र नगर के सिमरन अपार्टमेंट स्थित डी 108 सांई सिमरन में खड़ी किया था किसी ने एक्टिवा को चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

शादी का प्रलोभन देकर सहकर्मी ने किया दुष्कर्म, गर्भ ठहर जाने पर शादी से किया इंकार

रायपुर। सहकर्मी ने शादी का प्रलोभन देकर करीब एक माह तक शारीरिक संबंध बनाने के बाद गर्भ ठहर जाने पर शादी से इंकार कर दिया। घटना की रिपोर्ट देवेंद्र नगर थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बसना महासमुंद निवासी युवती 19 वर्ष ने देवेंद्र नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थियां सिमरन प्राइड में काम करने के दौरान सहकर्मी देव साहू से जान पहचान होने के दौरान आरोपी ने शादी का प्रलोभन देकर 10 नवंबर 2019 से 17 दिसंबर 2019 के मध्य लगातार शारीरिक संबंध बनाया गर्भ ठहर जाने के बाद आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया।

चना वितरण मुद्दे पर भाजपा का हंगामा, किया वॉकआउट

■ **खाद्य मंत्री ने कहा-चना खरीदी में हमारी सरकार को करोड़ों का लाभ हुआ है**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। विधानसभा में शुक्रवार को प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने प्रदेश में राज्य सरकार की चना वितरण योजना के तहत हितग्राहियों को चना वितरण नहीं किए जाने का मुद्दा जोरशोर से उठाया। इस मुद्दे पर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत द्वारा दिए जवाब से असंतुष्ट भाजपा सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया।

प्रश्नकाल में आज भाजपा सदस्य डा. कृष्णमूर्ति बांधी ने यह मामला उठाते हुए मंत्री से जानना चाहा कि 01 फरवरी 2020 की स्थिति में कितने हितग्राहियों को किस दर पर चना का वितरण किया जा रहा है तथा किन-किन माह में चना का वितरण नहीं हो पाया है। इसके जवाब में खाद्य मंत्री श्री भगत ने बताया कि राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अत्योदय, प्राथमिकता एवं अन्नपूर्णा राशनकार्ड धारियों को अनुसूचित विकासखंडों पर एवं माडा क्षेत्रों में प्रतिमाह 02 किलो चना वितरण किया जा रहा है तथा उक्त अवधि में 2505980 राशनकार्डधारियों को 05 रूपये प्रति किलो की दर से चना वितरण किया गया है। मंत्री ने यह भी स्वीकार

किया कि नीतिगत निर्णय के कारण अप्रैल से जून माह तक चना वितरण बंद रहा। इस पर भाजपा सदस्य डा.बांधी ने पूरक प्रश्न किया कि आखिर चना वितरण बंद करने का कारण क्या है। इसके जवाब में खाद्य मंत्री ने कहा कि चना खरीदी पर सरकार को लाभ होने की जानकारी सदन को दी।

सवाल का उत्तर नहीं आने से नाराज भाजपा सदस्यों ने किया सदन की कार्यवाही का बहिष्कार

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में भाजपा सदस्यों ने पशुओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए गौठान से जुड़े मुद्दे पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे द्वारा सदन में सही उत्तर नहीं आने से नाराज भाजपा सदस्यों ने सदन की कार्यवाही से बहिष्कार किया। प्रश्नकाल में आज जनता कांग्रेस की सदस्य डा. श्रीमती रेणु जोगी ने प्रदेश में पशुधन सुरक्षा हेतु निर्मित गौठान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कृषि मंत्री से सवाल किया पशुओं की सुरक्षा के लिए गौठानों में चरवाहे और शेड की व्यवस्था की गई है या नहीं। इसके जवाब में कृषि मंत्री श्री चौबे ने बताया कि गौठानों में शेड निर्माण में कुल 591.55 लाख रूपये की राशि व्यय की गयी है और संचालित गौठानों के साथ 2632 चरवाहें सम्बद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में स्वीकृत 5084 गौठानों में से 1771 गौठानों का निर्माण पूर्ण हो चुके है। उक्त गौठानों के निर्माण में कुल 17132.65 लाख का व्यय विभिन्न मद में किया गया है।

गौठानों को लेकर बजट में कोई प्रावधान नहीं है : धरमलाल कौशिक

इस मुद्दे पर नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि गौठानों को लेकर बजट में कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने आपत्ति जतायी कि गौठानों के लिए दूसरे मद की राशि खर्च की जा रही है। भाजपा सदस्य नारायण चंदेल ने कहा कि पशुओं के लिए गौठान सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर, शिवरतन शर्मा एवं सौरभ सिंह सहित अन्य भाजपा सदस्यों ने इस मुद्दे पर कृषि मंत्री द्वारा सदन में अलग-अलग जानकारी देने का आरोप लगाते हुए सवाल करने लगे। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत ने प्रश्न को आगे बढ़ाते हुए दूसरे प्रश्नकर्ता सदस्य का नाम उल्लेख करने लगे। भाजपा सदस्यों द्वारा बार-बार आसंदी से संरक्षण देने की बात कहते हुए सदन में मंत्री का सही उत्तर की मांग करते रहे। जब इस मुद्दे पर सदन में मंत्री की ओर से उत्तर नहीं आया तो भाजपा सदस्यों ने सदन की कार्यवाही से बहिष्कार कर सदन से बाहर चले गये।

बेमेतरा जिले में कुपोषण से किसी मौत की सूचना नहीं

रायपुर। महिला एवं बालविकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया ने आज यहां विधानसभा में विधायक आशीष कुमार छाबड़ा के एक अतारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि बेमेतरा जिले में वर्ष 2019 में कुपोषित बच्चों की संख्या 12 हजार 051 और गर्भवती महिलाओं की संख्या 7 हजार 501 है। जिले में वर्ष 2019 में कुपोषण से बच्चों और गर्भवती महिलाओं की मृत्यु होने की कोई सूचना नहीं है। महिला एवं बालविकास मंत्री ने कुपोषण मुक्ति के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से संचालित रेडी टू ईट फूड योजना की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 6 माह से तीन वर्ष तक के कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन के तहत 125 ग्राम प्रति हितग्राही सप्ताह में 6 दिन के लिए 750 ग्राम का पैकेट दिया जाता है वहीं इस आयु समूह के गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए 200 ग्राम प्रति हितग्राही के मान से सप्ताह में 6 दिन के लिए 1200 ग्राम पौष्टिक आहार का पैकेट उपलब्ध कराया जाता है।

प्रदेश के 11 जिलों में महिला शक्ति योजना

रायपुर। महिला एवं बालविकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया ने आज यहां विधानसभा में विधायक रेखचंद जैन के एक अतारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि प्रदेश के 11 जिलों में महिला शक्ति योजना का संचालन किया जा रहा है। ये जिले हैं-कोरबा, महासमुंद, राजनांदगांव, बस्तर, सुकमा, कांकेर, दंतेवाड़ा, कोण्डागांव, नारायणपुर, बीजापुर और रायगढ़। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के लिए एक जून 2018 से स्वीकृत यह योजना वर्तमान वित्तीय वर्ष 2019-20 तक के लिए संचालित है। उन्होंने लिखित उत्तर में बताया कि इस योजना के लिए बस्तर जिले को विगत 2 वित्तीय वर्षों में कुल 2 करोड़ 21 लाख 94 हजार रूपए उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2019-20 में एक करोड़ 25 लाख 42 हजार रूपए और विगत वित्तीय वर्ष 2018-19 में 96 लाख 52 हजार रूपए का आवंटन दिया गया है।

सिकासार जलाशय से 36, 742 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा

रायपुर। जल संसाधन विभाग द्वारा प्रदेश के सिकासार सिंचाई जलाशय से कुल 36 हजार 742 हेक्टेयर खेतों को सिंचाई सुविधा मिल रही है। यह जानकारी आज यहां विधानसभा में कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने विधायक अमितेश शुक्ल के एक अतारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। कृषि मंत्री ने बताया कि गरियाबंद जिले के अंतर्गत सिकासार जलाशय की कुल जल भराव क्षमता 216.50 मिलियन घनमीटर और उपयोगी जल भराव क्षमता 198.88 मिलियन घनमीटर है। उन्होंने लिखित उत्तर में बताया कि गरियाबंद जिले के अंतर्गत पैरी दायीं तट नहर प्रणाली के लिए 364.14 किलोमीटर और धमतरी जिले के अंतर्गत पैरी बांयीं तट नहर प्रणाली के लिए 170.22 किलोमीटर नहरों का निर्माण किया गया है। इस प्रकार जलाशय से सिंचाई के लिए कुल 534.36 किलोमीटर नहर प्रणाली का निर्माण किया गया है।

कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन योजनांतर्गत ट्रेक्टर व बेलर की खरीदी में भ्रष्टाचार का मामला उठा

रायपुर। विधानसभा में आज कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन योजना अंतर्गत ट्रेक्टर एवं कृषि उपकरण बेलर की खरीदी में भ्रष्टाचार का मामला उठा। कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य सत्यनारायण शर्मा ने इस मामले में जांच करा दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की, जिसके बाद कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने इस मामले में जांच कराकर कार्यवाही करने की घोषणा सदन में की। प्रश्नकाल में आज कांग्रेस सदस्य सत्यनारायण शर्मा ने यह मामला उठाते हुए कृषि मंत्री के लिखित जवाब में असंतोष जाहिर किया और कहा कि कृषि विभाग में वर्ष 2018-19 में कृषि यांत्रिकी सबमिशन योजना के अंतर्गत ट्रेक्टर एवं कृषि उपकरण की खरीदी की गई थी, लेकिन कृषि मंत्री ने खरीदी नहीं होना बताया है। कृषि मंत्री श्री चौबे ने स्पष्ट किया कि वित्तीय वर्ष 2018-19 में खरीदी नहीं होने का जिक है। मगर वर्ष 2019 में खरीदी हुई है।

बजट सत्र की कार्यवाही 15 मार्च तक स्थगित

रायपुर। होली पर्व को लेकर छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही 15 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा अध्यक्ष डा. महंत ने शुक्रवार को दोपहर 01 बजकर 20 मिनट पर सदन की कार्यवाही स्थगित करने की घोषणा की। सदन की कार्यवाही अब 16 मार्च को सुबह 11 बजे से पुनः शुरू होगी।

रायपुर में होली होगी इकोफ्रेंडली

रायपुर। रंगोत्सव पर इस होली अधिकांश स्थानों पर गौकाष्ठ से होलिका दहन होगा। रायपुर नगर निगम द्वारा संचालित भाठागांव गौठान से गाय के गोबर की बनी लकड़ियां व कंडे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री समेत कई मंत्रियों के निवास व नगर निगम के सभी जोन में हजारों होलिकाएं इस बार गौकाष्ठ से जलेंगीं। भाटागांव गौकाष्ठ का संचालन कर रही सामाजिक संस्था ष्एक पहलष् के संचालक रितेश अग्रवाल के अनुसार गौकाष्ठ या गाय के गोबर की लकड़ी पर्यावरण की दृष्टि से भी अनुकूल है। संस्था के मो. 84618-83203 नंबर पर संपर्क कर आसानी से गौकाष्ठ प्राप्त कर सकते हैं। रितेश का कहना है कि होलिका दहन के लिए हरे-भरे वृक्षों को क्षति ना पहुंचाएं व गौकाष्ठ का उपयोग कर ईकोफ्रेंडली होलिका दहन करें। गौकाष्ठ,सामान्य लकड़ी की तुलना में ज्यादा तेजी से जलती है और होलिका दहन के पश्चात बची हुई राख बगीचे में बिखेर कर जमीन की उर्वरा शक्ति को भी बढ़ाया जा सकता है जो कि एक प्राकृतिक कीटनाशक का भी काम करती है। शहरवासियों से अपील करते हुए रितेश ने कहा कि शहर के मुख्य आंतरिक मार्गों पर होलिका की स्थापना कर यातायात को बाधित या डामर से बनी सड़कों पर होलिका दहन कर इन्हें नुकसान न पहुंचाएं।

छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में हो रही झमाझम बारिश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। केन्द्रीय मौसम विभाग की चेतावनी के बाद छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में शुक्रवार सुबह से मौसम का मिजाज बदल गया है। कई जिलों झमाझम बारिश होने की खबर प्रकाश में आई है। वहीं राजधानी रायपुर में शुक्रवार दोपहर एक बजे से हल्की बारिश शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, लोरमी, पेण्ड्रा,

मारवाही, सरगुजा, बलौदाबाजार, महासमुंद, भिलाई, दुर्ग, धमतरी तथा बस्तर के कई जिलों में बारिश हो रही है।

केन्द्रीय मौसम विभाग की तरफ से जारी चेतावनी के मुताबिक अगले 24 घंटे से 48 घंटे तक छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में लगातार बारिश होने की चेतावनी जारी की थी। छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों में भी बारिश को लेकर मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया था। जिनमें तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र के मध्य हिस्से के साथ अंडमान निकोबार द्विप समूह शामिल है। मौसम विभाग ने कहा था पूरे छत्तीसगढ़ में तेज हवाओं के साथ बादल छाये रहेंगे।

बीजापुर को कृषि और जलसंसाधन सेक्टर में देशभर के आंकाक्षी जिलों में तीसरा स्थान

रायपुर। छत्तीसगढ़ का आकांक्षी जिला बीजापुर कृषि और जल संसाधन सेक्टर में उल्लेखनीय कार्य के लिए देशभर के आकांक्षी जिलों में शीर्ष में रहते हुए तीसरा स्थान हासिल किया है। नीति आयोग द्वारा जनवरी माह की जारी डेल्टा रैंकिंग में बीजापुर तीसरे स्थान पर है।

भारत सरकार के नीति आयोग ने जनवरी माह में देश भर के आकांक्षी जिलों में कृषि और जलसंसाधन के क्षेत्र में सतत विकास के लिए किए गए कार्यों में छत्तीसढ़ के बीजापुर जिले के कार्यों को बेहतर कार्य माना है। बीजापुर जिला को आयोग द्वारा जारी डेल्टा रेंकिंग में तीसरा स्थान मिला है।

प्लाट खरीदने प्रो-रेटा छूट की अवधि जुलाई 2020 तक बढ़ी

रायपुर। रायपुर विकास प्राधिकरण ने कमल विहार और इन्द्रप्रस्थ रायपुरा में प्लाटों की बिक्री में आई तेजी के कारण प्रो-रेटा आधार पर दी जा रही छूट की अवधि को जुलाई 2020 तक आगे बढ़ा दिया है। प्राधिकरण संचालक मंडल की बैठक में आज यह निर्णय लिया गया।

प्राधिकरण की अध्यक्ष सुश्री संगीता पी. की अध्यक्षता में आज हुई बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी भीम सिंह ने कमल विहार योजना में प्लॉट आवंटन पर एकमुश्त राशि जमा करने पर प्रो-रेटा आधार पर दी जाने वाली 8.75 प्रतिशत की छूट का प्रस्ताव रखा।

इंटेकवेल में पानी का लेवल बढ़ाकर 250 क्यूसेक प्रति दिवस करने जल संसाधन विभाग को पत्र प्रेषित

■ **पचपेडी नाका में गंदे पानी की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई कर पाइप लाइन सुधारकर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति प्रारंभ**

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा नागरिको को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति निरंतर करने हर संभव आवश्यक कदम उठाकर कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम आयुक्त सौरभ कुमार के निर्देश पर अपर आयुक्त लोकेष्वर साहू एवं पुलक भट्टाचार्य द्वारा नागरिको को गर्मी में शुद्ध पेयजल की सतत आपूर्ति प्रशासनिक तौर पर नगर निगम के माध्यम से राजधानी शहर में सुनिश्चित करने निरंतर दैनिक मॉनिटरिंग करके जलविभाग के अधिकारियों सहित जोन के अमले को स्पाट पर आवश्यक निर्देश दिये जा रहे है।

रायपुर नगर निगम की ओर से इंटेकवेल में पानी का लेवल बढाने हेतु 200 क्यूसेक के स्थान पर 250 क्यूसेक प्रति दिवस करने हेतु जलसंसाधन विभाग को पत्र प्रेषित कर सूचित किया गया है।

गोकूल नगर नाला से गंदे पानी की रोकथाम हेतु गोकूलनगर के पास स्टाप डेम की मरम्मत करवायी जा रही है एवं नाले में चूना और ब्लीचिंग पाउडर का छिडकाव लगातार किया जा रहा है। सरिता एवं सागर इंटेकवेल में प्रत्येक 2 घंटे में ब्लीचिंग पाउडर एवं सोडियम हाईपोक्लोराईट का घोल डाला जा रहा है। फिल्टर प्लांट में ब्रिज की सफाई की जा रही है। 80 एवं 150 एमएलडी फिल्टर प्लांट के 24 फिल्टर बैड में 6 बैड का पहले एवं इस वर्ष 6 बैड का मीडिया बदला गया है। आगामी 2 माह के भीतर 8 बैड बदला जावेगा।

अपर आयुक्त भट्टाचार्य ने बताया कि नगर निगम जलविभाग द्वारा ओव्हरहेड टंकियों की नियमित सफाई शेड्यूल अनुसार की जाती है। पिछले 45 दिनों में 11 टंकियों की सफाई की जा चुकी है। प्रभावित क्षेत्र के ओव्हर हेड टंकियों में अतिरिक्त सावधानी बरतते हुए पोस्ट क्लोरीनेशन के तहत सोडियम हाईपोक्लोराईट डाला जा रहा है। फिल्टर प्लांट के लैब की टीम एवं जोनो की टीमो द्वारा पानी की लगातार जांच कर सुझाव दिये जा रहे है।

पेट्रोल डालकर युवक की हत्या करने की कोशिश, मामला दर्ज

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। शहर में छोटी-छोटी बातों पर आए दिन विवाद होता रहता है। छोटा विवाद कभी कभी बड़ी घटना के रूप में भी तब्दील हो जाता है। खमतराई थाने से मिली जानकारी के अनुसार मामूली विवाद पर युवक के ऊपर धोखे से हत्या की नियत से पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा देने के चलते वह बुरी तरह झुलस गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टील कंपनी रावाभांठा में कार्यरत पूनाराम आयु 42 वर्ष पिता छोटकूराम यादव पर वहीं के आरोपी राहुल चौहान ने साधारण बात पर प्रार्थी को दलबदलू कहकर गाली गलौजकर हत्या की नियत से उसके ऊपर बर्तन धोते समय पीछे से आकर पेट्रोल डालकर आग लगा दिया जिसके चलते प्रार्थी बुरी तरह से झुलस जाने पर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। उक्त मामले में थाने ने आरोपी के खिलाफ 294, 307 के तहत अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है।

गृह मंत्री साहू को कर्मा जयंती और आदर्श विवाह समारोह में शामिल होने का निमंत्रण

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। तहसील साहू संघ बेरला के पदाधिकारियों ने गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को भक्त माता कर्मा जयंती और आदर्श विवाह समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया है। पदाधिकारियों ने विधानसभा परिसर में गृह मंत्री से मुलाकात किए और उन्हें आगामी 26 एवं 27 मार्च को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए आग्रह किया। श्री साहू ने 27 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति दी है। इस अवसर पर तहसील साहू संघ के अध्यक्ष श्री सूर्यकांत साहू, जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष श्री गजानंद साहू, न्याय प्रकोष्ठ के सहसंयोजक श्री बोधन लाल साहू, किसान प्रकोष्ठ के संयोजक श्री यशवंत साहू सहित विभिन्न परिक्षेत्रों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

संपादकीय

दंगों की भरपाई आखिर कब

देश की राजधानी नई दिल्ली में तीन दिनों तक हुए दंगों की वजह से जो हजारों करोड़ रूपए की क्षती हुई है उसकी भरपाई दंगाईयों से आखिर कब होगी? नई दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के मॉडल को अपनाकर दिल्ली के दंगाईयों से पाई पाई का हिसाब लेने के लिए ब्लू प्रिंट तैयार शुरू कर दिया है। लेकिन दंगाईयों से नुकसान की भरपाई करना आसान नहीं है। नई दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि जब तक दंगाईयों की पहचान नहीं हो जाएगी और अदालत उन्हे दोषी करार नहीं देगी तब तक उनसे क्षतिपूर्ति कैसे कराई जा सकती है। गौरतलब है कि दिल्ली में हुए दंगों को लेकर पुलिस ने कुल 654 एफआईआर दर्ज किए है और दंगा फैलाने के आरोप में 1820 लोगों को हिरासत में लिया गया है। 47 लोगों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत तथा 21 लागों को साईबर क्राईम के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है। जिनके खिलाफ जांच जारी है। दिल्ली दंगों में सैकड़ो घर, सौकड़ो दुकनें और सैकड़ों गाड़िया जलाई गई थी। स्कूल गोदाम और फैक्ट्री में भी आगजनी की गई थी। इन दंगों में जानमाल की भारी क्षती पहुंची है। अब इस क्षति की पूर्ति के लिए दंगाईयों पर शिकंजा कसना चुनौतीपूर्ण कार्य है, इसकी वजह सरकार में इच्छा शक्ती की कमी है। उत्तर प्रदेश में तो योगी सरकार ने तत्काल कार्यवाही की और दंगाईयों की पहचान कर उन्हे वसूली का नोटिस जारी किया, दंगाईयों की फोटो सार्वजनिक की गई और क्षतिपूर्ति न करने वाले दंगाईयों के खिलाफ कुर्की का आदेश जारी किया गया। योगी सरकार की इस सख्ती के कारण ही नई दिल्ली में दंगा भड़कने के बाद भी यूपी में कोई दंगा नहीं हुआ। किन्तु नई दिल्ली में अभी तक दंगाईयों से क्षतिपूर्ति के मामले को लेकर पेच फंसा हुआ है। ऐसी स्थिति में यह आवश्यक हो गया है कि केन्द्र सरकार दंगाईयों से क्षतिपूर्ति वसूलने के लिए इसी सत्र में नया विधेयक पेश करें। वैसे तो हिंसात्मक प्रदर्शन के लिए 1984 में हिंसानिरोधक कानून बनाया गया है जिसके तहत 6 माह से 5 वर्ष तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान किया गया है। किन्तु यह कानून भी प्रभावी सिद्ध नहीं हो रहा है। देश के विभिन्न राज्यों की अदालतों में हजारों की संख्या में ऐसे प्रकरण अभी भी विचराधीन है। हाल के कुछ वर्षो में जिस तरह बात-बात पर हिंसक प्रदर्शन होने लगे है और हिंसक भीड़ सरकारी और नीजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने लगी है उसे देखते हुए अब दंगाईयों को कड़ी से कड़ी सजा देने और उनसे क्षतिपूति कराने के लिए एक और नया कड़ा कानून बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है।

विचार

कोरोना: चीन से सबक लें

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

कोरोना वायरस का मुकाबला करने में भारत का स्वास्थ्य मंत्रालय और दिल्ली सरकार ने जो मुस्तैदी दिखाई है, वह काबिले-तारीफ है। हजारों लोगों की जांच हवाई अड्डों और अन्य स्थानों पर हो रही है। यदि चीन से निकली यह बीमारी अमेरिका-जैसे हजारों मील दूर स्थित देश तक फैल सकती है तो चीन तो हमारा एक दम पड़ौसी देश है। यदि केंद्रीय स्वाथ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तत्काल मुस्तैदी नहीं दिखाई होती तो अब तक चीन की तरह हजारों लोग भारत में भी काल के गाल में समा जाते। सरकार द्वारा टीवी चैनलों और अखबारों के जरिए जो चेतावनियां जारी की जा रही हैं, उन पर लोग बराबर ध्यान दे रहे हैं और फिर गर्मियों का मौसम शुरु हो रहा है, इसीलिए देश के लोगों को बदहवास होने की जरुरत नहीं है। यों तो राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने इस बार होली के उत्सव से बचने की घोषणा की है और कई अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन भी स्थगित किए जा रहे हैं। लेकिन हमें यह सोचना चाहिए कि 70-80 देशों में फैला यह वायरस चीन में ही क्यों उत्पन्न हुआ ? यदि इसका ठीक-ठीक पता चल सके तो भारत और दुनिया के अन्य देश भी इससे बच सकेंगे। अभी कुछ सामरिक विशेषज्ञों का यह मत प्रकट हुआ है कि चीन के वैज्ञानिकों ने इस वायरस को खुद पैदा किया है ताकि चीन के दुश्मन राष्ट्रों के विरुद्ध एक हथियार के रुप में इसका प्रयोग कर सकें। कुछ दिन पहले इसके दूसरे कारण के तौर पर चीनियों की मांसाहारी प्रवृत्ति को बताया गया था। वे किसी भी पशु या पक्षी के मांस से परहेज नहीं करते। चमगादड़ का मांस कोरोना का खास कारण माना गया है। इसका तीसरा कारण चीन के औद्योगीकरण में साफ-सफाई के प्रति लापरवाही को भी माना गया है। कारण जो भी हो, इस बीमारी के कारण चीनी अर्थ-व्यवस्था पैंदे में बैठ गई है। उसका असर संपूर्ण विश्व-अर्थव्यवस्था पर भी हो रहा है। चीन के साथ भारत का व्यापार सबसे ज्यादा है। वह ठप्प होने के कगार पर है। भारत चीन का पड़ौसी है और कई दृष्टियों से चीन-जैसा ही है। यह बिल्कुल सही मौका है, जबकि भारत को चीन से सबक लेना चाहिए।

टेक ज्ञान- वाट्सएप पर मिल रहे कमाल फीचर्स

नई दिल्ली। मेसेजिंग प्लैटफॉर्म वॉट्सऐप पर मिलने वाले लेटेस्ट अपडेट में कई फीचर्स यूजर्स को दिए गए हैं, तो वहीं कुछ को अभी बीटा वर्जन में टेस्ट किया जा रहा है। फेसबुक की ओनरशिप वाले इस ऐप पर यूजर्स की जरूरत के हिसाब से नए फीचर्स ऐड किए गए हैं और लेटेस्ट अपडेट कई कमाल फीचर्स सभी यूजर्स के लिए लेकर आ सकता है।

क्या ट्रंप राष्ट्रपति के रूप में फिर भारत आ पाएंगे!

कुमार रमेश

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का महाभियोग से बच निकलने के तुरंत बाद अपनी पहली विदेश यात्रा में सपरिवार भारत आने के पीछे सबसे बड़ा उद्देश्य अमेरिकी चुनावों की नजदीकी है जिसमें सिर्फ कुछ ही महीनों में उनके प्राथमिक उम्मीदवार बनने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। जैसा कि अमेरिकी राष्ट्रपति और उनके पूरे परिवार ने भारत में आकर अपनी यादों को संजोया है निश्चित रूप से वह ऐतिहासिक है क्योंकि इससे पहले वे किसी भी दौरे में सपरिवार नहीं गए थे, और वापस जाने के बाद भी ट्रंप ने एरिजोना के अपने भाषण में भारत और मोदी की तारीफ़ करते हुए लोगों को कहा कि मैं अब दोबारा वह उत्साह कभी नहीं देख पाऊंगा जैसा कि भारत में मैंने देखा है वहां पर सवा लाख की जनसंख्या उपस्थित थी। इसके अलावा उनकी बेटी इवांका ट्रंप के कई मीम्स भी भारतीय सोशल मीडिया में छाए रहे जिसका जवाब देकर उन्होंने भारतीयों के दिल में अटूट जगह बनाई। उन्होंने भी कहा कि मैंने भारत जाकर बहुत से दोस्त बनाए हैं।

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत दौरा ख़त्म हो चुका है और इस बात में कोई दो मत नहीं है कि ट्रंप की अधिकारिक भारत यात्रा बहुत ही सफल रही, हालांकि यह पहले से ही तय था कि जब भी ट्रंप भारत आएंगे उनके लिए हुस्टन में हुए हाउडी मोदी से बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इससे उन्हें ना सिर्फ अनेकों भारतीय-अमेरिकियों का वोट मिलेगा बल्कि उन्होंने भारत के साथ 3 बिलियन डॉलर के भारी-भरकम रक्षा समझौते भी कर लिए। इस दौरे पर दोनों देशों में कोई ट्रेड डील तो नहीं हुई, लेकिन वे किसी छोटे डील की जगह एक बहुत ही बड़े कंप्रिहेंसिव व्यापार समझौते की नींव रखकर गए हैं, जिसकी इस साल के अंत तक हो जाने की उम्मीद है।

इस यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच निजी बातचीत की भी तमाम व्याख्याएं की गईं, लेकिन सबसे बड़ी बात तो यही है कि डोनाल्ड ट्रंप भारत आए। उन्हें लंबी दूरी की फ्लाइट्स पसंद नहीं है और वो बाहर जाना भी पसंद नहीं करते, फिर भी उन्होंने सपरिवार भारत दौरा किया। जबकि ये उनका चुनावी साल है और उनके पास समय कम है। बिल क्लिंटन, जॉर्ज बुश एवं बराक ओबामा के बाद डोनाल्ड ट्रंप लगातार चौथे अमेरिकी राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने भारत का दौरा किया है। अब तो ये परंपरा सी बन गई है। हालांकि इस दौरे में एक लिमिटेड ट्रेड डील की बातें भी कही जा रही थी, लेकिन वह भी नहीं हो पाया क्योंकि दोनों ही तरफ़ अभी भरोसा थोड़ा कम है और मुद्दे ज़्यादा। चूंकि दोनों ही नेता अपने देश के लिए संरक्षणवादी नीति अपना रहे हैं इसलिए इस समझौते को चुनाव तक के लिए टाल दिया गया। अमेरिका जानता है कि कई मामलों में भारत को भी छूट देनी पड़ेगी जो शायद अमेरिकियों को पसंद ना आए, इसलिए ट्रंप भारत से 25 बिलियन डॉलर के व्यापार घाटे को कम करने के लिए यह समझौता करना चाहते हैं। चूंकि अमेरिकी व्यापार घाटे के मामले में भारत का स्थान नौवां है जबकि पहले स्थान पर 400 बिलियन के साथ चीन, 100 बिलियन के मैक्सिको दूसरे, 65 बिलियन के साथ जापान तीसरे, 62 बिलियन के साथ जर्मनी चौथे, 55 बिलियन के साथ वियतनाम पांचवे स्थान पर है, इन सब देशों से ट्रेड डेफिसिट के मुकाबले हमारा स्थान बहुत नीचे है फिर भी चीन से व्यापार युद्ध छेड़ने और पहले चरण का व्यापार समझौता करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने सबसे ज़्यादा दबाव नौवें स्थान वाले भारत पर बनाया। भारत इसलिए, क्योंकि हम ना सिर्फ दुनियां की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, ना सिर्फ दुनियां के दूसरे सबसे बड़ा हथियार आयातक देश हैं बल्कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार भी है, और इस दबाव की आड़ में अमेरिकी राष्ट्रपति इस देश में अपने डेयरी और कृषि उत्पादों के लिए उपभोक्ताओं का बाज़ार प्राप्त करना चाहते हैं ताकि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अपने कृषि-उत्पादों की क़ीमत बनाए रखने और उसे बेचने के लिए भारत जैसा उपभोक्ता मिल सके, इसलिए अमरीका भारत के बाज़ार मे प्रवेश के लिए हर तरह की रणनीति का इस्तेमाल करने में तनिक भी नहीं हिचकिचाता है। लेकिन एक धार्मिक

शाकाहारी पहचान और कृषिप्रधान देश होने के साथ ही भारत की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या कृषि से जुड़े हुए क्षेत्रों से अपना रोज़गार चलाती है इसलिए किसी भी प्रकार का कृषि-आयात भारत के लिए बहुत ही संवेदनशील होगा, दूसरा यह कि अमेरिकी गायों से ज़्यादा प्रोटीन प्राप्त करने के लिए उन्हें चारे में मांस दिया जाता है ऐसे में कई दशकों तक भारतीय सरकार ने अपने धार्मिक रीति-रिवाजों के आड़ में किसी भी प्रकार के अमेरिकी डेयरी उत्पादों को यहां बेचने पर रोक लगा रखी है लेकिन फिलहाल के दबाव में यह रोक लड़खड़ाते हुए दिख रही है।

अगर यह रोक हटी तो इससे अमेरिका को तो बड़ा बाजार मिल जाएगा लेकिन दूध कि कीमत 45 से घटकर लगभग 25 पर आ जाएगी, इससे भारतीय दुग्ध उत्पादकों के भविष्य पर संकट हो जाएगा क्योंकि इन कृषि और डेयरी उत्पादों के भारत में आने से भारतीय उत्पादक इनकी कीमत एवं गुणवत्ता से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे। हालांकि अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी यात्रा से पूर्व भारत पर टैरिफ़ किंग होने का इल्ज़ाम कई बार लगा चुके हैं, लेकिन भारतीय प्रधानमंत्री ने कृषि आयात पर देश की संवेदनशीलता और राजनैतिक सूझबूझ का परिचय देते हुए किसी भी प्रकार का व्यापार समझौता नहीं किया। भारत को अमरीका के साथ किसी भी व्यापार समझौते से पहले अपनी कृषि, लघु और मध्यम उद्योग क्षेत्र के हितों और संवेदनशीलता का ध्यान रखना होगा। फिलहाल ट्रंप की यात्रा के दौरान व्यापार समझौते को सिर्फ रक्षा, उड्डयन और प्रौद्योगिकी तक ही सीमित रखा गया लेकिन अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के इस दौरे से दोनों देशों के संबंध प्रगाढ़ हुए हैं और भविष्य में दोनों देशों के व्यापार समझौतों को और बल मिलने की प्रबल संभावना है। भारत चाहता है कि उसे फिर से जनरल सिस्टम ऑफ प्रिफरेंस का दर्जा दिया जाए जिससे 5.7 बिलियन की वस्तुओं का निर्यात बिना किसी रूकावट के संभव हो सके इसके अलावा भारत स्टील पर लगाए गए 25 प्रतिशत टेरिफ को भी कम कराना चाहता है ताकि भारतीय स्टील इंडस्ट्री पर कोई संकट ना आए, क्योंकि चीन के 938 मिलियन टन के बाद भारत 107 मिलियन टन के साथ दुनियां का दूसरा सबसे बड़ा स्टील उत्पादक देश है।

हालांकि दोनों ही नेताओं के अपने वोटबैंट हैं, जिन्हें वो संतुष्ट करना चाहते हैं। लेकिन भारत इस डील को अपनी ओर झुकाने की इसलिए कोशिश करेगा, क्योंकि अमेरिकी व्यापार घाटे को भारत उससे तेल एवं गैस खरीदकर पाट रहा है, स्थिति ये है कि अब अमेरिका दुनियां का सबसे बड़ा तेल विक्रेता बन गया है जो एक दशक पहले तक सबसे बड़ा खरीददार हुआ करता था। पिछले साल भारत ने अमरीका से लगभग 7 बिलियन का तेल और गैस ख़रीदा, जबकि इस साल ये व्यापार 9 बिलियन होने की उम्मीद है। यह खरीददारी रक्षा सौदों से अलग है, फिलहाल हम इस रक्षा सौदे से नौसेना के लिए 24 एंटी सबमरीन एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर और थल सेना के लिए 06 एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टर खरीद रहे हैं। इसके अलावा अमेरिका, रूस से एस-400 एंटी बैलेस्टिक मिसाइल सिस्टम खरीदने की आड़ में दबाव डालकर भारत को अपना नासम्स-2 एयर डिफेंस सिस्टम बेचना चाहता है, जो फिलहाल तो प्रक्रिया में है, लेकिन शायद जल्दी ही इसे 2+2 मीटिंग में फाइनल कर दिया जाएगा। इससे दोनों के बीच व्यापार घाटा कम हुआ है, यकीनन इस बात से राष्ट्रपति ट्रंप को खुशी होगी। लेकिन इसके अलावा ट्रंप अफगानिस्तान में भारत द्वारा सहयोग बढ़ाने और पेटेंट नियमों में सख्त कानून लाने की भी मांग कर रहे हैं।

कोरोना से होगा भारत का बड़ा आर्थिक नुकसान

बेरोजगारी की समस्या और विकट होगी

ज्ञान पाठक

वैश्विक व्यापार धीमा हो गया, और कई उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में भी यह प्रवृति दिखाई दे रही थी। ऐसा ही भारत का भाग्य था जिसने पिछले छह वर्षों में सबसे धीमी वृद्धि दर देखी है। भारत में 2019 के अंत में औद्योगिक उत्पादन में कमी जारी रही, और उपभोक्ता खर्च में वृद्धि ने गति खो दी। 2019 की चैथी तिमाही में मर्चेंडाइज ट्रेड वॉल्यूम भी सिकुड़ा और 2019 में इसमें गिरावट आई। कंटेनर ट्रैफिक और एयर फ्रेट ट्रैफिक भी कोरोनोवायरस प्रकोप के कारण कमजोर थे, और निकट भविष्य में और तेज गिरावट की संभावना है। निवेश के आंकड़े भी नरम हैं, भविष्य में उच्च अनिश्चितता और कमजोर अपेक्षित भविष्य के विकास को जारी रहना है।

कोरोनावायरस का चीन में प्रकोप हुआ और अन्य 48 देशों में इसके फैलने से काफी मानवीय पीड़ा और आर्थिक व्यवधान हुआ। इसका असर दुनिया भर में महसूस किया जा रहा है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होगा। यह नुकसान चीन से भी ज्यादा हो सकता है। हालांकि, प्रकोप से ठीक पहले नवंबर में अंतिम मूल्यांकन के समय विश्व जीडीपी के दृष्टिकोण में 0.5 प्रतिशत की गिरावट आई है, लेकिन ओईसीडी की अंतरिम रिपोर्ट 'कोरोनावायरसरू द वर्ल्ड इकोनॉमी एट रिस्क' ने भारत के लिए 1.1 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया है, यहां तक कि चीन के 0.8 फीसदी से भी बदतर। भारत में बेरोजगारी में तीव्र वृद्धि इसका प्रतिबिंब है जो 3 मार्च, 2020 के सीएमआईई के आकलन के अनुसार 8 प्रतिशत तक पहुँच गइग् है, जो पिछले साल जनवरी के 6.1 प्रतिशत से अधिक है। गहराते आर्थिक संकट के साथ, बेरोजगारी में और वृद्धि अपरिहार्य है। ग्रामीण क्षेत्रों को शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक नुकसान उठाना पड सकता है।

चीन वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के मामले में दुनिया के कमोडिटी बाजारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यही कारण है कि कोरोनोवायरस प्रकोप के कारण चीन में उत्पादन में संकुचन, और इसके बाद 48 अन्य देशों में फैलने से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। लंबे समय तक चलने वाला और अधिक गहन कोरोनोवायरस पूरे एशिया- प्रशांत क्षेत्र, यूरोप और उत्तरी अमेरिका में व्यापक रूप से फैलने से संभावनाएं काफी कमजोर हो जाएंगी। इस घटना में, वैश्विक विकास 2020 में 1.5 प्रतिशत तक गिर सकता है, वायरस के प्रकोप से पहले की अनुमानित दर से आधी है। दिए गए परिदृश्य में, रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारों को कोरोनोवायरस और इसके आर्थिक प्रभाव को दूर करने के लिए तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है। सरकारों को संक्रमण और छूत को रोकने के लिए प्रभावी और अच्छी तरह से पुनर्जीवित सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों को सुनिश्चित करने और स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों और श्रमिकों का समर्थन करने के लिए

अच्छी तरह से लक्षित नीतियों को लागू करने की जरूरत है। वायरस के प्रकोप के दौरान कमजोर सामाजिक समूहों की रक्षा करने की आवश्यकता है। सहायक मैक्रोइकॉनॉमिक नीतियां आत्मविश्वास को बहाल करने में मदद कर सकती हैं और मांग की वृद्धि में मदद कर सकती है। यदि नकारात्मक जोखिम कम हो जाते हैं, और विकास एक विस्तारित अवधि के लिए बहुत कमजोर हो जाता है, तो प्रभावी स्वास्थ्य नीतियों, नियंत्रण और शमन उपायों को सुनिश्चित करने के लिए समन्वित बहुपक्षीय क्रियाएं, कम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं का समर्थन, और संयुक्त रूप से राजकोषीय खर्च को उठाना सबसे प्रभावी होगा। विश्वास बहाल करने और आय का समर्थन करने के साधन उपलब्ध कराने होंगे।

कोरिया और इटली सहित अन्य देशों में इसके बाद के प्रकोपों ने भी छोटे पैमाने पर सीमा बंद करने जैसे रोकथाम के उपायों को प्रेरित किया है। अन्य देशों के लिए इन घटनाओं के दुष्परिणाम महत्वपूर्ण हैं, जिनमें वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में सीधा व्यवधान, आयातित वस्तुओं और सेवाओं की कमजोर मांग और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन और व्यापार यात्रा में व्यापक क्षेत्रीय गिरावट शामिल हैं। वित्तीय बाजारों में जोखिम का फैलाव बढ़ गया है, अमेरिका की 10 साल की ब्याज दर घटकर रिकॉर्ड स्तर पर आ गई है और इक्विटी की कीमतों में तेजी से गिरावट आई है, कमोडिटी की कीमतें गिर गई हैं, और व्यापार और उपभोक्ता आत्मविश्वास में गिरावट आई है। चीन वैश्विक उत्पादन, व्यापार, पर्यटन और कमोडिटी बाजारों में कहीं अधिक भूमिका निभाता है। यह चीन में एक प्रतिकूल सदमे से अन्य देशों के लिए आर्थिक फैलाव को बढ़ाता है। भले ही अगले कुछ महीनों में उत्पादन और मांग में धीरे-धीरे सुधार के साथ, प्रकोप का चरम अल्पकालिक साबित हो, लेकिन यह 2020 में वैश्विक विकास पर पर्याप्त खिंचाव लाएगा। प्रारंभिक अनुमान बताते हैं कि वैश्विक जीडीपी की वृद्धि 2019 की चैथी तिमाही में धीमी हो गई, सिर्फ 2.5 प्रतिशत से अधिक, कई देशों में गतिविधि को प्रभावित करने वाली सामाजिक अशांति और प्राकृतिक आपदाओं के कारण यह सुस्ती आई। वैश्विक व्यापार धीमा हो गया, और कई उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में भी यह प्रवृति दिखाई दे रही थी। ऐसा ही भारत का भाग्य था जिसने पिछले छह वर्षों में सबसे धीमी वृद्धि दर देखी है। भारत में 2019 के अंत में औद्योगिक उत्पादन में कमी जारी रही, और उपभोक्ता खर्च में वृद्धि ने गति खो दी। 2019 की चैथी तिमाही में मर्चेंडाइज ट्रेड वॉल्यूम भी सिकुड़ा और 2019 में इसमें गिरावट आई। - **(संवाद)**

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बिज्ञान कहता है कि

बिज्ञान कहता है कि शंख की आवाज़ जहा तक सुनाई देती है जीवाणु मर जाते है घर को गाय के गोबर से लीपने से बैक्टीरिया मर मर जाती है यज्ञ के धुवे से पर्यावरण ठीक रहता है सनातन बिज्ञान ने इसे धर्म या भगवान से इसलिए जोड़ा ताकि डर से लोग करे जबसे हमने इसे अंधविश्वाश समझा तबसे मरने लगे है!

- ओम प्रकाश जायसवाल

तू इतना क्यों शोर

ऐ समंदर ! तू इतना क्यों शोर मचाता है ? क्या तुम साहिल से मिलने का स्वांग रचाता है ? या फिर अपने विशाल होने का प्रमाण बताता है ? माना कि तुझमें गहराई बहुत है पर तेरी गहराई भी तो मानव के हाथों नप जाता है, नाप सके तो नाप ले मानव के मन को जिसकी गहराई कोई नाप नहीं पाता है। **-पूनम झा**

खास पाती | हर कहानी क्यों रुलाती है

ज़िंदगी की हर कहानी क्यों रुलाती है हमें? मर गई इंसानियत किस्से सुनाती है हमें। मुफ़लिसी में क्या मिला इंसान बेघर हो गया भूख की भट्टी जली ज़ालिम बनाती है हमें। आदमी ही आदमी को चूसता है हर जगह भान कुर्सी का यहाँ सत्ता दिलाती है हमें। जिस्म की होली जलाकर लोग खुशियाँ बाँटते बेबसी इन हादसों में आजमाती है हमें। आज उपवन में खिली क्यारी यहाँ मुरझा गई धूप महलों की नसीबी ये जताती है हमें। बाँट डाला ईश को मंदिर बना मसजिद बना किस कदर हालात बदले ये बताती है हमें। हर तरफ़ रजनी यहाँ ज़ुल्मोसितम छाए हुए पल रही नफ़रत दिलों में वो जलाती है हमें। **- डॉ. रजनी अग्रवाल**

यादों की सड़क पे, बिखरे हुए कदम

यादों की सड़क पे, बिखरे हुए कदम, पूछते है अब मुझसे, कहाँ वो हमदम, सर्दियों की धूप में, सुलगे रंज-ओ-ग़म, गुज़रे सब लम्हे, दिल में हुए फ़राहम, शाम की दस्तक पे लौटते तन्हा परिंदे, हर जानिब सहमे से बेबसी के आलम, अंधेरों के जश्न से, मैं ही तो ख़फा नहीं, जल रहा है इक जुगनू भी हुआ बरहम, चिरागों की लौ से, जिस्म भी झुलस गया, आज शाम से ही, अहवाल हुआ दरहम, वक़्त की गर्दिश से, टिमटिमाती रुस्वाई, रात भर टूटते तारे देखते रहे चश्मे-नम, 'दक्ष' थके रास्ते हैं ये, कहीं ठहर भी लो, लिए फिरते हो दिल पे जो नक़्शे-क़दम। **- विकास शर्मा 'दक्ष'**

काम दहन हो जाये फिर से

काम दहन हो जाये फिर से शिव जी अब की होली में रति नृत्य की टूटे श्रृंखला सात्विकता आये बोली में बच्चा-बच्चा डूब गया है नशा-चिलम की गोली में नैतिकता देखो जल रही झूठे-पाखण्डों की टोली में। **- सुशील भोले**

क्यों रहा रजनी से प्रश्न बारम्बार

क्यों रहा रजनी से प्रश्न बारम्बार.. सहचरी तुम स्वप्नों की खड़ी नयनों के द्वार।। मेघ विद्युत अलंकारित विभ्रम मायाजाल.. पंकित हृदय तेरा नही मुकुल कलित सुवास।। धर कर के उर मे हिमकर तुषारापात अवनि पर.. दहक रही अन्तर ज्वाला ज्यों घृत पड़े अग्नि पर।। निशा बिम्ब शनैः शनैः मुखरित मुकुल खिलाय.. कालरात्रि कनक किरण ज्यों ज्यों बढती जाए।। जलधि तरंगिणी निहार चितवन शशि मुख दर्पण पाए.. नतमस्तक मेघ वेग वायु जल भी क्षितिज उत्सव मनाऐ। **- नम्रता सरन सोना**

सत्य को कहने के लिए किसी

सत्य को कहने के लिए किसी, शपथ की जरूरत नहीं होती। नदियों को बहने के लिए किसी, पथ की जरूरत नहीं होती। जो बढ़ते हैं जमाने में, अपने मजबूत इरादों के बल, उन्हें अपनी मंजिल पाने के लिए किसी रथ की जरूरत नहीं होती। **- डॉ दुलारी चंद्राकर**

सांसों में एहसासों का

सांसों में एहसासों का , आना-जान मेरा इश्क , ऋषी-मुनियों के भावों सा सूफ़ियाना मेरा इश्क । न छूँने का न पाने का, बंदगी सा मेरा इश्क, इबादत की पाक वज़ू सा, सूफ़ियाना मेरा इश्क।**- शिखा लाहीरी**

झरने की झर-झर हवा की सर-सर

झरने की झर-झर हवा की सर-सर नदियों की कल-कल में तुम! पक्षियों के गान कोयल की मीठी तान चांद की मुस्कान में तुम! सावन की फुहार मधुमास की बहार हर दिल उदार में तुम! तुम हो तो सुंदर है ये संसार तुझसे ही जुड़ा है मेरे दिल का तार! **- राजकुमार धर द्विवेदी**

QUIZ TIME

1) इन तीनों राज्यों में क्या संबंध है- उत्तरप्रदेश , ओक्लाहोमा, कंसास?

2) हाल ही में खबर में क्यों है सियालदह रेलवे स्टेशन ?

3) कौन सा तीन कंपनियों ने भारत में केवल लोकोमोटिव और यात्री वाहनों का उत्पाद किया है?

4) माइकल जैक्सन के किस वीडियो एलबम में महात्मा गांधी और मदर टेरेसा की तस्वीरें दिखाई देती है? (मून वॉक / मैन इन द मिरर)

5) भारतीय हथियार का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सभी में आगरा नामक स्थान है (2) स्टेशन का नाम अब [illegible] श्यामा प्रसाद मुखर्जी रखा गया (3) टेल्को / टाटा मोटर्स, फोर्स (4) मैन इन द मिरर (5) स्पाइस-2000

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1876 - अलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने टेलिफोन का पेटेंट हासिल किया। 1906 - फिनलैंड में महिलाओं को वोट डालने का अधिकार मिला। 1911 - हिंदी के उल्लेखनीय लेखक और साहित्यकार हीरानंद सच्चिदानंद वात्स्यायन का जन्म। 1925 - मंगोलिया पर सोवियत रेड आर्मी ने बाहरी कब्जा किया। 1949 - भारतीय राजनीतिज्ञ गुलाम नबी आज़ाद का जन्म हुआ। 1952 - वेस्ट इंडीज के धाकड़ बल्लेबाज विवियन रिचर्डस का एंटीगुआ में जन्म हुआ। 1955 - भारतीय अभिनेता अनुपम खेर का जन्म हुआ। 1961 - स्वतंत्रता सेनानी गोविंद वल्लभ पंत का निधन। 1969 - इजरायल ने गोल्डा मीर को देश की पहली महिला प्रधानमंत्री चुना। लेवी एशकोल की निधन के बाद उन्हें प्रधानमंत्री बनाया गया।

हड़ताल पर जाने के मूड में है कर्मचारी

जिला पंजीयक कार्यालय के कर्मचारियों के रवैय्ये से रजिस्ट्री में लग जाते हैं घंटों

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रदेश के पंजीयक कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी वेतन वृद्धि, पदोन्नति एवं अन्य मांगे पूर्ण नहीं होने से सरकार के कार्यशैली से नाराज है। फ्लस्वरुप दुर्ग जिला पंजीयक कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को अपने हाथों में काला पट्टी बांधकर राज्य सरकार के हठधर्मिता के खिलाफ सांकेतिक रुप से विरोध दर्ज करवाया गया। दो दिन पहले इन कर्मचारियों ने रायपुर में आयोजित धरना प्रदर्शन में हिस्सा लेकर अपनी मांगे पूर्ण करने पर भी आवाजें बुलंद की थी। इस दौरान पंजीयक विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा राज्य सरकार को अल्टीमेट भी दिया गया है कि 10 दिन के भीतर उनकी मांगों पर कार्यवाही नहीं की गई तो सारे अधिकारी व कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इधर वर्ष का मार्च माह क्लोजिंग माह होने की वजह से रजिस्ट्री के लिए लोग बड़ी संख्या में जिला कार्यालय दुर्ग पहुंच रहे है, लेकिन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के ढीले.ढाले रवैय्या से विभागीय कार्य काफी प्रभावित हो रहा है। जिससे लोगों को घंटों अपने समय आने के इंतजार में असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। भूमि का रजिस्ट्री करवाने आए एक परिवार ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि जिला पंजीयक कार्यालय की भर्राशाही किसी से छिपाए नहीं छिपी है। यहां प्रत्येक कार्य के लिए चढ़ावा जरुरी होता है। ऐसे में यहां के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा वेतनवृद्धि की मांग को लेकर सांकेतिक विरोध न्यायसंगत नहीं है। अधिकारी व कर्मचारी अपना कार्य ईमानदारी से करेगें तो जनता के कार्य जल्द निपटेंगे और उन्हे भीड़भाड़ से राहत भी मिलेगी।

श्री शंकराचार्य कॉलेज में कोरोना वायरस पर जागरूकता कार्यक्रम

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी के आईक्यूएसी प्रकोष्ट के द्वारा विश्व में फैली कोरोना वायरस पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सभागार में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रेरणा षिक्षक संघ के द्वारा सर्जिकल पुनःउपयोग वाला मास्क निःषुल्क प्रदाय किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों के द्वारा यह संकल्प लिया गया कि वार्षिक परीक्षा के दौरान छात्र-छात्राओं को कोरोना वायरस के बचाव हेतु जागरूक किया जायेगा। महाविद्यालय की निदेशक एवं प्राचार्या डॉ. रक्षा सिंह ने कहा कि इस वायरस का प्रकोप चीन के साथ अन्य देषों में निष्चित ही चिंता जनक है, लेकिन हमें सावधानी और धैर्य का परिचय देना है। छोटी-छोटी सावधानियॉ रखनी है, जैसे कि मास्क एवं सेनेटाइजर का प्रयोग करें। बासी चीजों का सेवन ना करें, और फिर भी किसी प्रकार की समस्या हो तो डॉक्टर से जरूर संपर्क करें। महाविद्यालय के अतिरिक्त निदेशक डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि प्रमुख रूप से यह वायरस चीन के साथ विश्व के कई देषों में फैल चुका है लोगों को जागरूक करना है। आईक्यूएसी के संयोजक प्रो. संदीप जसंवत ने कहा कि भारत में भी कुछ स्थानों पर कोरोना वायरस से प्रभावित मरीज मिले है लेकिन भयावह वाली स्थिति नही है।

पटवारियों की दूसरे दिन भी हड़ताल

दुर्ग। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ ने डोंगरगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी वीरेन्द्र सिंह को हटाए जाने की मांग को लेकर आंदोलन छेड़ दिया है। जिसके समर्थन में दुर्ग संभाग पटवारी संघ दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहा। हड़ताली पटवारी मेनोनाईट चर्च के सामने धरना में बैठे और अनुविभागीय अधिकारी की कार्यशैली को जमकर कोसा। हड़ताल में दुर्ग संभाग के पटवारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। राजनांदगाँव जिले के समस्त पटवारी श्री सिंह द्वारा जिले के प्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार किये जाने से हड़ताल पर हैं। संघ का कहना है किए श्री शर्मा के स्वास्थ्य खराब होने के करण अवकाश पर रहने से बिना किसी उचित कारण निलंबित किया गया।

न्यूज गैलरी

15 किलो प्रतिबंधित कैरी बैग जप्त

भिलाईनगर। नगर निगम की उड़नदस्ता टीम ने आज केम्प 2 शारदा पारा, पावर हाउस, लिंक रोड, वार्ड 02 चौहान टाउन, स्मृतिनगर, जुनवानी रोड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले व्यवसासियों से प्रतिबंधित डिस्पोजल गिलास, बिना व्यवसायिक लाईसेंस के व्यवसाय करने वालों का निरीक्षण कर कार्यवाही करते हुए 22 से 80 पैकेट डिस्पोजल गिलास एवं 15 किलो प्रतिबंधित कैरी बैग जप्त करते हुए 12000 रूपए जुर्माना लिया।

युवा मंडल विकास सम्मेलन

दुर्ग। नेहरू युवा केन्द्र द्वारा युवामंडल विकास सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन ग्राम कातरो में किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन नितिन कुमार शर्मा जिला युवा समन्वयक ने.यु.के. के नेतृत्व में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की। श्री शर्मा ने कार्यक्रम के उदेश्य से प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं को साथ मिलकर अपने अनुभव साझा करने, विचारों का आदान-प्रदान करने तथा समुदाय के कल्याण एवं राष्ट्र निर्माण गतिविधियां प्रारंभ करने का अवसर प्रदान करने तथा राष्ट्र के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका अदा करना और नया युवा मंडल व युवती मंडल बनाकर समाज के सभी वर्गो के साथ यूथ क्लबों के मौजूदा नेटवर्क को मजबूत करना।

सम्मान समारोह

कुम्हारी। हमारा प्रयास सबका विकास के तत्वावधान में, मॉ कर्मा भवन बाजार चौक कुम्हारी में नारी शक्ति पर विभिन्न कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छत्तीसगढी संस्कृति की सुन्दर छवि दिखाई दी जिसमें जिसमें गोटा, फेदा, कुर्सीदौड, खो-खो सहित नृत्य में कर्मा, ददरिया, भरथरी एवं राउतनाचा जैसी विभिन्न विधाओं पर महिलाओं ने अपनी प्रस्तुति दी।

विधायक देवेंद्र बढ़ाएंगे महिलाओं का हौसला

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर शहर की महिलाओं के सम्मान में महापौर व विधायक देवेन्द्र यादव उनका हौसला बढ़ाने स्कूटी रैली निकालेंगे और महिलाओं के साथ स्वयं भी स्कूटी चलाकर संदेश देंगे कि शहर की महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें पहचान दिलाने वे उनके साथ है। ताकि वे रूके नहीं और हमेशा आगे बढ़ती रहें। रविवार को वीमंस डे 8 मार्च को होने वाले कार्यक्रम तू रूकना नहीं में महिलाओं की प्रतिभा निखारने कई कार्यक्रम होंगे। श्री यादव ने बताया कि पिछले साल से उन्होंने महिला दिवस पर टैग लाइन कभी रूकना नहीं का कार्यक्रम शुरू किया था और इस साल इसे थोड़ा और बेहतर ढंग से किया जा रहा है,

ताकि हमारे शहर की बहन.बेटियों को यह अहसास हो कि वे बिना डरे हमेशा आगे बढ़े क्योंकि उनका उत्साह बढ़ाने हम उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। सुबह सेक्टर 9 चौक से महिलाओं की एक दुपहिया वाहन रैली निकाली जाएगी। जिसमें हेलमेट लगाए सफेद परिधान में बेटियों के कॉन्फिडेंस को पूरा शहर देखेगा। यह रैली सेंट्रल एवेन्यु से होकर सेक्टर 5 मार्केट स्थित डोम शेड तक जाएगी। जहां महिलाओं के लिए और भी कई रंगारंग कार्यक्रम होंगे। सेक्टर 5 में होने वाले मुख्य कार्यक्रम में महिलाओं को स्पेशल फील कराने उनके लिए गर्ल्स बैंड के साथ डीजे का भी आयोजन होगा। इसके साथ ही महिलाएं और युवतियां मंच पर गीत, संगीत के साथ ही डांस की परफार्मेस भी दे सकेंगी।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दीपा का भोपाल में होगा सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। अदा मिसेज इंडिया क्लासिक दीपा मेश्राम को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महोत्सव पर 8 मार्च 2020 को भोपाल में सम्मानित किया जाएगा। महिलाओं के कुशल नेतृत्व में राज्य स्तरीय सब्बमित्ता ग्रुप द्वारा दीपा मेश्राम को सम्मानित किया जा रहा है। यहां चुनिंदा महिलाओं को उनके क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया जाएगा। दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय शिवाजी नगर भोपाल में कार्यक्रम होगा। साथ की यहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कई तरह प्रतियोगिताएं भी होंगी। दीपा का यह मानना है कि नारी केवल एक इन्सान ही नहीं, इस प्रकृति को आगे ले जाने वाली निर्माणकर्ता भी है। अगर नारी अपमानित होती है, तो ये सबका अपमान है। और अगर नारी सम्मानित होती है तो यह सब का सम्मान है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस दिन नारी, नारी को समझने लगेगी और एक दूसरे की कमियां निकालना छोड़कर एक दूसरे का हौसला बढ़ाएगी।

गर्मी में मुकुट नगर वासियों को मिलेगा पर्याप्त पानी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के निर्देशानुसार तितुरडीह वार्ड 21 के मुकुट नगर क्षेत्र के बोर मोटर पम्प में एक नग पाइप डालकर पानी की समस्या को दूर किया गया। वाटर लेबल नीचे हो जाने से पेयजल की समस्या हो रही थी। गर्मी को ध्यान में रखते हुये मांग अनुसार मोटर पंम्प में एक नग पाइप डालकर पानी की व्यवस्था कर, पेयजल समस्या को दूर किया गया। उल्लेखनीय है कि वार्ड पार्षद अरुण सिंह द्वारा मांग किया गया था कि मुकुट नगर क्षेत्र के बोर मोटर पम्प का वाटर लेबल कम हो जाने के कारण क्षेत्र में पानी की समस्या हो रही है। अतः मुकुट नगर क्षेत्र में पानी की समस्या का निराकरण करते हुये बोर मोटर पम्प में एक नग पाइप लाईन डाली जाए। गर्मी के समय को ध्यान में रखते हुये मुकुट नगर क्षेत्र में जलप्रदाय व्यवस्था के लिए बोर मोटर पम्प में एक नग पाइप बढ़ाया गया। अब मुकुट नगर के लोगों को बोर मोटर पम्प से पर्याप्त मात्रा में पानी प्राप्त होगा।

शिविर 145 का मौके पर ही निराकरण

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। ब्लाक के ग्राम नगपुरा में आज जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में कलेक्टर अंकित आनंद ने ग्रामीणजनों को बताया कि राहत के लिए सर्वे का काम अधिकांश गांवों में पूरा हो चुका है और शेष गांवों में भी एक सप्ताह के भीतर यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा। सर्वे के पश्चात पंचायतों में आरबीसी छह.चार के अंतर्गत राहत राशि के लिए पात्र हितग्राहियों की सूची चस्पा की जा रही है। जो लोग त्रुटिवश छूट गए हों और पात्रता रखते हों, वे इसके लिए जनपद पंचायत में संपर्क कर सकते हैं। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के संबंध में ग्रामसभा से अनुमोदित लोगों की सूची केंद्र सरकार के पास भेजी गई है। वहां से अनुमोदन के पश्चात आगे की कार्रवाई की जा सकेगी। कलेक्टर ने कहा कि डॉक्टर खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से राशन कार्ड के माध्यम से भी नागरिक इलाज करा सकते हैं। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी रिवेंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से एक ही जगह पर सभी अधिकारियों के समन्वय से समस्या हल की जा सकती है। इसके लिए जनपद अथवा जिले तक चक्कर नहीं लगाने पड़ते। सबसे खास सुविधा यह है कि मौके पर ही समस्या का निराकरण हो जाता है। शिविर में आए 173 आवेदन, इसमें 145 का मौके पर ही निराकरण किया।

रतन मुनि का नगर आगमन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। रतन मुनि महाराज का साधु समुदाय के साथ होली चातुर्मास हेतु नगर प्रवेश आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में विराजमान रहेंगे। लोकमान्य संत छत्तीसगढ़ प्रवर्तक रतन मुनि महाराज अपने साधु समुदाय सतीश मुनि, शुक्ल मुनि, रमण मुनि, आदित्य मुनि के साथ पार्श्व तीर्थ नागपुरा से विहार कर विद्युत नगर नीलम बाफना के निवास होते हुए आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तलाब दुर्ग में गुरुदेव श्री का होली चातुर्मास के उपलक्ष में दुर्ग नगर प्रवेश हुआ। छत्तीसगढ़ प्रवर्तक संत रतन मुनि महाराज के सानिध्य में होली चातुर्मास का महोत्सव श्रमण संघ दुर्ग द्वारा मनाया जाएगा आज पुष्प नक्षत्र के उपलक्ष में भगवान शांतिनाथ का जप एवं संतीकर स्त्रोत की सामूहिक आराधना आनंद मधुकर रतन भवन के प्रांगण में कराई गई होली चातुर्मास के कार्यक्रमों की श्रृंखला में 8 से 10 मार्च तक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 8 मार्च को लोगस सूत्र की ध्यान साधना 9 को तब एवं आलोचना दिवस तथा 10 को दया दिवस का आयोजन होगा। श्रमण संघ अध्यक्ष निर्मल बाफना एवं मंत्री टीकम छाजेड़ ने गुरुदेव के दर्शन वंदन का लाभ लेते हुए होली चातुर्मास को सफल बनाने अपील की। कार्यक्रमों में वर्धमान सेवा मंच श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल एवं श्रमण संघ महिला मंडल के सदस्यों की सक्रिय भूमिका है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./958/अ-02/2019-20
पंजी. नं. 202003100400

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक श्री विष्णु शरण पात्र आ. श्री प्रकाशचंद्र पात्र निवासी आजाद मार्केट रिसाली द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 823/24 रकबा 0.015 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति- हो तो प्रकरण में उदघोषणा प्रकाशन से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुदा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका फगनी बाई यादव वगै. पति स्व. चेतन यादव निवासी ग्राम गिरधारी नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 910/137 रकबा 0.12 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार कली बाई पति बरातु यादव की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिक कुरैशी पिता स्व. अब्दुल रशीद निवासी ग्राम तकियापारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1038/18 रकबा 0.002 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार अब्दुल रशीद आ. अब्दुल लतीक कुरैशी की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./699/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक परेश कुमार उके पिता छगनलाल उके निवासी ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 687/633 रकबा 0.009 हें. भूमि को विक्रेता आशीष अग्रवाल पिता लवकुश अग्रवाल निवासी ग्राम कादम्बरी नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 20.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्रं./अ-06 अ/वर्ष 2019-20

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार पिता शिवचरण वगै. निवासी ग्राम भरदा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक एवं अपने भाई अशोक कुमार एवं भागीरथी पिता शिवचरण कुर्मी के शामिल नाम से मौजा भरदा प.ह.न. 29 स्थित भूमि खसरा नंबर 614/2 रकबा 0.08 हें भूमि कुंवर सिंह पिता पुनूराम से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 09.04.2001 को एवं खसरा नं. 615/19 रकबा 0.38 हे. भूमि पूरन कुमार पिता विक्रय सिंह से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 09.04.2001 क्रय किया था जिसका प्रमाणीकरण पश्चात् पुस्तिका क्रमांक 2355792 प्राप्त हो चुकी है। उपरोक्त जमीन वर्ष 2013-14 तक पटवारी अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है परंतु वर्ष 2016-17 से वर्तमान तक परमेश्वर के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि में परमेश्वर का नाम हटाकर आवेदक अपने नाम पर दर्ज किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पार्वती जंघेल वगै. पति स्व. रघुनाथ प्रसाद लोधी निवासी ग्राम लोधीपारा तहसील व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 888/34, 888/22, 887/5 कुल रकबा 0.0380 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार रघुनाथ आ. बिंझवार की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202002101000120/381
वर्ष 2019-20

विषयः अ-6
जामुल प.ह.न. 00018 हें.)
पक्षकारों का विवरण :
आवेदक पक्षकार- श्रीमती त्रिवेणी निर्मलकर
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती त्रिवेणी निर्मलकर पति श्री चुन्नीलाल निर्मलकर निवासी मुक्तिधाम भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम जामुल प.ह.न. 13/18 खसरा नंबर 584 रकबा 0.234 हें में से रकबा 0.015 हे. भूमि को विक्रेता बैसाखू पिता श्रीराम साहू निवासी जामुल तह. व जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 14.01.2020 के माध्यम से क्रय किया है। उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.02.2020 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लीलाधर देशमुख पिता स्व. बुधेलाल निवासी रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम उमरपोटी तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 145/10 रकबा 0.76 हे. भूमि जो कि शेषनारायण अन्य के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु दिनांक 02.01.2020 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजीव चोपड़ा पिता वीरेन्द्र कुमार चोपड़ा निवासी ग्राम पद्मनाभपुर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 89/229 शामिल 9744 रकबा 0.226 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार वीरेन्द्र कुमार चोपड़ा आ. आर. एन. चोपड़ा की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका मेरी नरेश आ./ पति एम रामैय्या निवासी सेक्टर 6 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पुरई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1208/12 रकबा 0.037 हे. भूमि जो कि एम रामैय्या आ. एम नौरय्या के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु दिनांक 09.11.2019 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./760/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सविता शर्मा पति स्व. राजकुमार शर्मा निवासी ग्राम सुपेला तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1084/497, 1094/502 रकबा 0.020, 0.009 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार राजकुमार शर्मा आ. कुंदनलाल शर्मा की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
988/अ-2 /2019-20	माया समर्थ	202003100400049

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका एस. वेंकट कोन्डा रेड्डी आ. एस धरमैय्यसा निवासी फ्लेट नं. 19 एच एवेन्यु सेक्टर 07 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	619/43	0.020 हें 2000 वर्गफीट	व्यवसायिक

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 10 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
987/अ-2 /2019-20	माया समर्थ	202003100400049

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका एस. धर्मा रेड्डी आ. एस कोन्डा रेड्डी निवासी फ्लेट नं. 19 एच (टी.एस.) सेक्टर 07 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	615/2	0.006 हें 2600 वर्गफीट	व्यवसायिक

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 10 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक हेमंत कुमार सावानी आ. स्व. जवाहरलाल सावानी निवासी दीपकनगर तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की ग्राम सिकोला प.ह.न. 08 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 171/20 रकबा 0.040 हें/ 450 वर्गफीट के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक महेश कुमार सावानी आ. स्व. जवाहरलाल सावानी निवासी दीपकनगर तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की ग्राम सिकोला प.ह.न. 08 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 171/70 रकबा 0.040 हें/ 450 वर्गफीट के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

नव प्रदेश

राजनांदगांव/महासमुंद

रायपुर शनिवार, 7 मार्च 2020

न्यूज गैलरी

शराब बेचते वृद्ध पकड़ाया

महासमुंद। गंधेश्वर मंदिर के पास महानदी किनारे अवैध रूप से शराब बेचते आरंग के चिखली निवासी हठेराम धीवर पिता जगतराम (58) को पुलिस ने पकड़ा। बताया गया है कि तीन मार्च की शाम साढ़े 7 बजे वृद्ध शराब बेच रहा था। जिसकी तलाशी लेने पर 3 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। जिस पर आबकारी एक्ट 34 ए के तहत कार्रवाई की गई।

दो युवकों से शराब बरामद

महासमुंद। सड़क किनारे शराब बेच रहा युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। बुधवार शाम 6 बजे खल्लारी पुलिस ने जोरातराई मार्ग पर शराब बेच रहे आनंदराम सिन्हा पिता बृजलाल (33) के कब्जे से 3.780 लीटर देशी प्लेन शराब बरामद की। इसी तरह पटेवा पुलिस ने बुधवार शाम सवा 6 बजे नवागांव मिडिल स्कूल के पास गांव के रविकुमार मन्नाडे (25) के कब्जे से ढाई लीटर महुआ शराब बरामद की। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पेड़ से लटकी मिली वृद्ध की लाश

महासमुंद। पिथौरा थाना क्षेत्र के मुढ़ीपार में खेत स्थित पेड़ में वृद्ध ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के मुताबिक बुधवार दोपहर 12 बजे मनीराम दीवान के खेत में आम के पेड़ में गांव के भूखन लाल निषाद (60) की फांसी में लटकी लाश मिली।

दीपक राय को मिली अनुकंपा नियुक्ति

महासमुंद। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा में पदस्थ अनुरेखक स्व.रामकुमार राय के सेवाकाल के दौरान उनके आकस्मिक देहावसान होने पर अनुकंपा नियुक्ति हेतु जारी एकजाई पुनरीक्षित निर्देशों के अनुसार शासकीय सेवक के पुत्र दीपक राय को चतुर्थ श्रेणी भृत्य के रिक्त पद पर अनुकंपा नियुक्ति का आदेश जारी किया गया है।

उड़नदस्ता दलों ने 36 परीक्षा केन्द्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की दसवीं की बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत आज 5 मार्च 2020 को सामाजिक विज्ञान विषय का प्रश्न पत्र हुआ। जिले में गठित उड़नदस्ता दलों ने 36 परीक्षा केन्द्रों में दबिश दी। जिला उड़नदस्ता दल क्रमांक 1 जिला शिक्षा अधिकारी एचआर सोम द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जादूटोला, बांधाबाजार, चिल्हाटी, कोरचाटोला, सोनसायटोलाएवं आमाटोला का आकस्मिक निरीक्षण किया।

डोंगरगढ़ संभाग में 375 बकायादारों के काटे गये बिजली कनेक्शन

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड डोंगरगांव संभाग ने षहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया वसूली के लिए व्यापक स्तर पर मुहिम छेड़ा है। इसी के दृष्टिगत संभाग स्तर पर गठित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों द्वारा डोंगरगढ़ एवं छुरिया उपसंभाग के सभी वितरण केन्द्रों में बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शनों के विच्छेदन की कार्यवाही करते हुए ऐसे 375 विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किये गये। साथ ही 1605 बकायादार उपभोक्ताओं से 14 लाख 90 हजार रूपए की बकाया राजस्व राषि वसूल की गई।

दैनिक श्रमिकों की हुई बैठक

महासमुंद। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण रायपुर मंडल के अंतर्गत सिरपुर में कार्यरत दैनिक श्रमिकों की गुरुवार को लक्ष्मण मंदिर परिसर में बैठक हुई। बैठक में श्रमिकों ने ठेकेदारी में डाले जाने के मामले को लेकर विचार-विमर्श किया। श्रमिकों ने बताया कि उनके द्वारा श्रम अधिकारी महासमुंद को भी ज्ञापन दिया गया है, जिसमें बताया गया है कि वे 17 वर्ष से साफ सफाई रखरखाव का कार्य करते आ रहे हैं, लेकिन अब उन्हें जबरदस्ती ठेकेदारी में डाला जा रहा है।

प्रतिबंधित गुटखा जब्त, दो के खिलाफ कार्रवाई

महासमुंद। प्रतिबंधित गुटखा रखे जाने पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने गुरूवार दोपहर गंजपारा स्थित दो दुकान से 100 पैकेट प्रतिबंधित गुटखा बरामद की। पुलिस के मुताबिक गंजपारा निवासी कृष्णानी एजेंसी और मनभावन सुपारी सेंटर में दबिश दी गई। तलाशी के दौरान दोनों स्थानों से लगभग 50-50 पैकेट प्रतिबंधित गुटखा बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस ने कृष्णानी एजेंसी से राजेश कृष्णानी और मनभावन से रमेश साहू के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई की है।

शराब बिक्री की रकम गटक गए प्लेसमेंट एजेंसी के कर्मचारी

- शराब बिक्री के बाद पांच करोड़ रूपए की राशि पाई गई कम
- विधायक के सवाल पर आबकारी मंत्री ने दी जानकारी

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। वित्तीय वर्ष 2019-20 में महासमुंद जिले की शराब दुकानों में शराब बिक्री के बाद पांच करोड़ आठ लाख 18 हजार 218 रूपए की राशि कम पाई गई। इसमें देशी शराब दुकान में तीन करोड़ 82 लाख 9 हजार 508 रूपए बिक्री राशि कम पाई गई। जबकि विदेशी शराब दुकान में एक करोड़ 26 लाख आठ हजार 710 रूपए बिक्री राशि कम मिली। यह जानकारी आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के सवाल पर दी।

बजट सत्र के दौरान विधायक चंद्राकर ने महासमुंद जिले में शराब दुकानों में बिक्री राशि को लेकर सवाल उठाया। जिस पर जवाब देते हुए आबकारी मंत्री श्री लखमा ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा महासमुंद जिले में संचालित देशी मदिरा दुकानों में वर्ष 2019-20 में देशी मदिरा दुकान अछोला में 25549270 रूपए, देशी मदिरा दुकान बागबाहरा में 445050 रूपए, देशी मदिरा दुकान बसना में 1014090 रूपए, देशी मदिरा दुकान बेमचा रोड में 268870 रूपए, देशी शराब दुकान भंवरपुर में 1428390 रूपए, देशी दुकान भुरकोनी में 495730 रूपए, देशी मदिरा दुकान गढफुलझर में 172100 रूपए, देशी मदिरा दुकान झलप में 479950 रूपए, देशी मदिरा दुकान झिलमिला में 135960 रूपए, देशी शराब दुकान कोल्दा में 374220 रूपए, देशी शराब दुकान कोमाखान में 346648 रूपए, देशी शराब दुकान नर्रा में 24540 रूपए, देशी शराब दुकान पिरदा में 2053510 रूपए, देशी शराब दुकान पिथौरा में 2053510 रूपए, देशी शराब दुकान सल्डीह में 447060 रूपए, देशी शराब दुकान सरायपाली में 875950 रूपए, देशी शराब दुकान स्टेशन रोड महासमुंद 2429140 रूपए, देशी शराब दुकान तोरेसिंहा में 137480 रूपए व देशी शराब दुकान तुमगांव में 655190 रूपए बिक्र ी राशि से कम पाई गई।

6 कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज

देशी मदिरा दुकान अछोला में दो करोड़ 54 लाख 64 हजार 480 रूपए शराब बिक्री राशि कम जमा करने पर कर्मचारी पीलूराम साहू, अश्वनी सोनकर, कामदेव धीवर, कौशल गजेंद्र, चंद्रप्रकाश पुष्पाकर व लेखराम बंजारे के खिलाफतुमगांव पुलिस में धारा 406, 468 के तहत मामला दर्ज कराया गया है। 49352710 रूपए में से प्लेसमेंट एजेंसी मेसर्स ईगल हंटर सोल्यूशन लिमिटेड नईदिल्ली से 37272062 रूपए राशि वसूल की गई। जबकि शेष राशि वसूली की कार्वाई की जा रही है। इसी तरह मेसर्स अलर्ट कमांडोस प्रा लिमिटेड बैंगलोर से 1465508 रूपए की राशि वसूल की गई है। वहीं वर्तमान नियोजन एजेंसी की शिकायत पर जांच उपरांत छग स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा एक लाख रूपए शास्ति अधिरोपित की गई है।

दस हजार 205 युवाओं को मिला प्रशिक्षण

वर्ष 2016-17 से प्रश्नावधि तक कौशल विकास योजना के तहत जिले में 10205 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। विधायक श्री चंद्राकर के सवाल पर उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने बताया कि जिले के महासमुंद विधानसभा में 4789, खल्लारी में 3884, बसना में 345 व सरायपाली में 1187 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। वहीं प्रशिक्षण प्राप्त 18 युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया गया है। जिसमें वर्ष 2017-18 में 11 व वर्ष 2018-19 में 7 युवा हितग्राही शामिल हैं।

झुग्गी बस्ती वालों के संग 16 को पूर्व विधायक करेंगे आंदोलन

महासमुंद। पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता डॉ. विमल चोपड़ा ने वार्ड 22 में जन चौपाल का आयोजन किया। जिसमें गरीब झोपड़पट्टीवासियों को मिले लाखों के डिमांड का मुद्दा छाया रहा। चौपाल में उपस्थित महिला एवं पुरुषों ने एक स्वर में कहा कि चुनाव पूर्व घोषणा पत्र में शहरी एवं ग्रामीणों को निःशुल्क पट्टा देने की घोषणा करने वाली सरकार अब गरीबों को परेशानी में डाल रही है। कच्चे मकानों में रहने वाले, निराश्रित पेंशन पाने वाले लोगों के पास पांच-छह लाख रुपये की डिमांड की नोटिस दी गई है। जितने की नोटिस आई है, उतना तो जीवनभर मेहनत करने पर भी नहीं कमा सकते हैं। चौपाल में मोहल्लेवासियों ने निर्णय लिया कि सोमवार 16 मार्च को लोहिया चौक में सरकार की इस नीति के विरोध में धरना दिया जाएगा एवं एसडीएम कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि कोई भी उक्त राशि अदा नहीं करेगा और यदि बेदखली की गई तो उसका डटकर विरोध किया जायेगा।

केबल वायर लगाने सौंपा ज्ञापन

महासमुंद। डॉ सुशील सेमुअल वार्ड में पार्षद निधि से केबल वायर विद्युत पोल लगाने को लेकर 3 माह पूर्व से रकम जमा होने के बाद केबल नहीं लगने पर वार्ड पार्षद व सभापति देवीचंद राठी ने विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री नायक से भेंटकर केबल लगाने के लिए ज्ञापन सौंपा। सभापति राठी ने बताया कि 26 नवंबर 2019 को डिमांड नोट के आधार पर नगर पालिका द्वारा पूर्व पार्षद शोभा शर्मा के पार्षद निधि से चेक द्वारा तीन लाख तीस हजार रुपए विद्युत विभाग में जमा किया गया। इसके एवज में वार्ड 10 में कई स्थानों पर पोल में केबल वायर लगाया जाना था। नया शिव मंदिर से पप्पू खान के घर तक, आशीष सालोमन निवास से भरत भूषण लढ्ढा निवास तक, जगदीश यादव निवास से पप्पू केला निवास तक केबल बिछाई जानी है।

विधायक के प्रयास से कृषि कॉलेज के लिए मिला भवन

महाससमुंद। महासमुंद कृषि कॉलेज के लिए अंततः विधायक विनोद सेवन चंद्राकर के प्रयास से मोटल में कॉलेज संचालित होगा। 2 सालों के लिए उक्त भवन के उपयोग की सहमति दी गई है। गौरतलब है कि डाइट में अभी कृषि कॉलेज संचालित हो रहा है। लेकिन डाइट से भवन खाली करने नोटिस जारी किया गया। जिससे विद्यार्थी असमंजस में थे। इधर कॉलेज के विद्यार्थी मुकेश पटेल, संजय पटेल, सुनील ध्रुव, पवन जायसवाल, गौतम नायक, कुनिका चंद्राकर, गायत्री साहू, स्वीटी कुर्रे, लक्ष्मी आदि ने विधायक चंद्राकर से अपनी समस्या बताई।

म्युनिसिपल स्कूल के छात्र व पूर्व छात्रों ने हिन्दी माध्यम को खत्म करने के विरोध में सौंपा मुख्यमंत्री

- हिन्दी माध्यम से बदलकर अंग्रेजी माध्यम करने से करीब 1000 छात्र होंगे प्रभावित

राजनांदगांव। म्युनिस्पल स्कूल के करीब 250 छात्र छात्रा एवं पूर्व छात्रों ने स्कूल को हिन्दी माध्यम से बदलकर पूर्व रूप से अंग्रेजी माध्यम कराये जाने को लेकर फैसले का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम ज्ञापन सौंपा, ज्ञात हो कि शाला के करीब 1000 छात्र-छात्रा पढ़ते है, एवं सभी निर्धन एवं कमजोर वर्ग से आते है, एवं ऐसी स्थिति आने पर कई छात्रों के सामने पढ़ाई छोड़ने का संकट गहरा जायेगा छात्रों ने मांग की शाला को दो सिफ्ट में चलाया जाये जिसमें एक हिन्दी माध्यम तथा एक अंग्रेजी माध्यम की शिफ्ट हो जिससे किसी भी छात्रों के हितों की हनन न हों अगर विद्यालय में यह आदेश जारी होता है उससे यहां पढ़ने वाले सभी बच्चों को दूसरी स्कूल शिफ्ट किया जाये व जिससे उनके पढ़ाई पर असर पढ़ेगा फिलहाल तो अपर कलेक्टर ओमकार यदु द्वारा छात्रों को आश्वासन दिया कि इस फैसले पर पुर्नविचार किया जायेगा एवं छात्रों के अधिकारों का हनन नहीं होगा फिलहाल तो चारों तरफ इस फैसले का कड़ा विरोध हो रहा है एवं अगर फैसला वापिस नहीं लिया गया तो इसके खिलाफफिर से छात्र सड़कों पर उतरेंगे एवं इसकी पूरी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

कलेक्टर ने परीक्षा केंद्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगांव परीक्षा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। श्री मौर्य मानपुर दौरा जाते समय अचानक इस परीक्षा केंद्र में पहुँच गए। उस समय 10वीं बोर्ड का सामाजिक विज्ञान का पेपर चल रहा था। कलेक्टर ने परीक्षा कक्ष में जाकर वहां का जायजा लिया। केंद्राध्यक्ष से परीक्षा संचालन की जानकारी भी ली और व्यवस्थित ढंग से परीक्षा संचालित करने के निर्देश दिए।

छुईखदान में फाग गीतों की मनोरंजक प्रस्तुति

राजनांदगांव। फाल्गुन माह में रंगोत्सव पर्व की तैयारी में फाग गीतों का विशेष महत्व स्थान है। रानी मंदिर समिति के लल्ला जेके वैष्णव ने जानकारी दी कि जय हनुमान दक्षिण मुखी रामायण एवं फाग मंडली बाजार लाईन छुईखदान द्वारा रानी मंदिर एवं बाजार मंच में फाग गीतों का आयोजन बहुत ही रोचक एवं प्रशंसनीय रहा। फाग गीत वाद्य यंत्रों द्वारा सुमधुर प्रस्तुति मोहन कामड़े गुरूजी, सतीश महोबिया, गौकरण रजक, मुकेश तिवारी, शिव देवांगन, विष्णु देवांगन, अमर सिंह ठाकुर, कुशाल साहू, घनश्याम देवांगन, बुद्धु कुंभकार, जितेन्द्र किशोर वैष्णव, पुरूषोत्तम देवांगन, नवीन साहू, लाल चंद्र देवांगन, पप्पु देवांगन, विजय देवांगन, पवन ददरिया ने फाग गीत ''झन जाबे राधा तरिया पार वो, चारो मुड़ा उड़त हे गुलाल हो'' भोले बाबा दया के भंडार हवे न, ओखर जटा में गंगा के धार हवे न'' आदि फाग गीत गाये। पारंपरिक फाग गायन के विविध रूप डहकी, डहका, दादरा, रासिया, घामार, ख्याल रस से भाव पूर्ण निर्गुण गीतों की प्रस्तुति नैना सलोना रे श्री गणपति को गा रहे हैं।

सीसी रोड का भूमिपूजन

महासमुंद। शहर में मूलभूत सुविधा और प्राथमिकता के साथ नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने विभिन्न निर्माण कार्यो को स्वीकृति दी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पालिका अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नंबर 16, त्रिमूर्ति कॉलोनी में 21.55 लाख से निर्मित कांक्रीटीकरण सड़क का भूमि पूजन सभापति एवं पार्षदों की मौजूदगी में किया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने कहा त्रिमूर्ति कॉलोनी के नागरिकों की वर्षो से सड़क की मांग रही है। नागरिकों की सुविधाओं को देखते हुए राजू गेरेज से लेकर अंतिम छोर तक 2 सौ मीटर सड़क मार्ग कुछ समय में कॉलोनी के नागरिकों को तैयार मिलेगी। इस सड़क के बनने से कॉलोनी के नागरिकों को बरसात में आवागमन में होने वाली परेशानी से भी मुक्ति मिल जाएगी।

स्वास्थ्य सूचकांक में फिसला जिला, गिरावट देख कलेक्टर ने जताई नाराजगी

महासमुंद।। स्वास्थ्य सूचकांक के मामले में महासमुंद जिला प्रदेश में चौबीसवें पायदान पर आ पहुंचा है, जबकि पिछले वर्ष सात पर था, और इसे बेहतर उपलब्धियों में गिना गया था। ऐसे में वित्तीय वर्ष 2019-20 की उपलब्धियों के तेजी से गिरने दर्ज किए जाने के कारण कलेक्टर जैन ने खासी नाराजगी व्यक्त की। विगत दिनों कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं में गिरावट संबंधी आंकड़ों को लेकर चर्चा के दौरान यह बात सामने आई। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने ऑनलाइन डाटा एंट्री और जमीनी स्तर पर प्रदाय की जाने वाली सेवाओं को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। वहीं, लक्ष्यापूर्ति में प्रगति को लेकर स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार के लिए भी कड़ी हिदायत दी है।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी कबीर नगर रायपुर में निर्मित ईडब्ल्यूएस फ्लैट योजना में से भवन क्र. 1/503 पांचवा तल में श्री पुष्पराज सिंह ठाकुर पिता स्व. श्री हरीशचन्द्र सिंह को आबंटित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा दिनांक 13.3.2018 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक 17.9.2019 को हो जाने के कारण श्रीमती रेखा सिंह ठाकुर पति स्व. श्री पुष्पराज सिंह ठाकुर द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन श्रीमती रेखा सिंह ठाकुर पति स्व. श्री पुष्पराज सिंह ठाकुर के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 534/2019-20
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-48

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-48 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 48/1230/1231 पंजाबी कालोनी जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती मानमति देवांगन/ रामसिंग, मंजु देवांगन/रामसिंग के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती आशा देवांगन पिता स्व. रामसिंग देवांगन ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 449/19-20
वार्ड का नाम- लालबहादुर शास्त्री-33

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लालबहादुर शास्त्री-33 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 33/ शांति नगर एलआईजी इंद्रावती कालोनी तक जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती आशालता सिंह w/o स्व. श्री अल्फेड सिंह के नाम से दर्ज है, जिसको श्री पुष्पाजंली पति रविकांत दादर/ नवनीत कुमार s/o अल्फेड सिंह 2. नवनीत कुमार s/o अल्फेड सिंह 3. विनित कुमार s/o अल्फेड सिंह रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 26/02/2020
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के न्यायालय में मामला क्रमांक 202002211100029/80
विषय-अ-2 मामले की श्रेणी-राजस्व सन् 2019-20
अवरेठी प.ह.नं. 00010 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - सुरजीत कौर,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम हथनी प.ह.नं.-11 रा.नि.मं. व तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरजीत कौर पति रंजीत सिंग छाबड़ा, निवासी भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा ग्राम अवरेठी प.ह.नं. 10 के भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 106/85 रकबा 0.014 हे. अर्थात 1500 वर्ग मीटर भूमि को आवासीय प्रयोजन मकान निर्माण हेतु भू-परिवर्तित कराने एवं पुर्ननिर्धारण हेतु भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 के तहत पुर्न निर्धारण किए जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है कि जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन (मकान निर्माण) के लिए भू-परिवर्तित करने एवं पुर्ननिर्धारण करने के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो अपना आपत्ति/दावा पेशी दिनांक 13/03/2020 तक न्यायालयीन अवधि में मेरे न्यायालय में स्वयं या वैध प्रतिनिधि माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 26/02/2020 को जारी किया जाता हैं।

सील
MAHESH SINGH RAJPUT
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के न्यायालय में मामला क्रमांक 202002211100028/79
विषय-अ-2 मामले की श्रेणी-राजस्व सन् 2019-20
अवरेठी प.ह.नं. 00010 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - सुरिन्दर कौर,
अनावेदक पक्षकार - छत्तीसगढ़ शासन

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम हथनी प.ह.नं.-11 रा.नि.मं. व तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरिन्दर कौर पति इन्द्रजीत सिंग छाबड़ा, निवासी भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा ग्राम अवरेठी प.ह.नं. 10 के भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 106/86 रकबा 0.014 हे. अर्थात 1500 वर्ग मीटर भूमि को आवासीय प्रयोजन मकान निर्माण हेतु भू-परिवर्तित कराने एवं पुर्ननिर्धारण हेतु भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 के तहत पुर्न निर्धारण किए जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है कि जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन (मकान निर्माण) के लिए भू-परिवर्तित करने एवं पुर्ननिर्धारण करने के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो अपना आपत्ति/दावा पेशी दिनांक 13/03/2020 तक न्यायालयीन अवधि में मेरे न्यायालय में स्वयं या वैध प्रतिनिधि माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 26/02/2020 को जारी किया जाता हैं।

सील
MAHESH SINGH RAJPUT
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के न्यायालय में मामला क्रमांक 202002211100029/80
विषय-अ-2 मामले की श्रेणी-राजस्व सन् 2019-20
अवरेठी प.ह.नं. 00010 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - हरजीत सिंग
अनावेदक पक्षकार - छत्तीसगढ़ शासन

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम हथनी प.ह.नं.-11 रा.नि.मं. व तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरजीत सिंग पिता गुरूदयाल सिंग छाबड़ा, निवासी भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा ग्राम अवरेठी प.ह.नं. 10 के भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 106/84 रकबा 0.014 हे. अर्थात 1500 वर्ग मीटर भूमि को आवासीय प्रयोजन मकान निर्माण हेतु भू-परिवर्तित कराने एवं पुर्ननिर्धारण हेतु भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 के तहत पुर्न निर्धारण किए जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है कि जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन (मकान निर्माण) के लिए भू-परिवर्तित करने एवं पुर्ननिर्धारण करने के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो अपना आपत्ति/दावा पेशी दिनांक 13/03/2020 तक न्यायालयीन अवधि में मेरे न्यायालय में स्वयं या वैध प्रतिनिधि माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 26/02/2020 को जारी किया जाता हैं।

सील
MAHESH SINGH RAJPUT
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के न्यायालय में मामला क्रमांक 202002211100027/78
विषय-अ-2 मामले की श्रेणी-राजस्व सन् 2019-20
अवरेठी प.ह.नं. 00010 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - हरिमित सिंग, रमनदीप सिंग
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम हथनी प.ह.नं.-11 रा.नि.मं. व तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरमीत सिंग पिता रंजीत सिंग छाबड़ा, निवासी भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा ग्राम अवरेठी प.ह.नं. 10 के भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 106/87 रकबा 0.014 हे. अर्थात 1500 वर्ग मीटर भूमि को आवासीय प्रयोजन मकान निर्माण हेतु भू-परिवर्तित कराने एवं पुर्ननिर्धारण हेतु भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 के तहत पुर्न निर्धारण किए जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है कि जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन (मकान निर्माण) के लिए भू-परिवर्तित करने एवं पुर्ननिर्धारण करने के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो अपना आपत्ति/दावा पेशी दिनांक 13/03/2020 तक न्यायालयीन अवधि में मेरे न्यायालय में स्वयं या वैध प्रतिनिधि माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 26/02/2020 को जारी किया जाता हैं।

सील
MAHESH SINGH RAJPUT
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के न्यायालय में मामला क्रमांक 202002211100011/45
विषय-अ-20(3) मामले की श्रेणी-राजस्व सन् 2019-20
भाटापारा प.ह.नं. 00011 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - राजेश किंगरानी
अनावेदक पक्षकार - कैलाश किंगरानी

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम भाटापारा प.ह.नं.-11 रा.नि.मं. व तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश किंगरानी पिता सुदामचंद किंगरानी निवासी मातादेवालय वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 12 सी भूखंड क्रमांक 160 खसरा नंबर 19 रकबा 146 वर्गमीटर निर्धारण 193.00 रुपए धारक सुदामचंद किंगरानी पिता मुरारमल किंगरानी के नाम पर दर्ज है। खातेदार सुदामचंद पिता मुरारमल किंगरानी की मृत्यु दिनांक 04/12/2019 को हो चुकी है। अत: उक्त भूमि पर धारक सुदामचंद किंगरानी पिता मुरारमल किंगरानी का नाम विलोपित कर वसीयतनामा दिनांक 13/03/2019 के आधार पर अपने नाम दर्ज किए जाने का लेख किया गया है। उक्त संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: धारक सुदामचंद पिता मुरारमल किंगरानी के मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित करते हुए वसीयतनामा दिनांक 13/03/2019 के आधार पर आवेदक के नाम पर दर्ज किए जाने में यदि किसी को कोई दावा आपत्तियां यदि कोई हो तो वे दिनांक 28/03/2020 तक मेरे न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 12/02/2020 को जारी किया जाता हैं।

सील
MAHESH SINGH RAJPUT
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

न्यूज गैलरी

दुर्ग-पटना-दुर्ग होली एक्सप्रेस की सुविधा

भाटापारा। होली के त्यौहार को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा दुर्ग-पटना- दुर्ग के बीच 08295/ 08296 दुर्ग- पटना -दुर्ग होली एक्सप्रेस 1 फेरे के लिए चलाई जा रही है । यह गाड़ी 08295 दुर्ग से दिनांक 8 मार्च 2020 रविवार को 16:15 बजे रवाना होगी एवं 09 मार्च सोमवार को 11:45 बजे पटना पहुंचेगी । यह गाड़ी रायपुर से 17:05 बजे, भाटापारा से 18.02 बजे बिलासपुर से 19:10 बजे पटना के लिए रवाना होगी । गाड़ी संख्या 08296 पटना- दुर्ग होली एक्सप्रेस पटना से बुधवार दिनांक 11 मार्च 2020 को 12:45 बजे रवाना होकर अगले दिन 12 मार्च गुरुवार को 10:30 बजे दुर्ग पहुंचेगी । यह गाड़ी रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर,चांपा, रायगढ़ झारसुगुड़ा, राउरकेला, हटिया, रांची, बोकारो सिटी, गया होते हुए पटना पहुंचेगी। इस गाड़ी में 02 एसएलआर कोच, 02 सामान्य श्रेणी के कोच 14 स्लीपर कोच 2 एसी थ्री कोच एवं 01 एसी टू कोच सहित कुल 21 कोच रहेंगे।

छात्राओं को मिली साइकिल

भाटापारा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करहीबाजार में शुक्रवार को सरस्वती सायकल योजना के तहत सत्र 2019-20 का 90 पात्र छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत करहीबाजार का सरपंच हीराराम पटेल,जनपद सदस्य श्रीमती शकुंतला पटेल,शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमा शंकर पटेल,सदस्य टाकेश्वर सेन,लीलूराम सेन,गरीबा बैगा,उपसरपंच अरुण निषाद,पंच प्यारे लाल सेन,प्रभारी प्राचार्य ईश्वर देवदास,व्याख्याता अल्का राठौर,सरिता खल्को,एम एल चंद्राकर,सुनीता ध्रुव,योगेश कटैलिया,चेतन उन्द्रे,नेहा नेताम सहित स्टॉफएवं छात्राएं उपस्थित रहे।

चिखली में सामुदायिक गतिविधि का आयोजन

गरियाबंद। आंगनबाड़ी केन्द्र चिखली में आज को सुपोषण चैपाल के अंतर्गत सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें गर्भवती सम्मान, स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता, किशोरी सम्मान रखा गया। बच्चों का ऊँचाई वजन परिधि लिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच पन्नालाल कंवर एवं ग्राम की स्वसहायता समूह की महिलाएँ एवं शिशुवती गर्भवती एवं ग्राम की महिला पुरूष अत्यधिक संख्या में उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों का भी फ्ल से सम्मानित किया गया एवं स्वस्थ शिशु को कटोरी एवं प्लेट, गर्भवती महिलाओं को थाली और साड़ी देकर सम्मानित किया गया और उन्हें विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। बच्चों को चाकलेट एवं मिलान वितरण किया गया।

अचल सम्पत्ति के बाजार मूल्य दर निर्धारण हेतु दस प्रतिशत वृद्धि प्रस्तावित

गरियाबंद। नगरीय निकायो में अचल संपत्ति के बाजार मूल्य निर्धारित करने तथा वर्ष 2020-21 हेतु गाइड-लाईन तैयार करने आज कलेक्टर कक्ष में जिला मूल्याकंन समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्याम धावड़े की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में गरियाबंद जिले के सभी प्रचलित नगरीय क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में औसतन दस प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित की गई है। उक्त प्रस्तावित दर को केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को अनुमोदार्थ भेजने का निर्णय लिया गया। दर अनुमोदन पश्चात ही इसे नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए लागू की जायेगी। बैठक में जिला मूल्यांकन समिति के सभी सदस्य और समिति के संयोजक उपस्थित थे।

कोरोना वायरस से निपटने स्वास्थ्य विभाग की तैयारी

गरियाबंद। कलेक्टर श्याम धावड़े के निर्देश के परिपालन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए लगभग पूरी तैयारी कर ली गई है। राज्य सर्वेलेंस इकाई की सूची अनुसार कोरोना प्रभावित देश से यात्रा कर गरियाबंद जिले में भी तक कोई व्यक्ति नहीं आया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनत्न से मिली जानकारी अनुसार जिले में 50 व्ही.टी.एम कीट, 130 पी.पी.ई. कीट व 173 एन95 मास्क उपलब्ध है। जिला अस्पताल गरियाबंद में 5 बेड का एक आईसोलेशन वार्ड बनाया गया है। 2 एडल्ट वेंटीलेटर उपलब्ध है। डॉ हरीश चैहान चलाने हेतु प्रशिक्षित है। जिले में होर्डिंग, पेपर पाम्पलेट, फ्लैक्स, पाम्पलेट पोस्टर के माध्यम से वायसर फैलने व बचाव के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

ग्राम माठ में रामायण का आयोजन

खरोरा। समीपस्थ ग्राम माठ मे प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नवीन। मानस मंडली के तत्वावधान मे आयोजित श्री त्री दिवसीय मानस महायज्ञ उल्लासपूर्ण व भक्ति मय वातावरण मे 2 फरवरी से प्रारंभ हुआ था जिसका समापन 5 फरवरी को हुआ आयोजकों ने बताया की मानस महायज्ञ का भव्य आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है जिसमें स्थानीय ग्रामवासियों सहित आस पास के ग्राम के श्रद्धालु जन सम्मलित होकर श्री रामायण पाठ ज्ञान गंगा की बहती अविरल अमृत धारा का रस पान करते हैं इस वर्ष आयोजित श्री त्रि दिवसीय मानस महायज्ञ मे 30 से भी अधिक मानस मंडली भाग लेकर अपनी शानदार प्रस्तुति प्रदान की थी।

चिरायु स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

पिथौरा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिथौरा में कल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में 0 से 18 वर्ष तक के चिरायु दल द्वारा रिफर बच्चों का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिथौरा के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ बी.एस. बढई व चिकित्सक डॉ महेंद्र चौधरी के द्वारा जांच उपरांत उचित उपचार दिया गया । गम्भीर बिमारी से पीड़ित बच्चों को उच्च संस्था रिफर किया गया व दृष्टि दोष से पीड़ित बच्चों का नेत्र जांच कर तुरंत चश्मे का वितरण किया गया। उक्त शिविर मे चर्म रोग, गम्भीर रक्ताल्पता , दृष्टिदोष ,जोड़ो मे दर्द , विटामिन की कमी से होने वाले रोग से पीड़ित की संख्या अधिक थी। शिविर मे 105 बच्चों को स्वास्थ्य लाभ दिया गया। शिविर मे चिरायु के आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र प्रजापति ,डॉ आरती मिश्रा फार्मासिस्ट लेखरंजन पटेल,ज्ञानेश चंद्राकर,ए.एन. एम. राजकुमारी बंजारे ,ब्रिज नेताम, नेत्र सहायक अधिकारी रामखिलावन साहू ,उचिता दास,बेनुराम सिन्हा उपस्थित थे।उक्त शिविर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम जिला सलाहकार डॉ मुकुंद राव ,खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ तारा अग्रवाल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।उक्त जानकारी विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक जयकांत विश्वकर्मा के द्वारा दी गयी।

प्रदीप चौबे का समिति अध्यक्षों ने मनाया जन्मदिन

साजा। सेवा सहकारी समिति साजा कार्यालय के सामने छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व साजा के पूर्व विधायक प्रदीप चौबे का जन्मदिवस धूमधाम से अंचल के किसानों की उपस्थिति में मनाया गया। जिसमे महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। इस अवसर पर केक काटकर मिठाई वितरण किया गया। साथ साथ ही सरकारी अस्पताल में जाकर मरीजों को फल वितरण किया गया।

250 यात्रियों के लिए अस्थाई स्टापेज नहीं मिला, द्वारिका तीर्थ के लिए यात्रीगण रवाना

नव प्रदेश संवाददाता

भाटापारा। नगर की धार्मिक संस्था के बैनर तले लगभग 250 यात्रियो से ज्यादा का जत्था गुरुवार को रायपुर से सोमनाथ के लिए बिलासपुर हापा एक्सप्रेस से रवाना हुआ। इन तीर्थ यात्रियो में अधिकांश बुजुर्ग यात्रियो के लिए रेलवे से उक्त ट्रैन का एक दिन 2 मिनट का अस्थाई स्टापेज देने की लिखित रूप से मांग भी क्षेत्र के लोगो ने की थी ,लेकिन रेल प्रशासन ने बुजुर्ग यात्रियो की सुनवाई ना करते हुए ट्रैन को ठहराव देने से मना कर दिया,,जिससे यात्रियो को तकलीफो का सामना करने मजबूर होना पड़ा। नगर की धार्मिक संस्था बोल बम सेवा समिति के द्वारा गुरुवार को लगभग 250 से ज्यादा यात्रियो को बिलासपुर हापा एक्सप्रेस में उक्त ट्रैन का भाटापारा स्टापेज ना होने के कारण रायपुर बिलासपुर से आरक्षण था।इस यात्रा में अधिकांश बुजुर्ग यात्रीगण होने के कारण उक्त ट्रैन का 1 दिन के लिए मात्र 2 मिनट का अस्थाई स्टापेज के लिए रायपुर मण्डल के अधिकारीयो से निवेदन किया गया था,लेकिन इतने यात्रियो और बुजुर्ग यात्रियो के हित और बहुमूल्य समय को नजर अंदाज करते हुए रेल प्रशासन मात्र 2 मिनट का एक दिन के स्टापेज देने से इंकार कर दिया जिसके कारण लगभग 12 दिनों की तीर्थ यात्रा में अपना सामान,लगेज ले कर विभिन्न ट्रेनों से रायपुर पहुँच कर बिलासपुर हापा एक्सप्रेस से सोमनाथ,द्वारिका की यात्रा पर रवाना हुए।

डिब्बे बढ़ाये गए

उक्त ट्रैन में भाटापारा के तीर्थ यात्रियो की संख्या और ट्रैन में वेटिंग् की स्थिति को देखते हुए 2 स्लीपर और 1 ए सी थ्री टायर कोच को अतिरिक्त लगाया गया था,जिससे वोटिंग क्लियर तो हो गई लेकिन डिवीजन ने स्टापेज नही दिया।

19 को होगी वापसी

तीर्थ यात्रियो ने बताया की उनकी 12 दिवस की तीर्थ यात्रा का समापन 19 मार्च को होगा। सभी तीर्थ यात्री हापा बिलासपुर एक्सप्रेस से 17 तारीख को वहा से रवाना होंगे,और यहाँ स्टापेज ना दिए जाने के कारण आधी रात रायपुर प्लेटफार्म पर उतरकर रात बिताने मजबूर होंगे।

आज धीमे से निकली ट्रैन

जिस ट्रैन को आज एक दिन के लिए रोकने की मांग कर रहे थे वह बिलासपुर हापा एक्सप्रेस अप लाइन से भाटापारा स्टेशन धीरे आई और फिर वेस्ट केबिन से मिडिल लाइन होकर रायपुर तरफगई।

रेलवे बोर्ड से लेंगे आरटीआई में जानकारी

अपने परिजनों को छोड़ने आये लोगो ने कहा की अस्थाई एक दिन के स्टापेज के मामले में रेलवे बोर्ड से आर टी आई में जानकारी ली जायेगी।

कोयला परिवहन बंद करने की शिकायत पर पहुंची पर्यावरण की टीम

प्रदूषण पर नकेल कसने पालिका ने की पुरजोर मांग

नव प्रदेश संवाददाता

खरसिया। जनहित के मद्देनजर नगरपालिका खरसिया तथा ग्राम पंचायत मौहापाली ने स्टेशन पर बने रैक प्वाइंट से कोयले की लोडिंग अनलोडिंग पर बैन लगाने हेतु प्रस्ताव पास किया, वहीं पर्यावरण विभाग तक बात पहुंचाई थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए पर्यावरण की टीम ने शुक्रवार को खरसिया पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया एवं फैलते प्रदूषण को स्वयं देखा। विदित हो कि सभी नियम कानूनों को ताक में रखते हुए बिना एनओसी के प्लेटफार्म एवं रहवासी स्थान से महज 50 फीट की दूरी पर ही कोयला रेट पॉइंट संचालित किया जा रहा है। ऐसे में जब पर्यावरण विभाग की टीम जब मौका मुआयना के लिए आई तो सैकड़ों की संख्या में लोगों ने कोयले से बिगड़ते स्वास्थ्य एवं हर घर की छत पर कोयला डस्ट होने की शिकायत करते हुए पीने के पानी तक में कोयले के घुल जाने की बातें कहीं।

पर्यावरण वैज्ञानिक ने पाई बड़ी खामियां : प्रदूषण की जांच करने आए पर्यावरण वैज्ञानिक सूरज ध्रुव की टीम ने साइडिंग जांच के दौरान काफी खामियां देखीं। ऐसे में उन्होंने प्रतिवेदन में लिखा है कि रेलवे साइडिंग में कोयला जमा किया जाना पाया गया, वहीं गाड़ियों के आने जाने से अत्यधिक मात्रा में डस्ट उड़ता पाया गया। ऐसे में भी साइडिंग में पानी छिड़काव की कोई व्यवस्था नहीं पाई गई। कोयले की डंपिंग प्लेटफार्म से लगभग 50 मीटर की दूरी पर करना पाया गया। ग्रामीणजनों द्वारा जांच टीम को बताया गया कि अत्यधिक प्रदूषण के कारण काफी लोग बीमार हो रहे हैं, वहीं तीन चार लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है।

प्रदूषण से कई वार्ड हैं प्रभावित : नगर के मध्य स्थित रेलवे स्टेशन पर कोयला परिवहन करने से बेशुमार डस्ट एवं प्रदूषण फैल रहा है, जिसकी जद में ना सिर्फ नगरवासी वरन पूरा मौहापाली गांव भी आ चुका है। यूं तो यह प्रदूषण साफ तौर पर वार्ड नंबर 1, 2 तथा 13, 14 को प्रभावित कर रहा है, परंतु वार्ड नंबर 11 के निवासी जयप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि उनके घर तक भी कोयले की डस्ट प्रचुर मात्रा में उड़ती हुई पहुंच जाती है, जो बच्चों के स्वास्थ्य के साथ पूरे परिवार के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रही है।

नगर को प्रदूषण मुक्त करने प्रतिबद्ध है पालिका -राधा शर्मा

नगर पालिकाध्यक्ष राधा सुनील शर्मा ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे रेक पॉइंट में कोयले के अवैध परिवहन को बंद करने के लिए नगर पालिका प्रतिबद्ध है। वहीं कहा कि रेक पॉइंट से शासन को मिल रहे रेवेन्यू के लिए रासायनिक खाद एवं राशन सामग्री के परिवहन पर हमें कोई आपत्ति नहीं, परंतु लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।

मनरेगा अभिसरण कार्यो से जिले में विकास कार्यो को मिली गति

गरियाबंद। गरियाबंद जिले में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत अभिसरण के कार्यो से विकास कार्यो को गति मिली है। मनरेगा अभिसरण कार्यो की समीक्षा के लिए आज जिला पंचायत के सभा कक्ष में जिला अभिसरण संमन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्याम धावड़े के अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत अभिसरण के कार्यो का जिला अभिसरण कार्य योजना हेतु समस्त विभागों के साथ पूर्व वित्तीय वर्षो में किये गये कार्यो की समीक्षा एवं वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कार्य योजना तैयार किये जाने हेतु रायशुमारी की गई। कलेक्टर श्री धावड़े ने कहा कि अभिसरण कार्यो में सभी विभागों का भागीदारी होना चाहिए। विभागीय बजट में मनरेगा के साथ अभिसरण करने पर बेहतर कार्य होंगे।

भूपेश सरकार के विकसोन्मुखी बजट की सभी संवर्ग के लोग कर रहे प्रशंसा

नव प्रदेश संवाददाता

साजा। छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार के संवर्ग विकसोन्मुखी बजट की सभी कर रहे प्रसंशा। होगी भी क्यो नहीं बजट को श्री बघेल ने सभी वर्गों को विशेष तौर पर ध्यान रखकर तैयार किया है। बजट में किसान, गांव, गरीब, सुपोषण, शिक्षकों, आंगनबाड़ी, महिला, युवा, बच्चे, शिक्षा, उद्योग, व्यापार आदि सभी को लेकर बनाया गया है। बजट पर साजा अंचल के जनप्रतिनिधियों ने सराहना करते हुए अपनी अपनी प्रतिकियाए दिए।

छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया भूपेश बघेल द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत राज्य का बजट जन मन को भाने ओर हितों वाला बजट है। मुख्यमंत्री ने बजट में प्रदेश की तरक्की ओर जनता की खुशहाली को सर्वपरि मानते हुए बजट प्रस्तुत किया है। प्रदेश के सभी वर्गों इस बजट में समावेश किया गया है। सबसे अच्छी बात इस बजट में अन्नदाता किसानों और कृषि क्षेत्र को सर्वप्रथम प्राथमिकता दी गई है। किसानों को धान खरीदी में अंतर की राशि 685 रुपये को राजीव किसान न्याय योजना अंतर्गत प्रावधान कर प्रदेश के किसानों के लिए 5100 करोड़ की राशि देने की बात की है। वही मुख्यमंत्री ने सुपोषण में 60 करोड़ आंगनवाड़ी के लिए, 25 करोड़ महतारी जतन योजना में, 31 करोड़ शिक्षाकर्मियों को संविलियन जैसे महत्वपूर्ण बातो का इस बजट में उल्लेख किया हैं। प्रदेश की कांग्रेस नीति व भूपेश सरकार किसान, गरीब, मजदूर, महिलाओ, बच्चों, युवाओ के हितों और उनकी मजबूती की दिशा में कार्य कर रही है।

बोर्ड परिणाम सुधारने के लिए शिक्षकों की अभिनव पहल

डौंडी। शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर मे प्राचार्य श्री बी के बहुरूपी के मार्गदर्शन और प्रेरक नेतृत्व में शिक्षकों की आपसी सामंजस्य से बोर्ड परीक्षार्थियों के मुताबिक माहौल एवं शिक्षकीय दायित्व के नये आयाम गढ़ने के नेक मनसा से शाला स्तर पर एजेंडा तैयार किया गया जिसके परिपालन में बच्चों को परीक्षा में शत प्रतिशत सफलता दिलाने में शिक्षकों एवं पालकों का योगदान में प्राचार्य श्री बी के बहुरूपी ने प्रकाश डाला साथ ही शिक्षक का जुड़ाव बालक - बालिका एवं पालकों तक होने चाहिए कि आवश्यकता को पूरा करने संपर्क किया जाना चाहिए और इस पर संपूर्ण शिक्षकों द्वारा कम्यूनिटी विजिट के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम के सदस्यों के साथ उनके घर -घर जाकर बच्चों को, उनके पालकों को परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के खान-पान एवं रहनसहन के प्रति सजग रहने के तरीके बताए।

होटल की आड़ में में शराब पिलाने और सट्टे का कारोबार करने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

भाटापारा। स्टेशन रोड़ की होटलो में शराब परोसने की लगातार बढ़ती शिकायत पर नवपदस्थ आई पी एस अंकिता शर्मा ने दबिश देते हुए होटल से विभिन्न ब्रांड की 15 बोतल शराब और मोबाईल में चल रहे लाखो रूपये के सट्टा को पकड़ कर पिता पुत्र के खिलाफ आबकारी और जुआ एक्ट के तहत शहर पुलिस ने कार्यवाही की है। उपरोक्त सम्बन्ध में शहर थाने से मिली जानकारी अनुसार स्टेशन रॉड की होटल दिलीप में नवपदस्थ आई पी एस अधिकारी अंकिता शर्मा के साथ शहर थानेदार महेश कुमार धुव ने बुधवार की रात को दबिश दी। जहाँ होटल में तलाशी के दौरान विभिन्न ब्रांड की 15 पाव शराब जब्त की गई। पुलिस ने बताया की आरोपी ग्राहक के मांगने पर अपने वाहन से शराब को भी पहुचाने का काम किया करता था। पुलिस को रेड कार्यवाही के दौरान मोबाईल में लाखो रूपये का सट्टा खिलाये जाने पर जब्ती की कार्यवाही भी गई। होटलो में अवैध कारोबार की जानकारी नीतूकमल पुलिस अधीक्षक को देते हुए उनके निर्देश् पर अंकिता शर्मा आईपीएस, निरीक्षक महेश ध्रुव थाना प्रभारी भाटापारा शहर एवं उपनिरी नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में की गई। आईपीएस अंकिता शर्मा के नेतृत्व में पुलिस की उक्त टीम द्वारा दिनांक 04.03.2020 की रात्रि में दिलीप होटल भाटापारा में रेड कार्यवाही किया गया। जिसमें होटल संचालक दिलीप से 18 बाटल अंग्रेजी शराब, एक तंबाकू वाला हुक्का, नशा करने का सामान सिगरेट वगैरह जब्त किया गया।

छग के विकास को नई दिशा प्रदान करने वाला है बजट : मनोज मिश्रा

नव प्रदेश संवाददाता

मैनपुर। गरियाबंद जिला कांग्रेस के मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष एवं मैनपुर ब्लॉक जनपद सदस्य मनोज मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस सरकार की दूसरी बजट को आम छत्तीसगढ़ियों की विकास एवं नवा छत्तीसगढ़ के विकास व उम्मीदों को पूरा करने सहायक होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सर्वहारा वर्गों के हितों ध्यान में रखकर बजट पेश किया गया हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों को समर्थन मूल्य की अंतर राशि प्रदान करने से किसानों के चेहरों मे खुशी का लहर देखा गया है, तो वहीं 2 वर्ष पूर्ण कर चुके शिक्षाकर्मियों के संविलियन की घोषणा से सरकार ने अपना एक ओर वादा को पूरा कर दिया हैं। गांव में गरीब किसानों के साथ-साथ शिक्षा,स्वास्थ्य, एवं अधोसंरचना पर भी पर्याप्त राशि का प्रावधान रखा गया हैं। आईआईटी,एवं आईआईएम,में चयनित छात्रों को पढ़ाने एवं नौकरी का जो जिम्मा हमारी सरकार ने उठाया हैं वह अपने आप में अभूतपूर्व हैं।

नपं साजा क्षेत्रांतर्गत करोड़ों की सौगात

नव प्रदेश संवाददाता

साजा। छत्तीसगढ में विधान सभा सत्र कें दौरान नगर पंचायत साजा क्षेत्रांतर्गत करोडों की सौगात बजट में प्रस्ताव रखा गया था, जिसमें पूर्ण रूप सें इसें बजट में पारित किया गया जिसमें नगर पंचायत साजा क्षेत्रांतर्गत अनूसचित जाति एवं जन जाति वर्ग कें पोस्ट मैट्रिक एवं प्री मैट्रिक छात्र-छात्रों कें छात्रावास का निर्माण हेतु 6 करोड रूपये का बजट में प्रावधान किया हैं, एवं कोदवा साजा सिल्हाटी मार्ग तथा देवकर साजा खम्हरिया मार्ग कें बनाये जानें हेतु लगभग 150 करोड रूपयें का बजट प्रस्तुत हुआ जिससें नगर पंचायत साजा क्षेत्रांतर्गत विकास कें नया आयाम खुल रहा हैं जिससें आनें वालें समय हेतु सडक सें आनें जानें की समस्याओं सें निजात मिलेगी तथा 02 वर्ष पूर्ण किये शिक्षकों कों संविलियन का भी घोषणा की तथा किसानों कों 2500 रू. का समर्थन मूल्य दिये जानें का घोषणा किया गया ।

होली बाजार सजा, चाइनीस पिचकारी की चमक फीकी

नव प्रदेश संवाददाता

खरोरा। होली त्योहार के लिए बाजार पूरी तरह से सज चुका है। पर्व के मद्देनजर स्थानीय बाजार में रंग- गुलाल पिचकारी तथा उपयोगी दूसरे साजो, समान की कई दुकानें सज गई है । होली त्यौहार को लेकर बाजार में रंग-बिरंगे एवं बच्चों के मनमोहक पिचकारिया पहुंच चुकी है । दुकानों से तैयार हो चुका है जिस पर लोगों की भी खरीदारी के लिए जुटने लगी है हालांकि इस वर्ष चाइनीस पिचकारिया की चमक फीकी दिखाई दे रही है । अभी गन पिचकारी ,जानवरों की आकृति इस पिकारियो की बिक्री अधिक है ।रंगों में भी गुलाल ,पानी में घुलने वाले रंगों का भी अपना अलग दिखाई दे रही है। वर्तमान में बाहुबली पिचकारी , पेंसिल , गिटार , समेत कई नुमा पिचकारिया टिक टॉक क्रेज वाली टी-शर्ट लोगों को काफी पसंद आ रही है। विक्रेता प्रेमपाल ने बताया कि इस बार चाइनीस पिचकारी नहीं बेच रहे हैं।

सुनील माहेश्वरी के जन्मदिन में उमड़ा जन सैलाब, होली मिलन के बहाने बधाई देने पहुंचे नेता

नव प्रदेश संवाददाता

भाटापारा। होली मिलन समारोह एवं छाया विधायक सुनील माहेश्वरी का जन्मदिन धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ नगर भवन में मनाया गया, समारोह में प्रदेश कांग्रेस महामंत्री सूर्यमणि मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, प्रदेश सचिव सुशील शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यदु, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, हितेंद्र ठाकुर, प्रदेश प्रतिनिधि सतीष अग्रवाल, ने पहुंचकर सुनील माहेश्वरी को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी।

उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि यह समारोह में आप सभी की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि आप सभी के सुख दुख में आपके साथ रहने वाला सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में मदद करने वाला सुनील माहेश्वरी है मेरा आशीर्वाद है 2023 में जनता का आशीर्वाद प्राप्त हो एवं छाया हटकर प्रकाश हो। प्रदेश महामंत्री सूर्यमणि मिश्रा ने मुबारकबाद देते हुए माहेश्वरी को जननायक बताया। जिला अध्यक्ष दिनेश यदु ने महेश्वरी की कार्य क्षमता एवं जुझारू पन की सराहना की एवं उज्जवल भविष्य की कामना की, प्रदेश सचिव सुशील शर्मा ने 2023 में विधायक बनाने का वायदा किया एवं सुनील माहेश्वरी को ÷छाया विधायक÷ पद जोकि पीएल पुनिया ने दिया था उस पद पर खरा उतरने वाला कांग्रेसका सच्चा सिपाही बताया।

पूर्व विधायक बलोदा बाजार जनक राम वर्मा ने माहेश्वरी को सत्ता एवं संगठन का सच्चा सेतू बताया। इसके पूर्व श्री माहेश्वरी का भाटापारा आगमन पर जगह-जगह स्वागत किया गया वृंदावन कॉलोनी, गोपाल ऑटो ,नाका नंबर 1 महारानी चौक में स्वागत एवं केक कटवाया गया साथ ही स्टेट बैंक के सामने धान से तौला गया। जन्मदिन समारोह के साथ ही होली मिलन का कार्यक्रम भी रखा गया था कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, ग्रामीण अध्यक्ष भरत वर्मा , जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा जनपद अध्यक्ष संगीता साहू, उपाध्यक्ष सुरेंद्र यदु ,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा वरिष्ठ कांग्रेसी सतीश अग्रवाल, आलोक मिश्रा ,महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी बाई साहू ,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि केतुमान साहु, गोपाल साहू, जनपद सदस्य सभापति नगर पालिका पार्षद सभापति एवं बूथ सेक्टर जॉन के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

131 उपभोक्ताओं पर विद्युत विभाग ने की वसूली की कार्रवाई

- 62 के कनेक्शन कटे तो 69 ने की रकम अदा, कार्रवाई टीम में 9 अधिकारी थे शामिल
- दो माह तक रुका बिल तो नहीं मिलेगा बिजली बिल हाफ का लाभ

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कवर्धा विद्युत संभाग के अंतर्गत 09 अधिकारियो की टीम बनाकर उन बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटे गए, जिनकी बकाया राशि 5000 से अत्यधिक थी। 09 टीम का गठन किया गया जिसमें प्रत्येक टीम में तीन लोगों षामिल थे। जिसमें एक प्रमुख अधिकारी षामिल थे। और उनके साथ दो लाइन मेन थे। अधिकारी के द्वारा जो दिशा निर्देश दिए जा रहे थे। उन दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुए बकायादारो के लाइन कनेक्शन काटने का काम सुचारु रुप से किया गया। इस टीम में लगभग 27 लोग षामिल थे। जिसमें 09 अधिकारीयो ने कार्य का संचालन करते हुए कारवाई कियां। इस कार्यवाही में कवर्धा विद्युत संभाग को नगद राशि के रूप में 04 लाख 13 हजार 351 रुपए की राशि प्राप्त हुई। वहीं इस तरह कुल 62 कनेक्शन धारियों के ऊपर कार्रवाई की गई और उनके बकाया राशि 5000 से अधिक होने के चलते उनका विद्युत कनेक्शन काट दिया गया है। विभागीय जानकारी के अनुसार इन विद्युत उपभोक्ताओं पर 4 लाख 81 हजार 554 रुपए की बकाया राशि थी। विद्युत विभाग के द्वारा 131 लोगों का नाम चिन्हांकित किया गया। जिनके 5000 रुपए से अधिक के राशि बकाया थी। इनमें 69 उपभोक्ताओं ने कार्रवाई से पहले ही बकाया राशि अदा कर दी। वहीं 62 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए।

दो माह तक रुका बिल तो नहीं मिलेगा लाभ

विभागीय जानकारी के अनुसार जिन विद्युत उपभोक्ताओं के द्वारा लगातार दो माह से बिजली का बिल अदा नहीं किया जा रहा है। ऐसे उपभोक्ताओं को राज्य सरकार के द्वारा घोषित किए हुए बिजली बिल हाफ का लाभ नहीं मिल पाना है। विद्युत विभाग ने यह भी कहा कि जिन्हें इस योजना का लाभ लेना हो वह प्रत्येक माह अपनी विधुत की बकाया राशि जमा कर इस योजना का पूरा-पूरा लाभ ले सकते हैं।

कार्रवाई में ये अधिकारी थे शामिल

वहीं विभाग के अनुसार यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस कार्रवाई में मुख्य रुप से अधिकारी छगन शर्मा ए.ई. कवर्धा जोन, के.के.झा ए.ई. सहसपुर लोहारा, पूजा चंद्राकर जे.ई. कवर्धा ग्रामीण, आशीष सोनी जे.ई. पिपरिया, एस.के.गुप्ता जे.ई. रामपुर, गणेश चन्द्रवंशी जे.ई. सहसपुर लोहारा, अमन जे.ई. बिडौरा, कोमल साहू जे.ई. रबेली, माया भारती जे.ई. राजानवागांव।

18 लाइनमैन भी थे टीम का हिस्सा

टीम के साथ ही 18 लाइनमैन सहयोगी के रूप में इन अधिकारियों के साथ थे। अधिकारियों के दिशा निर्देश के अनुसार ही इन लाइनमैन के द्वारा विद्युत कनेक्षन काटने का कार्य किया गया। विभाग ने इस कार्रवाई में सफलता हासिल की है।

बाल विवाह की थी तैयारी, विभाग ने रुकवाया

कवर्धा। शादी विवाह की सीजन प्रारंभ होते ही बाल विवाह भी शुरू हो जाता है। विभाग व बाल सरंक्षण टीम की सक्रियता के चलते बोड़ला ब्लाक अंतर्गत वनांचल गांव में नाबालिग बाल विवाह की अग्नि कुंड मे जलने से बच गई। झलमला थाना अंतर्गत ग्राम सोरू में एक 14 वर्ष से कम उम्र की बालिका की सगाई परिजनो द्वारा की जा रही थी। जानकारी मिलते ही महिला एंव बाल विकास विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर पालको को समझाइष देकर सगाई रूकवाया। बाल सरंक्षण अधिकारी सत्य नारायण राठौर ने बताया कि अधिक मुहूर्त आते ही बाल विवाह शुरू हो जाता है। जिले के करीब 12 बाल विवाह विभाग ने रूकवांए है।

घोषणा करने के करीब एक हफ्ते बाद भी उपार्जन केन्द्रो में धान खरीदी प्रारंभ नहीं

नव प्रदेश संवाददाता

पांडातराई। घोषणा करने के करीब एक हफ्ते बाद भी उपार्जन केन्द्रो में धान खरीदी प्रारंभ नही हुई है। किसानो को धान उपार्जन केन्द्रो में रखा हुआ है। ऐसे में किसान धान खरीदी प्रारंभ होने का इंतजार कर रहे है।

गौरतलब है कि गत दिनों किसानो ने धान खरीदी की तिथि को आगे बढ़ाने, जिन किसानो का टोकन कट चुका है उनका धान खरीदने, पर्याप्त बारदाना उपलब्ध कराने आदि मांग को लेकर जिले के विभिन्न इलाको में सडक पर उतरकर आंदोलन किए थे। जगह-जगह चक्काजाम किए। इसके बाद मुख्यमंत्री भूपेष बघेल ने जिन किसानों का टोकन कट चुका है उन किसानो का धान खरीदी किए जाने की घोषणा की थी, जिससे किसानों ने राहत की सांस ली थी, लेकिन मुख्यमंत्री के घोषणा के करीब एक हफ्ते बाद भी उपार्जन केन्द्रो में धान खरीदी प्रारंभ नही हो पाई है। इससे किसान चिंतित है। पूर्व में धान खरीदी के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 20 फरवरी को किसानों ने अपना पूरा धान उपार्जन केन्द्रो में ले जाकर रख दिया था। तब से लेकर आज तक कई किसानो का धान उपार्जन केन्द्रो मे ही रखा हुआ है। उपार्जन केन्द्रो मे धान खरीदी प्रारंभ किए जाने को लेकर अब तक कोई विभागीय सूचना नही दी गई है।

किसानों को करोड़ों की सम्मान निधि देने पर सीएम का जताया आभार

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। प्रदेश कांग्रेस के प्रदेष उपाध्यक्ष लाल बहादुर चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष चन्द्रशेखर शुक्ला सहित प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुख्यमंत्री निवास रायपुर में मुलाकात कर बजट को लेकर धन्यवाद ज्ञापित किया। लाल बहादुर ने कहा कि किसानों को यह सम्मान आज तक इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ होगा। छ.ग. के माटीपुत्र के द्वारा जो लगातार किसानों के हित में कार्य किया जा रहा है, वह सराहनीय है, सरकार बनते ही मुख्यमंत्री भूपेष बघेल के द्वारा बड़ा फैसला लिया गया और वादा के मुताबिक 2500 रू. समर्थन मूल्य में धान खरीदी की और उसके बाद किसानों का पाई-पाई का कर्जा माफकिया, सहकारी बैंक ही नहीं जिन किसान भाईयों ने राष्ट्रीयकृत बैंक से कर्जा लिया उसे भी स्वीकार करते हुए वादा के मुताबिक माफ किया और अब इस बार की बजट में किसानों को धान की अंतर की राषि लगभग 5100 सौ करोड़ का बड़ी घोषणा कर यह साबित कर दिखाया की हमारा मुख्यमंत्री किसानों का कितना हितैषी हैं। केन्द्र सरकार के विरोध करने के बावजूद छ.ग. के किसान भाईयों के साथ खड़ा रहते और उनके सुख-दुख में हमेयाा साथ रहने का संकल्प हमारी सरकार ने ली है। श्री चन्द्रवंशी ने 2020 की बजट को ऐतिहासिक बताया है।

बहला-फुसलाकर युवती के साथ दैहिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

पंडरिया। दिनांक 10.02.20 को नाबालिग युवती ने घर से बिना बताये कही चली गई थी जिसके घर वापस नही आने पर युवती के घरवालो ने उसकी तलाश किये किंतु युवती का कही पता नही चलने पर दिनांक 12.02.20 को थाना कुकदूर में रिपोर्ट करने पर मामला संवेदनशील एंव नाबालिग युवती का होना पाए जाने से डॉ.लाल उमेन्द्र सिंह पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के मार्गदर्शन एंव अनिल सोनी अति.पुलिस अधीक्षक, एन.के.बेंताल अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया के दिशा निर्देश मार्गदर्षन में उप निरीक्षक बृजेश सिन्हा, थाना प्रभारी कुकदूर द्वारा पुलिस टीम बनाकर सघन रूप से युवती की पतासाजी शुरू की गई। पतासाजी के दौरान पता चला कि ग्राम नवरंगपुर निवासी तुकाराम उर्फ आर्यन लोनिया उम्र 20 साल थाना लोरमी जिला मुंगेली छत्तीसगढ का नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर अपरहण कर ले गया है। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा दंबिष देकर आरोपी तुकाराम उर्फ आर्यन के कब्जे से युवती को बरामद किया गया। विवेचना में आरोपी तुकाराम उर्फ आर्यन के द्वारा नाबालिग लडकी को बहला-फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर अपने एक अन्य साथी के साथ भगा कर आगरा ले गया और उसके साथ दैहिक शोषण करना पाये जाने पर आरोपी युवक के विरूद्ध धारा 363,366,376,34 भादवि धारा 4,6 पॉस्को एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

लोकवाणी का प्रसारण 8 को : कवर्धा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 8वीं कड़ी का प्रसारण आगामी 8 मार्च को होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार 'महिलाओं को बराबरी के अवसर' विषय पर प्रदेशवासियों से बात करेंगे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

कोरोनाः छत्तीसगढ़...

उन्हें आईडीएसपी के निर्देशानुसार सैंपल नागपुर के वीआरडीएल ही भेजना पड़ा। हालांकि मेकाहारा के सूत्रों ने यह भी बताया (शुक्रवार की दोपहर) कि एम्स से अब उन्हें कहा गया है कि अब वे कोई भी सैंपल नागपुर भेजने से पहले उन्हें जरूर बता दें क्योंकि उनके (एम्स) में यह सुविधा शुरू होने जा रही है। वहीं देर शाम को एम्स से जानकारी मिली की यहां कोरोना टेस्टिं शुरू हो चुकी है। अस्पताल को चार सैंपल मिले है, जिनमें से तीन निगेटिव आए हैं और एक की जांच चल रही है।

ग्राहक घबराएं नहीं...

ला सकेंगे। यस बैंक ने अनिल अंबानी, एसेल ग्रुप, डीएचएफएल, वोडाफोन जैसी कंपनियों को लोन दिया जो डिफॉल्ट हुए हैं। ये सभी मामले 2014 से पहले के हैं जिस समय यूपीए सत्ता में थी।

मोदी सरकार ने...

बैंक के शेयर 50 फीसदी तक गिर गए। चिदंबरम ने ट्वीट किया है, क्या यह सही है कि एसबीआई, यस बैंक में 'निवेश के अवसर तलाश रही है?' एसबीआई को यस बैंक में निवेश क्यों करना चाहिए? चिदंबरम ने एक दूसरे ट्वीट में कहा, 'एसबीआई को एक रुपये में यस बैंक की ऋण पुस्तिका को कब्जा कर लेना चाहिए, ऋण की वसूली करनी चाहिए और साथ ही जमाकर्ताओं को आश्वस्त करना चाहिए कि उनका पैसा सुरक्षित रहेगा और उन्हें वापस कर दिया जाएगा।' पी. चिदंबरम ने ट्वीट कर कहा है, 'मार्च 2014 के अंत में लोन 55,633 करोड़ रुपये था, जो मार्च 2019 के अंत बढ़कर 2,41,499 करोड़ रुपये हो गया है। मार्च 2017 के अंत में यह आंकड़ा 1.48,675 रुपये था, जो बढ़कर मार्च 2019 के अंत में 2,41,499 हो गया. नोटबंदी के बाद लोन ने छलांग लगाई है।'

कांग्रेस मंत्री बोले.....

ने यह भी कहा कि वर्तमान में वह अपने परिवार की चिकित्सा में व्यस्त हैं। उन्होंने स्पष्ट किया, 'इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है कि मैं गुरुवार रात मुख्यमंत्री कमलनाथ से उनके आवास पर मिला था। इस मामले में मीडिया में जो तस्वीर दिखाई जा रही है वह गलत है। उस तस्वीर में चेहरा ढंकने वाला व्यक्ति मैं नहीं हूं।' इससे पहले बुधवार को भाजपा नेताओं द्वारा कथित तौर पर प्रदेश कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने के आरोपों के बीच सरकार ने आदेश जारी कर पाठक की कंपनी की लौह अयस्क खदानों को बंद करने के आदेश जारी किए। संजय पाठक पूर्व में कांग्रेस के विधायक थे, बाद में वह भाजपा में शामिल हो गए और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के शासन काल में मंत्री भी रहे।

कोरोनाः सोनिया...

है कि कोरोना वायरस को लेकर राज्य सरकार की ओर से पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्वीपमेंट(पीपीई) का हेल्थ वर्कर्स के माध्यम से अधिकाधिक उपयोग किया जाए। जनसभा और भीड़ आदि निर्मित न हो, इस आशय की पहल की जाए। आमजनता को यथासंभव अधिक से अधिक सुविधाएं मुहैय्या कराई जाए, ताकि वे इस वायरस का शिकार न हो। उल्लेखनीय है, कि छत्तीसगढ़ में कोरोना वायरस को अधिकाधिक सतर्कता बरती जा रही है। विभिन्न अस्पतालों में कोविड-19 के संदिग्ध मरीजों की जांच की जा रही है।

बीजापुर में भीषण...

तथा राजेश सभी निवासी बीजापुर शामिल हैं। मृतक सुखलाल पांडे 21 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशत्र बल में ट्रेड आरक्षक थे।

महिलाओं की सुरक्षा...

सांस्कृतिक, राजनीति और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों का उल्लेख किया जाता है। साथ ही इस मोर्चे पर अब तक हुई प्रगति तथा भविष्य की नीति पर भी विचार विमर्श किया जाता है। इस वर्ष महिला दिवस रविवार को है और उस दिन संसद में अवकाश होने के कारण श्री नायडू ने अपनी टिप्पणी आज की।

वनांचल क्षेत्र सिंघारी में क्रिकेट मैच का समापन

कवर्धा। डॉ. लाल उमेद सिंह पुलिस अधीक्षक कबीरधाम, अनिल कुमार सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के निर्देशन में अजीत ओगरे पुलिस अनुभाग अधिकारी बोडला एवं थाना प्रभारी बोडला संतराम सोनी के नेतृत्व में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत वनांचल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 05-02-20 से 5-03-20 तक कबीरधाम पुलिस एवं समस्त ग्रामवासी सिंघारी के संयुक्त तत्वाधान में क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। उक्त कार्यक्रम में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के ग्राम के कुल 22 टीमों ने भाग लिया और अच्छा प्रदर्शन किया।

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर छ.ग.
ईश्तहार
क्रमांक/क/तह./वा.-1/2020
बिलासपुर, दिनांक 03/02/2020

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदक अजय सिदारा पिता हरिराम सिदारा निवासी तिफरा द्वारा छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक/एफ-4-07/सात-1/2019 दिनांक 11.09.2019 नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के व्यवस्थापन योजना के अनुसार कलेक्टर महोदय बिलासपुर के समक्ष मौजा तिफरा प.ह.नं. 40 तहसील बिलासपुर स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 1416/1 क में से रकबा 7500 व.फु. भूमि के भू-आबंटन/ पट्टा प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन के लिए इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

यदि किसी संस्था/व्यक्ति को उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 07/03/2020 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किए जावेंगे।

आज दिनांक 03/02/2020 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

सील — तहसीलदार बिलासपुर

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर छ.ग.
ईश्तहार
क्रमांक/क/तह./वा.-1/2020
बिलासपुर, दिनांक 03/02/2020

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदक संजय सिदारा पिता स्व. हरिराम निवासी तिफरा द्वारा छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक/एफ-4-07/ सात-1/2019 दिनांक 11.09.2019 नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के व्यवस्थापन योजना के अनुसार कलेक्टर महोदय बिलासपुर के समक्ष मौजा तिफरा प.ह.नं. 40 तहसील बिलासपुर स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 1416/1 क में से रकबा 7500 व.फु. भूमि के भू-आबंटन/ पट्टा प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन के लिए इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

यदि किसी संस्था/व्यक्ति को उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 07/03/2020 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किए जावेंगे।

आज दिनांक 03/02/2020 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

सील — तहसीलदार बिलासपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर-08 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Phon No. 0771-6988869 Email ID emzoneii@yahoo.com
GST No.22AAECA9783D22ZP

//आम सूचना//

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सड्डू रायपुर में स्थित एलआईजी भवन क्रमांक- 1457 श्रीमती ममता नायडू पति श्री एस. जयेश कुमार नायडू को आफर/स्वावित्तीय/ भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया था। आबंटी द्वारा दिनांक 05.02.2020 को अपने नाम पर सेलडीड/ लीजडीड पंजीकृत कराने के उपरांत उक्त भवन/दुकान को वर्तमान में श्रीमती कुसुम देवी धीवर पति श्री धनउराम धीवर पता- दलदल सिवनी मोवा, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन/दुकान के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, सड्डू, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)
// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा //

क्रं. 1542 निविदा/ आन लाईन/2019-20 राजनांदगांव, दिनांक 02/03/2020

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु आन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्रं.	सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य का नाम	निविदा आन लाईन भरने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
1	61782	Transporting of water tanker capacity of 24000 Ltr. rental basis (driver, helper & disel, oil and mantaince) tender Different ward Municipal Corporation Rajnandgaon.	23.03.2020

उपरोक्त कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति , निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn.com & https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेंट पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा। वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

न्यायालय जिला दण्डाधिकारी रायपुर (छ.ग.)
नोटिस
क्रमांक/247/ब-121/2018-19/289
रायपुर, दिनांक 12 फरवरी, 2020

प्रति,
अविनाश कुमार सिन्हा व कामता सिन्हा
2. श्रीमती भारती बाला सिन्हा पति अविनाश
दोनों निवासी म.नं. 11/38 फेस-1
आर.पी. नगर कोसाबाड़ी जिला कोरबा

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी एक्सिस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पंडरी जिला रायपुर की ओर से अमित मिश्रा अधिवक्ता द्वारा आवेदन पत्र/ शपथ पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र के द्वारा आपको बैंक से 1,63,99,482.00 रुपए का ऋण दिया गया था, और अविनाश कुमार सिन्हा के स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखी गई थी। किंतु आप ऋण की अदायगी नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण आपको बैंक द्वारा अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रुपया 1,60,54,186.00 अदा करे, अन्यथा आपके ऋण के एवज में बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाए जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी एक्सिस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पंडरी जिला रायपुर से 1,63,99,482.00 रुपए का ऋण प्राप्त कर अविनाश कुमार सिन्हा के स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखी गई है।

3/ अतः आपके द्वारा लिए गए ऋण के पक्ष में अविनाश कुमार सिन्हा के स्वामित्व की बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 16 मार्च, 2020 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक 12 फरवरी, 2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — जिला दण्डाधिकारी रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील लवन, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
सूचना
क्र./295/ना.तह./वा./2020, लवन, 26/2/20
रा.प्र.क्र. 61/अ-27/वर्ष 2017-18
आनलाईन नं. 201806211500024

आवेदक :-
बरातूराम पिता उदल जाति राउत निवासी ग्राम पौसरी प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. व उप तहसील लवन, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

अनावेदक :-
गुरबाई पति स्व. मोहर, रामायण बाई, समायण बाई दोनों पिता उदल, धरम, बुधु, फूलचंद, सावित्री, महेश्वरी सभी पिता स्व. मोहर, जाति रावत, निवासी ग्राम पैसर प.ह.नं. 48, रा.नि.मं. व उप तहसील लवन, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

एतद् द्वारा इस तहरीर के जरिए आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक बरातूराम पिता उदल जाति रावत निवासी ग्राम पैसर प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. व उप तहसील लवन, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा ग्राम पैसर स्थित भूमि शामिलात भूमि खाता क्र. 61 में दर्ज ख.नं. 34/3, 67/4, 68/10, 68/12, 120/2, 153/4, 210/4, 543/7, 575/2 रकबा क्रमशः 0.056, 0.080, 0.071, 0.174, 0.101, 0.089, 0.105, 0.059, 0.044 हे. भूमि कुल ख.नं. 09 कुल रकबा 0.779 हे. भूमि का खाता विभाजन किए जाने बाबत आवेदन पत्र अंतर्गत छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 178 के तहत प्रस्तुत किया गया है, उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 18/03/2020 को नियत किए गए हैं। अतएव आप (अनावेदकगण) उक्त दिनांक 11.00 बजे मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा आप के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए सुनवाई का अवसर समाप्त कर खाता विभाजन किए जाने की कार्यवाही की जायेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/02/2020 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार, उप तह. लवन (बलौदाबाजार)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 535/2019-20
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-48

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-48 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 48/1230/1231 पंजाबी कालोनी जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती मानमति देवांगन/ रामसिंग, मंजु देवांगन/रामसिंग के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती मंजु देवांगन पिता स्व. रामसिंग देवांगन ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय जिला पंचायत दुर्ग (छ.ग.)
क्रमांक 4431/जि.पं./भंडार/2020 दुर्ग, दिनांक 6/3/2020

// नीलामी सूचना (इस्तिहार) //

जिला पंचायत भवन एवं डी.आर.डी.ए. भवन में उपलब्ध अनुपयोगी सामग्री दिनांक 11.03.2020 अपरान्ह 3.00 बजे कार्यालयीन प्रांगण में नीलामी की कार्यवाही की जावेगी। अनुपयोगी सामग्री को क्रय करने के इच्छुक फर्म/ व्यक्ति नीलामी की कार्यवाही में शामिल हो सकते हैं। नीलामी की जा रही सामग्री की सूची कार्यालय के सूचना पटल एवं एन.आई.सी. की वेबसाईट www.durg.gov.in में देखी जा सकती है।

कार्यालय में अनुपयोगी सामग्री का अवलोकन दि. 07.03.2020 से कार्यालयीन अवधि में स्टोर शाखा से संपर्क कर किया जा सकता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत दुर्ग

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र.-5, रायपुर (छ.ग.)
ईटगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं.-0771-4045819

क्रमांक/1674/राज./जोन क्र. 5/न.पा.नि./2020 रायपुर, दिनांक 05/03/2020

// निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिक निगम, रायपुर की नीचे दर्शित पार्किंग की वसूली हेतु इच्छुक व्यक्ति/ फर्म/ ठेकेदार/संस्था से (01 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2021 तक) के लिए बंद लिफाफे में दो लिफाफा पद्धति से निर्धारित प्रपत्र में स्पीड पोस्ट के माध्यम से रायपुर के किसी भी डाक घर से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। धरोहर राशि का डी.डी. जो राष्ट्रीयकृत बैंक का हो, आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से प्रथम लिफाफा में डी.डी. एवं आधार कार्ड की प्रति द्वितीय लिफाफा में निविदा दर प्रस्तुत करना होगा। निविदा दिनांक 16/03/2020 को शाम 5.30 बजे तक जोन क्र. 05 को प्राप्त हो जाना चाहिए। समय उपरांत प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 17/03/20 को दोपहर 4.00 बजे जोन क्र. 05 नगर पालिक निगम रायपुर में खोली जावेगी। निविदा हेतु चिल्हर सब्जी बाजार/ पार्किंग आदि का विवरण निम्नानुसार है :-

क्रमांक	पार्किंग का नाम	निविदा खोलने का दिनांक	आफसेट दर	अमानती दर
1	2	3	4	5
1	अनुपम गार्डन पार्किंग	निर्धारित स्थान पर	331000	82750

निविदा हेतु आवेदन का प्रारूप एवं शर्तें नगर पालिक निगम रायपुर के वेब साईड www.nagarnigamraipur.nic.in पर अथवा नगर पालिक निगम के जोन क्र. 05 तथा मुख्यालय के कार्यालय में देखी जा सकती है।

साफ-सफाई समस्या निराकरण संपर्क
महापौर स्वच्छता हेल्प लाईन 9301953294

जोन आयुक्त
जोन क्र. 05
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, सुकमा संभाग, सुकमा
निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-674/NIT-21/20192020/व ले लि दिनांक : 04/03/2020

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 19/03/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 26/03/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 27/03/2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र की कीमत (रु.में) :- A, 750.00 निविदा प्रपत्र की कीमत की राशि डी.डी. के माध्यम से स्वीकार की जावेगी।
निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत ''द'' से ''अ'' तक
कार्य की अवधि :- 02 माह वर्षा ऋतु सहित

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
21 T0178	Construction of Night Landing Helipad Facility at Thana Golapalli, Distt. Sukma प्रथम आमंत्रण	21.12 16000.00 633600.00
21 T0179	Construction of Night Landing Helipad Facility at Thana Chintagufa, Distt. Sukma प्रथम आमंत्रण	21.12 16000.00 633600.00
21 T0180	Construction of Night Landing Helipad Facility at Thana Jagargunda, Distt. Sukma प्रथम आमंत्रण	21.12 16000.00 633600.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाइट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-77619/5

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
सुकमा संभाग सुकमा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

20 किलो वजन घटायेंगी
कंगना रनौत

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत का कहना है कि उन्हें दो महीने में अपनी आने वाली फिल्मों के लिये 20 किलो वजन घटाना होगा। कंगना रनौत ने तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की बायोपिक मूवी 'थलाइवी' के लिए वजन बढ़ाया है। अब उनकी आगामी मूवीज 'तेजस' और 'धाकड़' के लिए उन्हें वजन घटाना होगा। कंगना ने इसका खुलासा सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर किया है। इस वीडियो में कंगना अपने ट्रेनर योगेश से परिचय करवाती देखी जा सकती हैं। वह योगेश से कहती हैं कि लगता है मेरा वजन 52 किलोग्राम है और 'थलाइवी' के लिए 10 किलो अतिरिक्त वजन बढ़ाया है। ऐसा कहने के बाद जब एक्ट्रेस मशीन पर वेट मापती हैं, तो उनका वजन 73 किलोग्राम सामने आता है। इस पर कंगना चौंक जाती हैं। फिर वह ट्रेनर से कहती हैं,'क्या मैं 'तेजस' और 'धाकड़' के लिए वजन कम कर पाउंगी?' योगेश कहते हैं,' हां, आप जरूर ऐसा कर लेंगी।

खुश रहना बेहद मुश्किल काम
जैकलीन फर्नांडीस

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री और पूर्व मिस श्रीलंका जैकलीन फर्नांडीस का कहना है कि खुश रहना बहुत मुश्किल है, जबकि दुखी और अवसादग्रस्त रहना बेहद आसान है। जैकलीन से पूछा गया कि आप हमेशा खुशदिल रहती हैं लेकिन जब आपको अपने व्यवहार का दूसरा रूप दिखाना पड़े तो क?या ये मुश्किल भरा होता है, इस पर उन्होंने कहा, ÷हमेशा खुश और पॉजिटिव रहने की सबसे नकारात्मक और परेशान करने वाली बात है कि जब भी आप कुछ अपने तरीके से करना चाहते हैं या अपनी कोई बात रखना चाहते हैं, कोई भी आपको सीरियसली नहीं लेता है। सब को लगता है कि आप किसी भी तरीके से कोई काम करो, ये बाद में उस पर अपनी रजामंदी दे ही देगी। मेरे साथ ये कई बार हुआ है कि जब मैं कोई चीज अपने तरीके से करना चाहती हूं।

कॉम्पटिशन से फर्क नहीं पड़ता है
जाह्नवी कपूर

मुंबई (वार्ता) बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर का कहना है कि उन्हें कॉम्पटिशन से कोई फर्क नहीं पड़ता है।

जाह्नवी ने कहा कि उन्हें कॉम्पटिशन से कोई फर्क नहीं पड़ता है और वह जानती हैं कि वह इंडस्ट्री को क्या दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पता है कि वह अपनी किन चीजों पर काम कर एक बेहतर एक्टर बन सकती हैं और इसके लिए लगातार मेहनत कर रही हैं। इंडस्ट्री में सभी के लिए स्पेस है।

जाह्नवी ने कहा, ÷पिछले एक साल से मेरी कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई है और जाहिर है मेरी समकालीन अभिनेत्रियों के साथ तुलना होगी ही लेकिन कहीं ना कहीं ये इंडस्ट्री का हिस्सा है।÷ उन्होंने कहा कि वह दूसरे कलाकारों का काम देखकर काफी मोटिवेट होती हैं और उनसे सीखने की कोशिश करती हैं।

जाह्नवी ने कहा कि वे सिनेमैटिक स्पेस का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। वह फिल्म दोस्ताना 2 की शूटिंग करने जा रही हैं। जाह्नवी कपूर इसके अलावा फिल्म रूहीआफ्जा में भी काम कर रही हैं। वह फिल्म दि कारगिल गर्ल को लेकर भी चर्चा में हैं। यह फिल्म कारगिल युद्ध के समय वायु सेना का विमान उड़ाने वाली पायलट गुंजन सक्सेना की लाइफपर आधारित है।

'बागी 3' ने 'तान्हाजी' को दी पटखनी, अडवांस बुकिंग में मारी बाजी

टाइगर श्रॉफकी फिल्म 'बागी 3' आज रिलीज़ हो रही है और रिपोर्ट्स की मानें तो यह इस साल की सबसे ज्यादा अडवांस बुकिंग करने वाली फिल्म बन चुकी है। 'बागी 3' ने अजय देवगन की 'तान्हाजी' को भी मात दे दी है। इस साल जिन बॉलिवुड फिल्मों का फैन्स बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं, उनमें टाइगर श्रॉफ और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'बागी 3' भी है, जो आज रिलीज़ हो रही है। ऐसा लगा रहा है कि 'बागी 3' बॉक्स ऑफिस पर एकदम सही शुरुआत करने जा रही है। Bo& Office India की लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार फिल्म ने 5,.50 करोड़ रुपए की अडवांस बुकिंग कर ली है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का अडवांस कलेक्शन 5.50 करोड़ रुपए रहा, जो इस साल का अब तक का बेस्ट अडवांस कलेक्शन बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि 'बागी 3' का कलेक्शन अजय देवगन की हालिया फिल्म 'तान्हाजी: द अनसंग वॉरियर' की अडवांस बुकिंग को मात दे चुका है।

दमदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं अनुपम खेर

मुंबई (वार्ता) बॉलीवुड में अनुपम खेर का नाम उन गिने चुने अभिनेताओं में शुमार किया जाता है जिन्होंने लगभग चार दशक से अपने दमदार अभिनय से सिने दर्शकों के दिल में एक ख़ास मुकाम बना रखा है।

जन्मदिन पर विशेष

अनुपम खेर का जन्म 07 मार्च 1955 को शिमला में हुआ था। बचपन से ही उनकी ख्वाहिश अभिनेता बनने की थी। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद अनुपम खेर ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में दाखिला ले लिया। वर्ष 1978 में नेशनल स्कूल से अभिनय की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह रंगमंच से जुड़ गये। 80 के दशक में अभिनेता बनने का सपना लिये हुए उन्होंने मुंबई में कदम रखा। बतौर अभिनेता उन्हें वर्ष 1982 में प्रदर्शित फिल्म आगमन.में काम करने का मौका मिला लेकिन फिल्म के असफल हो जाने के बाद वह फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब नहीं हो सके।

वर्ष 1984 में अनुपम खेर को महेश भट्ट की फिल्म ..सारांश ..में काम करने का अवसर मिला । इस फिल्म में उन्होंने एक वृद्ध पिता की भूमिका निभायी जिसके पुत्र की असमय मृत्यु जो जाती है। अपने इस किरदार को अनुपम खेर ने संजीदगी के साथ निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। साथ ही सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार से भी सम्मानित किये गये। वर्ष 1986 में अनुपम खेर को सुभाष घई की फिल्म ..कर्मा ..में बतौर खलनायक काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में उनके सामने अभिनय सम्राट दिलीप कुमार थे लेकिन अनुपम खेर अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने में सफल रहे।

करीना कपूर का इंस्टाग्राम पर डेब्यू
'काली बिल्ली' को एक दिन में मिले करीब 5 लाख फॉलोअर्स

करीना कपूर ने फाइनली इंस्टाग्राम पर डेब्यू कर लिया है। उन्होंने कल इसपर काली बिल्ली की तस्वीर पोस्ट की थी और आज अपनी एक तस्वीर पोस्ट कर लिखा है, 'काली बिल्ली पर्स से बाहर आ चुकी हैं।' करीना कपूर फाइनली इंस्टाग्राम पर डेब्यू कर चुकी हैं। हमने कल ही आपको उनकी काली बिल्ली की तस्वीर के बारे में बताया था, जिसे देखकर ऐसी उम्मीद जताई जा रही थी कि इसी से बॉलिवुड ऐक्ट्रेस करीना कपूर का इंस्टाग्राम डेब्यू हो सकता है। अब यह कयास सच हो चुका है और करीना ऑफिशली इंस्टाग्राम पर आ चुकी हैं। कल तक यह अकाउंट खाली था और इसपर केवल एक भागती हुई काली बिल्ली पोस्ट की गई थी और लिखा गया था, 'Coming soon...' और इसी पोस्ट के बाद से ऐसा कहा जा रहा था कि करीना जल्द इंस्टाग्राम पर आ सकती हैं। अब उन्होंने अपनी एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह बैठी नजर आ रही हैं और उनके कान में बिल्ली वाला इयर रिंग्स नजर आ रही है। इसी के साथ उन्होंने हलो इंस्टाग्राम #HelloInstagram लिखकर हैशटैग किया है। उनका यह अकाउंट रातोंरात वेरिफाइड भी हो चुका है बता दें कि कल ही लॉन्च हुए इस इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभी खबर लिखे जाने तक 482द्म (करीब 5 लाख) फैन फॉलोइंग हो चुकी है। बिल्ली वाले पोस्ट को अब तक 188,405 लाइक्स मिल चुके हैं, जबकि 42 मिनट पहले पोस्ट की गई करीना की इस तस्वीर को इतनी ही देर में अब तक करीब 25 हजार से अधिक लाइक्स मिल चुके हैं।

आईपीएल 2020 का आयोजन होगा, कोरोना वायरस को लेकर बीसीसीआई करेगा पूरी तैयारी

- दुनियाभार में ढेरों स्पोर्ट्स इवेंट कोरोना वायरस के खौफसे स्थगित हो चुके हैं
- दूसरी ओर, बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने कहा कि आईपीएल 2020 खेला जाएगा

नई दिल्ली। कोरोना वायरस का कहर भारत भी पहुंच चुका है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या इस महामारी के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2020 संस्करण का आयोजन होगा। बीसीसीआई ने इसे लेकर अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा है कि आईपीएल 2020 जारी रहेगा और कोरोना वायरस को लेकर सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने शुक्रवार को साफकर दिया कि आईपीएल 'ऑन' है और बोर्ड 29 मार्च से शुरू हो रहे इस

टूर्नमेंट के सुचारू आयोजन को लेकर हर जरूरी कदम उठाने को तैयार है।

बोर्ड है तैयारयह पूछे जाने पर कि बोर्ड किस तरह कोरोना वायरस से निपटने के लिए तैयार है और क्या आईपीएल का आयोजन होगा? बोर्ड अध्यक्ष ने कहा, 'आईपीएल ऑन है।' स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा मिले आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक अब तक भारत में कोरोना वायरस के 30 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी के हवाले से ईएसपीएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि बोर्ड सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कोरोना वायरस के सम्बंध में हर जरूरी कदम उठाने को तैयार है।

कोरोना वायरस के कारण दुनिया भर में अब तक लगभग 3 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बढ़ते खतरे के कारण कई खेल आयोजन रद्द कर दिए गए हैं। इसे लेकर ओलिंपिक के आयोजन पर भी सवालिया निशन लग गए हैं, जिसका आयोजन इस साल जुलाई-अगस्त में जापान की राजधानी टोक्यो में होना है।

खिलाड़ियों को ऐहतियात बरतने की सलाह

इस सम्बंध में सभी स्टेकहोल्डर्स, खिलाड़ियों, फ्रैंचाइजी, एयरलाइंस, टीम होटल्स, ब्रॉडकास्टिंग क्रू और इस लीग से जुड़े सभी पक्षों को जरूरी सावधानी और ऐहतियात बरतने के लिए सरकार के निर्देशों का पालन करने के लिए कहा जाएगा। बोर्ड ने यह भी कहा है कि खिलाड़ियों से कहा जाएगा कि वे फैन्स से हाथ न मिलाएं और ऐसे किसी डिवाइस से पिक्चर क्लिक न करें, जो उनका न हो।

मिशेल स्टार्क ने साउथ अफ्रीका दौरा बीच में छोड़ा, करेंगे बीवी को विश्व कप फाइनल में चीयर

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने गुरुवार को डकवर्थ लुइस नियम के तहत साउथ अफ्रीका को हराकर महिला टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में प्रवेश किया। वह 8 मार्च को खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम से भिड़ेगी। इस खास मौके पर वाइफकी टीम को चीयर करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने साउथ अफ्रीका दौरा बीच में ही छोड़ने का फैसला किया है। वह दौरे पर खेले जाने वाले तीसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा नहीं होंगे।

दरअसल, महिला टीम में मिशेल स्टार्क की क्रिकेटर वाइफ एलिसा हीली भी शामिल हैं। ऐसे में स्टार्क वाइफ को खिताबी मुकाबले में चीयर करने का मौका नहीं गंवाना चाहते हैं। उन्होंने इसके लिए दौरा बीच में ही छोड़ने का फैसला किया तो ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने भी उनके प्लान को हरी झंडी दे दी है।

भारत-ऑस्ट्रेलिया में फाइनल जंग
आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला 8 मार्च को मेलबर्न में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच होगा

- भारतीय टीम ने जहां 5 मैच खेले और 4 में जीत हासिल की है, वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम के नाम भी 5 मैचों में 4 जीत है

नई दिल्ली। आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप का सफर अब आखिरी पड़ाव पर पहुंच चुका है। खिताबी जंग के लिए टीमों का ऐलान हो चुका है। 8 मार्च को महिलाओं के क्रिकेट के इस महाकुंभ का फाइनल मैच भारत और मेजबान ऑस्ट्रेलिया के बीच ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। यह भारतीय समयानुसार, दोपहर दो बजे से होगा। भारतीय टीम जहां सेमीफाइनल बारिश में धुल जाने के बाद पॉइंट टेबल के आधार पर फाइनल में पहुंची है तो मेजबान टीम ने छ्रस्स् के आधार पर साउथ अफ्रीका को हराते हुए खिताबी मुकाबले का टिकट कटाया है।

ऑस्ट्रेलिया को हरा चुका है भारत

टूर्नमेंट के सफर पर नजर डाली जाए तो दोनों टीमों ने अभी तक जोरदार प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम ने जहां 5 मैच खेले और 4 में जीत हासिल की है, वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम के नाम भी 5 मैचों में 4 जीत है। हालांकि, दोनों टीमों में अंतर यह है कि ऑस्ट्रेलिया को एक मैच में हार मिली, जो उसने लीग के दौरान भारत के खिलाफ खेला था। वहीं, भारतीय टीम का एक मैच बारिश में धुला। आइए जानें, दोनों टीमों के खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बारे में, जिन्होंने अपनी-अपनी टीमों को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है।

मेगन स्कट नहीं भूली हैं धुनाई, कहा- पावरप्ले में शेफाली, मंधाना को बोलिंग नहीं करना चाहती

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया की मेगन स्कट की गेंदों की हाल में शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने जबरदस्त धुनाई की थी जिससे कारण इस तेज गेंदबाज को भारत के खिलाफखेलना पसंद नहीं हैं। वह रविवार को होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में पावरप्ले के दौरान इस आक्रामक सलामी जोड़ी को गेंदबाजी नहीं करना चाहती हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफगुरुवार को बारिश से प्रभावित मैच में ऑस्ट्रेलिया की पांच रन से जीत में 17 रन देकर दो विकेट लेने वाली स्कट अब भी टूर्नमेंट के पहले मैच में शेफाली की आक्रामक बल्लेबाजी को नहीं भूली है। शेफाली ने उनके पहले ओवर में ही चार चौके लगाये थे और स्कट ने स्वीकार किया कि वह भारतीय सलामी बल्लेबाज को गेंदबाजी करने को लेकर चिंतित हैं।

टॉप परफॉर्मर

भारत

(बल्लेबाज)

शेफाली वर्मा	161 रन
जेमिमा रोड्रिग्स	85 रन
दीप्ति शर्मा	83 रन
स्मृति मंधाना	38 रन

बोलर

पूनम यादव	9 विकेट
शिखा पांडे	7 विकेट
राधा यादव	5 विकेट

ऑस्ट्रेलिया

(बल्लेबाज)

बेथ मूनी	181 रन
एलिसा हीली	161
मेग लेनिंग	116 रन
रिचल हेंस	102 रन

बोलर

मेगन स्कट	9 विकेट
जेस जॉनसन	7 विकेट
जॉर्जिना वारहम	3 विकेट

एमएस धोनी टी20 वर्ल्ड कप खेलने के दावेदार, भारत को होगा फायदा: रंगना हेराथ

- पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी के टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने पर लगातार चर्चा हो रही है

मुंबई। टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले लेफ्ट आर्म स्पिनर होने की उपलब्धि श्रीलंका के रंगना हेराथ के नाम है। 41 साल के हेराथ रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज में फिर से मैदान पर दिखेंगे। वह इस टी20 सीरीज में श्रीलंका लेजंड्स टीम का हिस्सा होंगे जिसमें चामिंडा वास, रोमेश कालूवितरना, मुथैया मुरलीधरन और तिलकरत्ने दिलशान भी शामिल हैं। टीम की जर्सी के लॉन्च के मौके पर गुरुवार को हेराथ बातचीत में धोनी के भविष्य के पर भी बयान दिया।

उन्होंने कहा कि वह भले ही पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप के बाद से नहीं खेले हैं लेकिन उनमें वह क्षमता है जिसके बूते वह आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए भी भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं। अगर आगामी आईपीएल के बाद धोनी कोई और इंटरनैशनल मैच नहीं भी खेलें और वर्ल्ड टीम में चुन लिए गए तो भी वह सहज होकर खेल लेंगे।

रिस्ट स्पिनर्स की बढ़ी है अहमियत

हेराथ ने माना कि खेल के छोटे फॉर्मेट (वनडे और टी20) में लेग स्पिनर्स और वो भी रिस्ट (कलाई) स्पिनर्स की अहमियत बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि एक बात मैंने नोटिस की है कि वनडे और टी20 फॉर्मेट में कप्तान विकेट टेकिंग ऑप्शंस के तौर पर फिंगर स्पिनर्स की जगह रिस्ट स्पिनर्स को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। वजह यह है कि ऐसे स्पिनर्स कई बार खूब सारे रन तो लुटा देते हैं लेकिन विकेट भी निकालकर देते हैं।

महिलाएं आत्मनिर्भर होकर कंधे से कंधा मिलाकर सभी क्षेत्र में दे रही है अपनी सेवाएं

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। मजबूत पुलिस विश्वसनीय पुलिस ध्येय वाक्य के अंतर्गत दिनांक 03-03-2020 को पुलिस अधीक्षक महोदय श्री बी.पी.राजभानु के द्वारा महिलाओं एवं नाबालिक बच्चों की सुरक्षा हेतु जागरूकता कार्यक्रम क्यों सहूं सफर में सफर का शुभारंभ नया बस स्टैंड परिसर धमतरी में किया गया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सफल यात्रा के दौरान सुरक्षा एवं नाबालिक बच्चों के प्रति अपराधों की रोकथाम करना है। वर्तमान परिवेश में महिलाएं आत्मनिर्भर होकर समाज में पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सभी क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रही है उसके बाद भी कार्यस्थल से अपने घर वापस लौटते समय या अकेली सफर करने वाली महिलाओं को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिसके लिए प्रत्येक महिलाओं को अपनी सुरक्षा स्वयं करने हेतु जागरूक किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है। इस हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे के नेतृत्व में धमतरी पुलिस एवं शक्ति टीम के द्वारा क्यों सहूं सफर में सफर आपकी सुरक्षा हमारा दायित्व कार्यक्रम के तहत महिलाओं को जागरूक करने हेतु एक अभियान चलाया जा रहा है उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय श्री बी.पी. राजभानु ने अपने वक्तव्य में कहा

कि सभी महिलाओं को स्वयं की सुरक्षा के प्रति जागरूक होकर उसके उपाय के संबंध में जानकारी होना चाहिए तथा धमतरी पुलिस सदैव महिलाओं एवं नाबालिक बच्चों की सुरक्षा हेतु संकल्पित है इसके लिए महिलाएं आगे आकर अपनी सुरक्षा करते हुए पुलिस का सहयोग प्राप्त कर सकती है धमतरी पुलिस उनकी सुरक्षा एवं सहयोग हेतु सदैव तत्पर है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं आम लोगों को क्षेत्रीय भाषा छत्तीसगढ़ी में संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ पुलिस के नंबर डायल 112 की जानकारी देते हुए एंड्राइड मोबाइल में एप्लीकेशन डाउनलोड करने एवं आवश्यकता पड़ने पर उसके एसओएस बटन को प्रेस करने पर पुलिस के द्वारा आपका नंबर व लोकेशन ट्रेस कर त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। ऐसी सुविधाओं का सही उपयोग करने समझाईश दिया गया एवं महिलाओं व नाबालिग बच्चों को सुरक्षा संबंधी उपायों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा त्वरित सहायता प्राप्त करने हेतु जिला पुलिस धमतरी के दूरभाष नंबर 0772232511, 100 मोबाइल नंबर 94791.92215, 94791.92299 फेसबुक अकाउंट http: // www facebook.comSDham tari ट्विटर अकाउंट http: //mobile.twitter.coms pdhamtari और जीमेल अकाउंट spdhamtari। cg@gmail.com में संपर्क करने समझाइश दिया गया।

न्यूज गैलरी

गंडई नगर में सतनामी समाज के गुरु विजय गुरु जी का हुआ आगमन

गंडई पंडरिया। छत्तीसगढ़ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री आदरणीय श्री गुरु रूद्र गुरू के पिता जी श्री जगतगुरू गुरू गोसाई आदरणीय विजय गुरू जी का आगमन राजमहन्त महेशदास रात्रे जी के निवास गंडई में हुआ।रात्रे जी के घर खाना भी खाया और बहुत सारी समाजिक बाते भी चर्चा हुई इस मौके पर गंडई वार्ड नं 15 के पार्षद दिलीप ओगरे जी ने गुरु जी का साल एवं श्री फल भेट कर स्वागत भी किया, वार्ड नं 14 के पार्षद नारायणलाल चतुर्वेदी,अमित टंडन, जनपद सदस्य अरूण जोशी, विक्की टंडन, जनपद सदस्य पोसन कोसरे,किसुन मिर्चे,चंद्रकुमार कोसरे, ने गुरु जी से आशिर्वाद लिया।

अवैध हाथ भट्टी कच्ची शराब 18 लीटर जप्त

धमतरी। कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर आबकारी टीम द्वारा अवैध मदिरा विनिर्माण धारण परिवहन विक्रय के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में दल द्वारा ग्राम सिंगपुर के कृष्ण कुमार को अवैध हाथ भट्ठी कच्ची शराब 18 लीटर का विक्रय करते पाए जाने पर उसके विरूद्ध धारा 34 (1) (ख), 34 (2) और 59 (ख) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे जेल भेजा गया। गौरतलब है कि आबकारी विभाग द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई से हाथ भट्ठी कच्ची शराब एवं होटल ढाबा में मदिरा का अवैध कारोबार करने वालों में हड़कम्प मचा हुआ है।

प्रशिक्षकों को दिए गए टिप्स

धमतरी। बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान धमतरी द्वारा विद्युत मोटर रिवाईडिंग रिपेयर एवं सर्विस प्रशिक्षण का आयोजन 04 फरवरी से 04 मार्च तक चलाया गया। इस 30 दिवसीय प्रशिक्षण में जिले के ग्रामीण बेरोजगार 15 युवाओं ने प्रशिक्षण लिया। समापन अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री एचएल गायकवाड ने सभी हितग्राहियों को अपने कार्य को पूरी लगन के साथ करने प्रेरित किया और एक.दूसरे के साथ समन्वय स्थापित कर अपने कार्य में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि प्रशिक्षण के दौरान बेसिक इलेक्ट्रिक उपकरण की जानकारी सहित सुरक्षा और वोल्टेज की जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी गई। साथ ही उद्यमशीलता प्रशिक्षण में समय प्रबंधन्, परियोजना रिपोर्ट तैयार करना बैंकिंग की जानकारी सहित आत्मविश्वास बढ़ाने का हुनर भी सिखाया गया।

पेड़ पर लटकी मीली अज्ञात व्यक्ति की लाश

डौंडी। थाना क्षेत्र के ओड़गांव के जंगल मे मीली है लाश ,कुशम के पेड़ पर लटकी मीली है लाश, डौंडी पुलिस मौके पर पहुंच कर रही है जांच, डौंडी थाना स्टाप अरविंद साहु ने बताया की ग्रामीणों के द्वारा सुचना मीली थी की ओड़गांव जंगल मे अज्ञात व्यक्ति की लाश कुसुम के पेड़ पर लटकी है ,जिसकी उम्र लगभग 40 साल के करीब की है सुचना मीलने पर मौके पर पहुच कर देखा तो चार पांच दिन पुरानी लाश लाल गमछे मे कुसुम के पेड़ पर लटकी मीली जिसके शिनाख्त नही हो पायी है गांव वालो व आस पास के लोगों से पुछ ताछ की जा रही है।वही शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

अवैध शराब बेचते निगरानी बदमाश को किया गिरफ्तार

धमतरी। सिटी कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि बिशेसर गाड़ा नाम का व्यक्ति जो थाना सिटी कोतवाली का निगरानी बदमाश है अवैध रूप से शराब रखकर ले जाने वाला है। उक्त सूचना पर कोतवाली पुलिस के द्वारा अग्रसेन भवन के पीछे कच्चे रास्ते में घेराबंदी कर आरोपी बिसेसर गाड़ा पिता जय लाल गाड़ा उम्र 35 वर्ष निवासी साल्हेवार पारा धमतरी को रंगे हाथ पकड़ कर उसके कब्जे से प्लास्टिक की बोरी में 28 नग देसी मदिरा मसाला प्रत्येक में 180उस भरी हुई सील बंद मिलने पर गवाहों के समक्ष जप्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34;2 के तहत वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

रेलवे एवं सुरक्षा बलों का मनोबल तोड़ने के लिए नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट

नवप्रदेश संवाददाता

डौण्डी। रावघाट रेल निर्माण कार्य जो कि दल्लीराजहरा से रावघाट तक रेल निर्माण कार्य क्षेत्र के विकास व भिलाई स्टील प्लांट के लिए जीवनदायिनी व अति महत्वपूर्ण दल्ली राजहरा से रावघाट रेल परियोजना पर कुठाराघात करने के लिए नक्सलियों ने फिर एक बार दुस्साहस को अंजाम दिया है। ज्ञात हो कि दल्ली राजहरा घाट 95 किलोमीटर नई रेल लाइन परियोजना में से अब तक 42 किलोमीटर दल्ली राजहरा केओटी स्टेशन के मध्य रेल ट्रेन सेवाओं का परिचालन हो रहा है। केवटी से अंतागढ़ 18 किलोमीटर का कार्य युद्ध स्तर पर रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है और ताकि क्यूटी से अंतागढ़ के मध्य ट्रेन सेवाओं का परिचालन अप्रैल 2020 से सुनिश्चित किया जा सके।

सीमा सशस्त्र बल एसएसबी द्वारा रात दिन इस परियोजना के निर्माण हेतु सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। रेलवे, सुरक्षा बलों एवं निर्माण एजेंसी के लोगों का मनोबल को तोड़ने के लिए नक्सलियों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। सुरक्षा बलों के कैंप से लगे हुए ताड़ोकी स्टेशन से मात्र 200 मीटर की दूरी पर आईडी ब्लास्ट आज दिनांक 6 मार्च को सुबह लगभग 9:00 बजे किया गया। अब तक की प्राप्त सूचना के आधार पर किसी जानमाल की क्षति की सूचना नहीं मिली है।

ज्ञात हो कि सितंबर 2019 में भी इसी तरह से नक्सलियों ने आईडी ब्लास्ट करके एक ऑयल टैंकर को उड़ाया था जिसमें

परियोजना में लगे हुए 3 तकनीकी कर्मचारियों की निर्मम हत्या हो गई थी। क्योटी अंतागढ़ का सेक्शन 30 मार्च तक सीआरएस महोदय के निरीक्षण हेतु तैयार किया जा रहा है एवं रेलवे से प्राथमिकता है कि अंतागढ़ से भिलाई स्टील प्लांट हेतु लौह अयस्क की लोडिंग प्रारंभ की जा सके। इस रेल परियोजना के दल्ली राजहरा राव घाट रेल लाइन भिलाई स्टील प्लांट सेल के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है।

ज्ञात हो कि केंवटी के बाद रेलवे ने अंतागढ़ तक अप्रैल 2020 तक ट्रेन चलाने का लक्ष्य रखा है। इस कार्य को समय पर पूरा करना रेलवे के लिए चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि कोसरोंडा से भइया साह्वेभाठ तक के चैलेंजिंग रूट में नदी-नाले सबसे बड़ी बाधा है, लेकिन रेलवे ने लगभग 90 प्रतिशत काम पूरा कर लिया है। केंवटी स्टेशन के शुरू होने के बाद रेलवे का पूरा फोकस केंवटी से अंतागढ़ तक 18 किलोमीटर ट्रैक बिछने का है, क्योंकि धुर नक्सल इलाके में रेलवे के लिए चुनौती है, लेकिन सुरक्षा विभाग और आरवीएनएल के अधिकारियों ने पटरी बिछाने का काम पूरा कर लिया दल्लीराजहरा-रावघाट-जगदलपुर परियोजना के अंतर्गत कुल 235 किलोमीटर तक रेल लाइन बिछाने का काम छत्तीसगढ़ शासन, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, एनएमडीसी, आरवीएनएल के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है। प्रथम चरण में रायपुर रेल मंडल ने दल्लीराजहरा-रावघाट नई रेल लाइन 95 किलोमीटर तक बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत दल्लीराजहरा से भानुप्रतापपुर और केंवटी तक नई रेल लाइन बिछाई जा चुकी है। रायपुर-दल्लीराजहरा-भानुप्रतापपुर और केंवटी तक यात्रियों को रेल सुविधा मिलने लगी है। इसी रेल लाइन का विस्तार केंवटी से अंतागढ़ तक (18 किलोमीटर) पूरा कर लिया गया है।दल्लीराजहरा-रावघाट रेल लाइन को भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) की जीवनरेखा माना जा रहा है। इस लाइन के जरिए कांकेर स्थित रावघाट की खदानों से लौह अयस्क बीएसपी के लिए लाया जाएगा। राज्य सरकार, रेलवे और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) मिलकर इस 235 किमी रेल लाइन का निर्माण करा रहे हैं। रेल लाइन नारायणपुर, कोंडागांव जिले से होती हुई जगदलपुर तक जाएगी।

अपनी मांगों को पूरा कराने सड़क पर बैठे ग्रामीण

नवप्रदेश संवाददाता

डौंडी। महामाया मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को सैकड़ों ग्रामीण आडेझर सरपंच भीखम भुआर्य सहित अन्य के नेतृत्व में सड़क पर बैठकर अपनी मांगों को पूरा करने सड़क पर बैठ गए । सूचना मिलते ही महामाया एवं राजहरा पुलिस तथा तहसीलदार प्रतिमा ठाकरे स्थल पर पहुंचकर आंदोलनकारियों

से चर्चा की तथा उनकी मांगों को सुनकर शीघ्र ही निराकरण का आश्वासन देने के पश्चात लोग वहां से हटे । चक्का जाम बीएसपी के बोइरडीह जलाशय से सिंचाई के लिए पानी की मांग को लेकर किया गया । सड़क पर उतर अड़ेझर पानी टंकी के पास ट्रको को रोक गया , बीएसपी प्रबंधन व तहसीलदार की समझाइश पर 17 मार्च को होगी बैठक ।

ट्राइसिकल मिलने से तीन दिव्यांगजनों की राह हुई आसान

बालोद। कलेक्टर रानू साहू के मार्गदर्शन में आज तीन दिव्यांगजनों को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में अपर कलेक्टर श्री ए.के.वाजपेयी ने ट्राइसिकल प्रदान कर उनकी राह आसान कर दी। गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम तिलखैरी के लगभग 27 वर्षीय दिव्यांग प्रेमलाल ने कल पांच मार्च को कलेक्टर को आवेदन सौंपकर बताया कि वह दोनो पैर से दिव्यांग है, उसे एक स्थान से दूसरे

स्थान जाने-आने तथा दैनिक क्रियाकलापों में काफी परेशानी होती है, अतः उसे बैटरी चलित ट्रायसायकल प्रदान किया जाए। इसी प्रकार गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम डुण्डेरा के लगभग 75 वर्षीय दोनो पैर से दिव्यांग कृष्णा प्रसाद ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर बैटरी चलित ट्रायसायकल और बालोद विकासखण्ड के ग्राम अंगारी के लगभग 52 वर्षीय एक पैर से दिव्यांग भारतलाल ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर सामान्य ट्रायसायकल हेतु आवेदन सौंपा था।

वित्तीय साक्षरता शिविर में दी गई जन-धन दर्शक एप संबंधी जानकारी

धमतरी। जिले के शासकीय महाविद्यालय धमतरी सहित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भटगांव और भोपालराव पवार शासकीय पालिटेक्निक रूद्री में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। लीड बैंक अधिकारी श्री अमित रंजन ने शिविर में विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता के तहत बैंक खाते खोलने एवं बैंक से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने जन.धन दर्शक एप्लीकेशन का लाईव डेमो दिखाया जिसके तहत एन्ड्रायड मोबाइल में एप डाउनलोड करने की प्रक्रिया एवं उससे मिलने वाली जानकारी से विद्यार्थी अवगत हो सके। उन्होंने बताया कि इस एप को मोबाइल में स्टाल करने के लिए पहले प्ले स्टोर से जन धन दर्शक एप डाउनलोड करना होगा।

6 माह से 3 वर्ष तक के 678 कुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ियों में दिया जा रहा गरम भोजन

धमतरी। जिले के 155 आंगनबाड़ियों में चलाए जा रहे मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत अब 6 माह से 3 साल तक के ऐसे 678 कुपोषित बच्चे, जो आंगनबाड़ी नहीं आते उन्हें भी आज से गरम पका भोजन दिया जा रहा है। इनमें धमतरी विकासखण्ड के 183 नगरी के 252 कुरूद के 138 और मगरलोड विकासखण्ड के 105 बच्चे सम्मिलित हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक इन बच्चों की रेसिपी में जहां स्थानीय हरी पत्तेदार सब्जियां सोयाबड़ी लौकी मुनगा कुम्हड़ा कच्चा पपीता को प्राथमिकता दी जा रही है वहीं सोयाबीन और सूरजमुखी तेल का उपयोग भी किया जा रहा है। इसी तरह प्रतिदिन 5.5 ग्राम अंकुरित मूंग.चना फूटा चना और 10.10 ग्राम गुड़.मुंगफली का लड्डू बच्चों को दिया जाएगा।

सामूहिक बाड़ी परियोजना से जुड़कर समूह की महिलाओं की आमदनी में हुई वृद्धि

धमतरी। सुराजी गांव योजना से जुड़कर समूह की महिलाएं भी अपनी आमदनी में इजाफा कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रही हैं। वे न सिर्फ अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं बल्कि जीवन यापन का उन्हें एक नवीन व सशक्त जरिया भी मिला। जिला मुख्यालय से

लगी ग्राम पंचायत पोटियाडीह के जय शाकम्भरी महिला स्वसहायता समूह की नरवा गरूवा घुरूवाए बाड़ी परियोजना के तहत समूह की 13 महिलाएं सब्जी उत्पादन करने के साथ.साथ बाजार में उनका विक्रय भी कर रही हैं जिससे उनकी आय और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है।ग्राम पोटियाडीह के जय शाकम्भरी महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती हेमलता पटेल ने बताया कि समूह द्वारा शासकीय जमीन के आधे एकड़ में सब्जीवर्गीय फसलें जैविक पद्धति से ली जा रही है जिसमें सब्जीए भाजी सहित विभिन्न प्रकार की नकदी फसलें उत्पादित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि समूह के द्वारा भिण्डी लौकी बैंगन प्याज भाजी मेथी धनिया पालक टमाटर लाल भाजी भाजी धनिया चेंच भाजी चैलाई भाजी जरीए कांदा भाजीए करमता भाजी अमारी भाजी आदि का उत्पादन लिया जा रहा है जिसमें समूह की सभी 13 महिलाओं को अलग.अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन सब्जियों को बाड़ी से निकालकर स्थानीय बाजार में 40 रूपए प्रति किलो के मान से बेचा जाता है।

बजट में किसानों को न्याय, पौनी पसारी योजना से रोजगार : विद्या शर्मा

डौंडी लोहारा। राज्य की वित्तीय बजट2020.21 में अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है, जिसमें प्रस्तुत किया जाने वाला विश्वसनीय राज्य का दूसरा बजट बताया,

जिसमें प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए गांवो और किसानों के लिए शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य और आम जनता से लेकर हर वर्ग के लिए यह बजट संजीवनी है ,बजट मुख्य रूप से गरवा नवा छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य एवं सुपोषित नई युवा पीढ़ी के निर्माण की भावना के साथ सुपोषण स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी एवं विस्तार तथा युवाओं एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर केंद्रित है, आगे विद्या शर्मा ने बताया कि यह बजट राज्य की उम्मीदों को पूरा करने वाला है, बजट में सबसे बड़ी सौगात नगरीय निकास में विभिन्न योजनाओं के तहत शहरी निकायों के रहवासियों को उचित सुविधाओं के साथ रोजगार मुहैया कराने में करोड़ों का समावेश है, जिनमें 13 नगर निगमो में मुख्यमंत्री मितान योजना शुरू करने 10 करोड़ रु मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय योजना के लिए 5 करोड़ इस प्रकार 166 नगरी निकायों में 30 करोड़रुपए की लागत से 255 पौनी पसारी बाजारों का निर्माण किया जाएगा।

प्रतिभा | गांव के कलाकार भी दिखेंगे ख्याति प्राप्त चिन्हारी के संग

चिटौद की सुहानी वादियों में हुई होली गीत की शूटिंग

बालोद। 'नगर में देदे बुलउवा राधे को', 'बाजत हावे मोहना के मुलरिया बिरिज में', 'पहिरे होही श्याम मोहर माला' पारम्परिक लोक गीत-संगीत से सराबोर होली के मनभावन रंगों में झूमते हुए छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोकमंच चिन्हारी के संचालक एवं फिल्मों के निर्माता-निर्देशक प्रेम चंद्राकर के कुशल निर्देशन में, पारम्परिक होली गीत के साथ साथ स्थानीय चिटौद गांव के निवासी जितेन्द्र कुमार साहू के गीत / संगीत व संगीत संयोजन से सजी हुई इन गीतों की शूटिंग बालोद जिले के चिटौद गांव में हुई।

पद्मश्री डॉ. ममता-प्रेम चंद्राकर, खुमन साहू व पूर्वी चंद्राकर की हैं सुरीली आवाजः पारंपरिक होली गीतों की स्वरलहरियों

में छत्तीसगढ़ की स्वर कोकिला पद्मश्री डॉ ममता चंद्राकर के साथ, प्रेमचन्द्राकर, स्व. मिथलेश साहू के सुपुत्र खुमन साहू, पूर्वी चंद्राकर जितेंद्र कुमार साहू की है। नृत्य निर्देशन में कुंती मढ़रिया,रिकार्डिंग स्वरांजलि स्टुडियो रायपुर, कैमरा व एडिटिंग श्रीमंत कटक स्टूडियो सहभागिता है।

लोकमंच चिन्हारी के कलाकार समूह हैं मुख्य भूमिका में: राज्य की सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोकमंच चिन्हारी के अभिनय कलाकारों में चिमन साहू, जितेंद्र साहू, कन्हैया साहू, एमन साहू, कान्हा सेन, रामेश्वर मंडावी, भूपेश यादव, देवराज, गणराज, भोला यादव, कुंती मढ़रिया, लीला मधुकर, अंजू निषाद, प्रिया, सलमा, डिकेश, कंचन यादव शामिल हैं।

गांव के बुजुर्ग व युवा कलाकार पहली बार दिखेंगे फिल्मी पर्दे पर:

इस बार की होली चिटौद गांव के स्थानीय प्रतिभाओं के जीवन में नया रंग लेके आ रहा है। उचित मंचों के अभाव में गांव की ही मिट्टी में विस्मृत होते इन विविध कलाओं के धनी बुजुर्ग व युवा कलाकारों में बबा सुखऊ साहू, परस साहू, मुरारी साहू, रामकुमार यादव, रूपु साहू, कांता, रिषभ साहू, मोहन यादव, गौरव यादव, अखिलेश सिन्हा, श्यामलाल, परसु सेन सहित स्तरीय संगीत विद्यालय के बाल कलाकारों, शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी भी पहली बार छत्तीसगढ़ी स्क्रीन से दर्शकों तक पहुंचने वाले हैं।

कोरोना और येस बैंक के संकट से 894 अंक लुढ़का सेंसेक्स

कोरोना वायरस 'कोविड-19' को लेकर बढ़ी चिंता और येस बैंक में जारी संकट से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को ढाई फीसदी की भारी गिरावट के साथ पाँच महीने के निचले स्तर पर बंद हुये।

मुंबई (वार्ता)। बीएसई का सेंसेक्स 893.99 अंक यानी 2.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 37,576.62 अंक पर आ गया जो पिछले साल 07 अक्टूबर के बाद का निचला स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 289.45 अंक यानी 2.57 प्रतिशत लुढ़ककर 10,979.55 अंक पर बंद हुआ। यह 19 सितंबर 2019 के बाद का निचला स्तर है।

चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। बीएसई का मिडकैप 2.36 प्रतिशत टूटकर 14,227.49 अंक पर और स्मॉलकैप 1.92 प्रतिशत की गिरावट के साथ 13,329.78 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में जिन 2,574 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,919 के शेयर लाल निशान में और 527 के हरे निशान में बंद हुये जबकि 128 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुये।

रिजर्व बैंक ने येस बैंक के निदेशक मंडल को भंग कर वाणिज्यिक बैंक के कामकाज पर 30 दिन की अस्थायी रोक लगा दी है। साथ इस 30 दिन के लिए प्रति ग्राहक अधिकतम 50 हजार रुपये की निकासी सीमा भी तय कर दी है। गुरुवार शाम जारी इस आदेश से बैंकिंग क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी। एक समय सेंसेक्स 1400 अंक और निफ्टी 400 अंक से ज्यादा टूट गया था। हालाँकि रिजर्व बैंक और सरकार के इस आश्वासन के बाद कि बैंक में जमाकर्ताओं का पूरा पैसा सुरक्षित है, शेयर बाजार की गिरावट में कुछ कमी आयी।

> विदेशों में भी चौतरफा बिकवाली रही। एशिया में जापान का निक्की 2.72 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 2.32 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 2.16 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.21 प्रतिशत की गिरावट में रहा। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 3.38 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 2.88 फीसदी कमजोर हुये।

वैश्विक स्तर पर कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से फैलने से विदेशों में भी शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट रही। इससे कॅमोडिटी पर दबाव रहा। घरेलू शेयर बाजारों में बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के साथ ही धातु, तेल एवं गैस और ऊर्जा समूहों की कंपनियों पर ज्यादा दबाव रहा।

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों ने छह फीसदी से अधिक का गोता लगाया। इंडसइंड बैंक में भी साढ़े पाँच प्रतिशत की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, ओएनजीसी, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक में तीन से चार प्रतिशत की बीच की गिरावट दर्ज की गयी। सेंसेक्स से बाहर की कंपनियों में येस बैंक ने सबसे ज्यादा 56 फीसदी का नुकसान उठाया और इसके शेयर 20.65 रुपये टूटकर 16.20 रुपये रह गये। गत दिवस 38,470.61 अंक पर बंद होने वाला सेंसेक्स शुक्रवार को 856.65 अंक लुढ़ककर 37,613.96 अंक पर खुला और खुलते ही 37,011.09 अंक तक उतर गया। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 37,747.07 अंक दर्ज किया गया।

यस बैंक संकट: शुक्रवार को यस बैंक के शेयर करीब 80 फीसदी तक टूट गए

सीसीडी से जेट एयरवेज तक, हर डूबने वाले को यस-यस बोलता गया बैंक!

जब कोई बैंक डूबता है तो अफरातफरी मच जाती है। छोटा हो या बड़ा, बैंक का हर ग्राहक अपना पैसा वापस पाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहता। ताजा मामला यस बैंक का है, जो डूबने की कगार पर है और अब आरबीआई उसपर फैसला लेगा।

नई दिल्ली। निकासी की सीमा 50000 रुपये तय की गई है। इस बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ग्राहकों को आश्वस्त किया है कि उनका पैसा किसी सूरत में नहीं डूबेगा। लेकिन पैसा डूबने की चिंता लाज़मी है। बैंक के ग्राहक परेशान हैं और देशभर में बैंक 18000 से ज्यादा ‹ब्रस्द्य में ज्यादातर के बाहर लाइन लगी हुई है। लेकिन ग्राहकों में फैला डर यूं ही नहीं है। कुछ सालों में कई बैंक डूबे हैं और साथ में ग्राहकों की मेहनत की कमाई। आपको बताएंगे कि आपका कुछ पैसा सुरक्षित है, लेकिन उससे पहले जान लीजिए हाल के वर्षों में कौन-कौन से बैंक डूबे हैं। सितंबर 2019 में जब अचानक पीएमसी बैंक पर केंद्रीय बैंक ने कई पाबंदियां लगा दीं तो बैंक के ग्राहक सकते में आ गए थे। सहकारी बैंक होने के नाते इसमें छोटे निवेशकों के पैसे ज्यादा थे। रिजर्व बैंक ने निर्देश दिया था कि छह महीने की अवधि के दौरान पीएमसी के प्रत्येक ग्राहक के लिए निकासी की सीमा 1,000 रुपये रहेगी। साथ ही इस दौरान बैंक कोई नया कर्ज नहीं दे सकेगा। बैंक ने एचडीआईएल को फायदा पहुंचाने के लिए ग्राहकों के पैसे का इस्तेमाल किया था। जनवरी 2020 में बेंगलुरु स्थित श्री गुरु राघवेंद्र सहकारी बैंक पर आरबीआई ने कई तरह की पाबंदियां लगा दी हैं। बैंक के ग्राहक खाते से सिर्फ 35 हजार रुपये निकाल सकेंगे। यह बैंक अगले छह महीने तक रिजर्व बैंक की अनुमति के बिना न तो कोई नया लोन दे सकता है और न कोई निवेश कर सकता है। करीब 2 महीने का समय बीत चुका है।

मुंबई का सीकेपी सहकारी बैंक

सीकेपी कोऑपरेटिव बैंक से पैसे निकालने पर 2014 में पाबंदी लगाई गई थी। इसके ग्राहकों में कई ऐसे थे, जिनकी बचत का 90त्न तक का हिस्सा इसी बैंक में रहता था। दरअसल, बड़े सरकारी या प्राइवेट कमर्शल बैंकों के मुकाबले इस सहकारी बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट पर ज्यादा ब्याज मिल रहा था।

यूसीबीएस पर लगाम

मार्च 2019 तक 26 अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों को कुप्रबंधन या फर्जीवाड़े के कारण आरबीआई के प्रतिबंध के दायरे में लाया जा चुका था। दागी स्टॉक ब्रोकर केतन पारेख से जुड़ी इकाइयों को लोन देने से संबंधित माधवपुरा मर्केंटाइल कोऑपरेटिव बैंक स्कैम ने आरबीआई को चौकसी बढ़ाने पर मजबूर कर दिया था।

- सितंबर 2019 में जब अचानक यस बैंक पर केंद्रीय बैंक ने कई पाबंदियां लगा दीं तो बैंक के ग्राहक सकते में आ गए थे
- जनवरी 2020 में बेंगलुरु स्थित श्री गुरु राघवेंद्र सहकारी बैंक पर आरबीआई ने कई तरह की पाबंदियां लगा दी
- सीकेपी कोऑपरेटिव बैंक से पैसे निकालने पर 2014 में पाबंदी लगाई गई थी, ग्राहकों की जिंदगी थम-सी गई थी
- यस बैंक का शेयर कभी 1400 रुपए तक पहुंचा था, अब इसकी कीमत 5.55 रुपए है

अमेजन का महिलाओं को सशक्त बनाने आवास एवं शहरी मंत्रालय से समझौता

अमेजन इंडिया ने महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने की दिशा में शुक्रवार को बड़ा कदम उठाते हुए केंद्र सरकार के आवास एवं शहरी मंत्रालय के साथ सहमति ग्यापन किया है जिसके तहत अमेजन सहेली स्टोर पर महिला उद्यमियों के अनूठे उत्पादों को उपलब्ध कराया जायेगा।

नई दिल्ली (वार्ता)। समझौते के तहत अमेजन इंडिया हजारों स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से देश भर से जुड़ी महिलाओं को आनलाइन बिक्री अपनाने और मुनाफा अर्जित करने में मदद करेगा । इसके अलावा महिला उद्यमियों को प्रशिक्षित कर सशक्त बनाया जायेगा।

अमेजन इंडिया के बिक्री सेवाएं कारोबार के उपाध्यक्ष गोपाल पिल्लै ने समझौते के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर किए गए इस समझौते का मकसद महिलाओं को सशक्त बनाना है । महिला उद्यमी अमेजन सहेली स्टोर पर अपने अनूठे उत्पादों को प्रदर्शित कर अच्छा लाभ पाने में सफल होंगी।

श्री पिल्लै ने कहा,÷ अमेजन के साथ देश भर के सभी वर्गों के उद्यमी और विभिन्न क्षेत्रों के कारोबार बढ़ रहे हैं और आज अमेजन इन पर उद्यमी विक्रेताओं का एक बड़ा हिस्सा महिलाओं का है जो विभिन्न आयु वर्गो, आर्थिक पृष्ठभूमियों और देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़ी हुई हैं । अमेजन इन मार्केटप्लेस पर महिला उद्यमियों की सक्रियता और संख्या विगत कुछ वर्षों से खासतौर पर हमारे समर्पित कार्यक्रम अमेजन सहेली की शुरुआत के बाद से लगातार बढ़ रही है ।÷

उन्होंने कहा कि सरकार के आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय की दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के साथ इस भागीदारी से कंपनी देश की महिला उद्यमियों के जीवन में बदलाव लाना चाहती है। ऐसी महिला उद्यमियों को सशक्त और सक्षम बनाना चाहते हैं, जो स्वयं से कुछ करने का सपना देखती हैं और हम उनके इस ख्वाब को पूरा करने और उन्हें कामयाब उद्यमी बनाने में उनकी मदद करना चाहते हैं।

अमेजन सहेली नवंबर 2017 में सेवा और इमप्लस सोशल इंटरप्राइज के साथ शुरु की गई थी। अमेजन सहेली पर महिला उद्यमियों के सूचीबद्ध उत्पादों की विविधतापूर्ण श्रखंला उपलब्ध है। कार्यक्रम के तहत इसके भागीदारों को गहन प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यशालाओं के तहत महिला उद्यमियों को आनलाइन बिक्री की बारीकियों को समझने में मदद मिलती है जिससे वे अमेजन इन पर अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए आवश्यक जानकारी हासिल कर कुशल और सक्षम उद्यमी बने । अमेजन सहेली 36 भागीदारों के साथ काम करता है और इसकी पहुंच दो लाख 80 हजार से अधिक महिला उद्यमियों तक है और इस पर परिधान, आभूषण, किराना आदि जैसी 10 श्रेणियों के हजारों उत्पाद उपलब्ध हैं।

विमान सेवा कंपनी इंडिगो पांच नये मार्गों पर उड़ानें शुरू करेगी

नई दिल्ली (वार्ता)। देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो पाँच नये मार्गों पर सेवा शुरू करेगी। एयरलाइन ने आज बताया कि वह 29 मार्च से पटना-गुवाहाटी, चंडीगढ़ इंदौर और चेन्नई-बड़ौदा के बीच अपनी पहली दैनिक उड़ानें शुरू करेगी। इसके अलावा लखनऊ-भोपाल मार्ग पर सोमवार, गुरुवार और शनिवार को तथा लखनऊ-रायपुर मार्ग पर बुधवार, शुक्रवार और रविवार को सेवायें उपलब्ध होंगी।

कंपनी 29 मार्च से ही दिल्ली और कोलकाता से ढाका के लिए तथा गुवाहाटी से चेन्नई के लिए दूसरी उड़ानें शुरू करेगी। मुंबई-चंडीगढ़ मार्ग पर 29 मार्च से और दिल्ली-चंडीगढ़ मार्ग पर 11 मार्च से इंडिगो अपनी तीसरी उड़ानें शुरू करेगी। दिल्ली-वाराणसी मार्ग पर 10 मार्च और पुणे-नागपुर मार्ग पर 29 मार्च से चौथी उड़ानें शुरू की जायेंगी।

अफवाह से पोल्ट्री उद्योग को भारी नुकसान :गिरिराज सिंह

नई दिल्ली (वार्ता)। मांसाहार से कोरोना वायरस के फैलने की अफवाह से देश के पॉल्ट्री , मीट और मत्स्य उद्योग को भारी नुकसान हुआ है और इससे करीब दस करोड़ लोगों के रोजगार प्रभावित हुए हैं । पशुपालन , डेयरी और मत्स्य पालन मंत्री गिरिराज सिंह और इसी के विभाग के राज्य मंत्री संजीव कुमार बालियान ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि मीडिया के माध्यम से अंडा और चिकेन मीट खाने से कोरोना वायरस के फैल सकने की अफवाह फैलायी गयी है जबकि वैज्ञानिक परीक्षणों में यह प्रमाणित नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अंडा , मांस और मछली मानव स्वास्थ्य के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है और इसके खाने से लोगों को 35 प्रतिशत प्रोटीन मिलता है। उन्होंने कहा कि पॉल्ट्री उद्योग समूह के संगठनों के अनुसार इस उद्योग को प्रतिदिन 15000 से 20000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।

सोना पहुंचा 45600 के पार, चांदी 700 रुपये चमकी

नई दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक स्तर पर पीली धातु में रही तेजी और घरेलू स्तर पर रुपए में भारी गिरावट आने से बने दबाव में शुक्रवार को सोना 910 रुपये उछलकर पहली बार 45 हजार रुपये के पार 45680 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। चाँदी हाजिर 700 रुपये चमककर 48 हजार रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी। लंदन और न्यूयार्क से मिली जानकारी के अनुसार सोना हाजिर 2.60 डॉलर की बढ़त लेकर आज 1676.90 डॉलर प्रति औंस पर रहा। इस दौरान अप्रैल का अमेरिकी सोना वायदा 6.60 डॉलर की तेजी लेकर 1673 डॉलर प्रति औंस बोला गया। इस दौरान चाँदी हाजिर 0.13 डॉलर टूटकर 17.33 डॉलर प्रति औंस पर रही। दुनिया भर के शेयर बाजार में हुयी बिकवाली और डॉलर के रही मजबूती के कारण पीली धातु में तेजी रही है। घरेलू स्तर पर डॉलर की तुलना में रुपया के टूटने का असर भी कीमती धातुओं पर दिखा है।

2 दिनों में 30 पैसे लीटर सस्ता हुआ पेट्रोल, डीजल 22 पैसे

नईदिल्ली। पेट्रोल और डीजल के दाम में शुक्रवार को फिर लगातार दूसरे दिन कटौती की गई। देश की राजधानी दिल्ली में इन दो दिनों में पेट्रोल 30 पैसे और डीजल 22 पैसे सस्ता हुआ है। तेल विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल के दाम में दिल्ली और मुंबई में 15 पैसे जबकि कोलकाता में 14 पैसे और चेन्नई 16 पैसे प्रति लीटर की कटौती की। डीजल की कीमत में दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई में 13 पैसे, जबकि मुंबई में 14 पैसे प्रति लीटर की कटौती की गई है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल का दाम घटकर क्रमशः 71.14 , 73.82, 76.83 और 73.91 रुपये प्रति लीटर हो गया है। चारों महानगरों में डीजल का भाव भी घटकर क्रमशः 63.81 रुपये, 66.14 रुपये, 66.82 रुपये और 67.34 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

रुपया 74 रुपये प्रति डॉलर के पार

मुंबई (वार्ता)। निजी क्षेत्र के येस बैंक के डूबने और कोरोना वायरस के देश में तेजी से फैलने की खबरों के कारण शुक्रवार को बने दबाव से अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया लुढ़ककर 74 रुपये प्रति डॉलर को पार कर गया। गुरूवार को रुपया 73.33 रपये प्रति डॉलर पर रहा था। शेयर बाजार में हुयी भारी गिरावट के कारण रुपया 61 पैसे फिसलकर 73.94 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और देखते ही देखते यह 74 रुपये प्रति डॉलर के पार पहुंच गया। सत्र के दौरान यह 74.08 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक टूटा लेकिन बाद में स्थिति कुछ सुधरी और यह 73.52 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर तक मतबूत हुआ। अभी यह 73.55 रुपये प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा है। वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच शुरुआती कारोबार में शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 65 पैसे टूटकर 73.99 पर खुला। मुद्रा कारोबारियों के अनुसार कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप से वैश्विक शेयर बाजार नुकसान में चल रहे हैं।

आज का भविष्यफल

मेष : आज आपको शासन द्वारा सम्मानित किये जाने की संभावना रहेगी। यदि आप किसी व्यक्ति, बैंक या संस्था से ऋष्ण लेना चाहें तो कदापि न लें, आज लिए गए ऋष्ण का उतरना कठिन रहेगा।

वृषभ : आज आप बहुत व्यस्त रहेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको आज लाभ मिल सकता है। रुके हुए कार्यों की पूर्ति होगी।

मिथुन : आज आप फिजूल के खर्चे से बचें। सामाजिक क्रियाकलापों में व्यवधान उपस्थित होगा। इससे आपको आर्थिक रूप से कुछ नुकसान उठाना पड़ सकता है।

कर्क : भाग्य की दृष्टि से आज का दिन उत्तम रहेगा। आपके परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। आज आज अपनी शान-शौकत के लिए धन खर्च करेंगे जिससे आपके शत्रु परेशान होंगे। किसी को उधार भी देना पड़ सकता है।

सिंह : आज का दिन मिश्रित फलकारक है। मानसिक अशांति, खिन्नता एवं उदासीनता के कारण कार्यस्थल पर आप भटक सकते हैं।

कन्या : कार्यक्षेत्र में आज आपमें निर्भीकता का भाव रहेगा तथा साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। इसमें आपको अपने माता-पिता का सहयोग यथेष्ठ रूप से प्राप्त होगा।

तुला : आज का दिन आपके लिए शुभकारक है। आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों के भले की सोचेंगे एवं दिल से सेवा भी करेंगे।

वृश्चिक : व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। यदि कोई वाद-विवाद राज्य में लंबित है तो उसमें सफलता मिलने की पूर्ण संभावना है।

धनु : आज आपकी विद्या- ज्ञान की वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में होती तरक्की से आपके अंदर दान-पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी।

मकर : आज आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ-साथ ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। अपने व्यवसाय में भी आपका मन लगेगा एवं रुके कार्य पूर्ण हो जाएंगे।

कुंभ : आज का दिन बुद्धि-विवेक से नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा। आप सीमित एवं आवश्यकतानुसार ही व्यय करें।

मीन : आज बहुत समय से लटका हुआ पुत्र या पुत्री से संबंधित आर्थिक विवाद का हल निकल आएगा। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण कार्यक्षेत्र के अन्य व्यक्ति आपसे संबंध बनाने की चेष्टा करेंगे।

सू- दोकू क्र.055

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.54 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1

शब्द सामर्थ्य -055

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे
1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 54 का हल

पं	क्ति		स्वा	द		स	ब	ब
जा		सु	हा	ना			ली	द
ब	हु	धा		द	ल	ना		ल
		क	मा	न		ग	ह	ना
भं	व	र				वा	म	
गी	त		म	ज	बू	र		ट
	न	म	स्का	र				र
		र्या			बी		ना	का
सं	वि	दा		ब	स	च	ल	ना

नहीं सुधरे हालात, अब तो मास्क के साथ थर्मामीटर भी रायपुर में बेचा जा रहा महंगा

फरवरी माह से ही राजधानी में चला कोरोना के नाम पर कीमत बढ़ोतरी का सिलसिला, स्थिति पर काबू पाने नाकाफी साबित हो रहे जिम्मेदार अफसरों के प्रयास

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। भारत में कोरोना वायरस की एंट्री से लोगों में डर फैल रहा है, वहीं दूसरी ओर इससे निपटने के साधनों मसलन मास्क व थर्मामीटर के दामों में लगातार इजाफ हो रहा है या यूं कहिए इजाफा क्रिएट किया जा रहा है। रायपुर की बात करें तो आलम ये है कि जब ये वायरस चीन में कहर बरपा रहा था तब ही राजधानी के सर्जिकल की शॉप पर मास्क दोगुनी कीमत पर बेचे

थोक की दुकान पर ही एन 95 मास्क 190 का

रायपुर स्थित सर्जिकल की थोक दुकानों पर ही उत्कृष्ट दर्जे का माना जाने वाल एन 95 मास्क 190 रुपए प्रति नग बिक रहा है। वहीं आम दिनों में 2-3 रु. प्रति नग से बिकने वाला साधारण डबल प्लाई मास्क तथा 5-6 रुपए प्रति नग बिकने वाला साधारण ट्रिपल प्लाई मास्क क्रमशः 10-12 तथा 20-22 रुपए प्रति नग तक बिक रहा है। एन 95 मास्क को लेकर एक व्यापारी ने तो यह भी बताया कि यह रिटेल शॉप पर 450 रुपए प्रति नग तक बिक रहा है।

जाने लगे थे। नव प्रदेश की पड़ताल में तब यह कुछ सर्जिकल व्यापारियों की बात से यह बात भी सामने आई थी कि कुछ चैनल के माध्यम से छत्तीसगढ़ से भी चीन के लिए मास्क की खरीदी की जा रही है। और अब मास्क के साथ ही थर्मामीटर भी महंगे बेचे जाने लगे हैं। व्यापारी तर्क दे रहे हैं कि मास्क व थर्मामीटर बनाने वाली कंपनियां ही उन्हें बढ़ी हुई कीमतों पर ये चीजें सप्लाई कर रही हैं इसलिए वे भी बढ़ी हुई कीमतों पर इन्हें बेचने के लिए बाध्य हैं। इस संबंध में बात करने के लिए फूड एंड ड्रग के अधिकारियों से बात करने की कोशिश की गई,

'अभी 130 रु. कोरोना का कहर खत्म होने के बाद 70 रु. में मिलेगा थर्मामीटर'

सर्जिकल के एक व्यापारी से डिजिटल थर्मामीटर का दाम पूछे जाने पर उसने इसकी कीमत 130 रुपए बताई। जब उनसे पूछा गया कि क्या इससे कम दाम का कोई थर्मामीटर उपलब्ध नहीं तो जवाब मिला कोरोना का असर कम हो जाने दीजिए यही 70 रुपए में मिल जाएगा। व्यापारी ने कहा- हम क्या कर सकते हैं कंपनियां ही सीधे चीन को माल सप्लाई कर रही है और उन्होंने दाम बढ़ा दिए हैं।

लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। जबकि फरवरी माह में नव प्रदेश द्वारा मास्क के बढ़े दामों को लेकर की गई बात तीच में अधिकारियों ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही थी। लेकिन मौजूदा हालातों को देखकर ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा कि दामों को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए गए हों।

नसबंदी कांड में शासन की रिपोर्ट तथ्यों से परे मामले की फिर से जांच करने की मांग उठी

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। तखतपुर के बहुचर्चित नसबंदी कांड में सरकार द्वारा जारी रिपोर्ट को तथ्यों से परे बताते हुए फोरम फॉर फास्ट जस्टिस के राष्ट्रीय संयोजक प्रवीण पटेल ने मांग की है मामले की फिर से जांच की जाये और दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाये।

बिलासपुर जिले के तखतपुर ब्लॉक के पेन्डारी ग्राम स्थित एक निजी चिकित्सालय नेमीचंद जैन हास्पिटल में 8 नवंबर 2014 को लगाये गए नसबंदी शिविर में जिन महिलाओं का ऑपरेशन किया गया था उनमें से 13 लोगों की मौत हो गई थी। राज्य सरकार ने कल विधानसभा में जानकारी दी कि जहरीले दवाईयों का इस्तेमाल करने के कारण इन महिलाओं की मौत हो गई। इस मामले में सेप्रोसिन 500 दवा बनाने वाली कम्पनी महावीर फॉर्मा के संचालक के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई थी कल औषधि प्रशासन विभाग के दो कर्मचारियों को निलम्बित करने की घोषणा भी विधानसभा में की गई। फोरम फॉर फास्ट जस्टिस ने इस मामले में आयोग व जांच अधिकारियों के समक्ष कई दस्तावेज प्रस्तुत कर आरोप लगाया था कि महिलाओं की मौत दवाओं के कारण नहीं बल्कि सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए किये गए ऑपरेशन के कारण हुई है। बिलासपुर प्रेस क्लब में इस फोरम के राष्ट्रीय संयोजक प्रवीण पटेल ने कहा कि नसबन्दी शिविर कोटा विकासखंड में लगाया जाना था लेकिन यह तखतपुर ब्लॉक में लगाया गया। सीलन और जाले से भरे बंद पड़े गंदे अस्पताल में महिलाओं की नसबंदी की गई। पांच घंटे के भीतर एक ही लेप्रोस्पिक मशीन से 83 महिलाओं का ऑपरेशन किया गया, जबकि एक लेप्रोस्कोपी का अधिकतम 10 बार इस्तेमाल किया जा सकता है। एक ऑपरेशन के बाद उसे साफ कर कम से कम आधे घंटे बाद इस्तेमाल में लाया जा सकता है। पटेल ने कहा कि कोलकाता की भारत सरकार की केन्द्रीय प्रयोगशाला में दवाओं का सैम्पल भेजते हुए अपने पत्र में पूछा था कि क्या सिप्रोसिन 500 में चूहा मारने की दवा जिंक फास्फाइड के अंश पाये गये हैं। लैब ने पाया कि जिन दवाओं की जब्ती बनाने की बात कही गई और जिन दवाओं को लैब में जांच के लिए भेजा गया, उनके बैच नम्बर अलग-अलग थे। केवल दिल्ली की एक निजी प्रयोगशाला ने आई ब्रूफेन और सिप्रोसिन 500 में चूहा मारने की दवा के अंश पाये गये जबकि केन्द्र सरकार की हैदराबाद स्थित प्रयोगशाला ने भी इसकी कोई पुष्टि नहीं की थी। पटेल ने कहा कि यदि चूहा मारने की जहरीले अंश दवाओं में थे तो इसका असर 6 घंटे बाद ही दिखाई देना चाहिए जबकि ऐसा नहीं हुआ। इसके अलावा 13 महिलाओं की मौत के बावजूद सिर्फ तीन महिलाओं की पोस्टमार्टम रिपोर्ट जांच अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की गई। जांच आयोग और सरकार की एजेंसियों ने इन सब बिन्दुओं को नजरअंदाज किया गया है। जिन तीन महिलाओं की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई है उसमें भी महिलाओं की मौत का कारण संक्रमण होना पाया गया है। पटेल का यह भी आरोप है कि जांच आयोग ने कहीं न कहीं सरकार को बचाने का प्रयास किया है। इस मामले में तत्कालीन जिला मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी सूर्यप्रकाश सक्सेना, तखतपुर के मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रमोद तिवारी व कोटा के मेडिकल ऑफिसर की भूमिका को जांच में नहीं लिया गया, जबकि इस घटना के लिए वे जिम्मेदार थे। इन्होंने ही नसबंदी की जगह बदली और बंद पड़े अस्पताल तथा वहां मौजूद उपकरणों की साफ-सफाई पर सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन नहीं किया। पटेल ने मांग की कि नसबंदी कांड की फिर से जांच की जाये और सही दोषियों का पता लगाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाये।

सौ रुपए के विवाद में पत्नी की हत्या

बिलासपुर। एक युवक ने पैसो के मामूली विवाद को लेकर अपनी पत्नी के ऊपर फावड़े से हमला कर दिया हमले में पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है फिलहाल पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

पूरा मामला पेंड्रा थानाक्षेत्र के गिरारी गांव का है जहां रहने वाली पुष्पा बाई आज सुबह रोज की तरह घर का काम कर रही थी तभी निजी फाइनेंस कंपनी से वसूली करने आए कर्मचारी ने पुष्पा से क़िस्त की रकम मांगी और पुष्पा ने घर के अंदर से 1600 रुपया लाकर रिकवरी एजेंट को दी पर 100 रुपये कम होने के कारण वो दुबारा घर के अंदर चले गई पास बैठे पति कुंज बिहारी सेन ने इस बात पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि मैंने कल 1700 रुपये एजेंट को देने को रखा था तो उसे खर्च क्यो की बस इसी बात को लेकर पुष्पा और पति कुंज बिहारी के बीच जमकर विवाद हो गया पत्नी जब अंदर गई तभी कुंज बिहारी ने घर मे रखे फावड़े के बेट से अपनी पत्नी के ऊपर हमला कर दिया जिससे वो वही गिर गई पति कुंजबिहारी ने उसके बाद फावड़े के धार वाले हिस्से से गिरी पड़ी पत्नी के ऊपर हमला कर दिया आसपास के लोगो को इनके बीच विवाद की खबर लगी और वो आकर अंदर देखे तो उनके होश उड़ गए पुष्पा आंगन में खून से लथपथ पड़ी हुई थी जिसके बाद आसपास के लोगो ने 112 आपातकालीन सेवा में कॉल कर उसे बुलाया और पुलिस ने घायल महिला और उसके पति कुंजबिहारी को लेकर अस्पताल पहुची महिला को अस्पताल में भर्ती कराया जहा इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया।

कर्मचारी व अधिकारियों ने काली पट्टी लगाकर किया काम

■ **रजिस्ट्रार कार्यालय में बना चर्चा का विषय, पुछते रहे लोग क्या हो रहा**

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। रजिस्ट्रार कार्यालय में षुक्रवार को कर्मचारी और अधिकारियों ने अपनी लंबित मांगो को लेकर विरोध प्रदर्षन करते हुए आज कार्यालय में बांह में काली पट्टी बांधकर कार्यलयीन कार्य पूर्ण किया। वही ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगो ने जब अधिकारी कर्मचारी के काली पट्टी को देखा तो वे पूछने भी लगे कि क्या हो गया। कर्मचारियो का कहना है कि वर्षो से उनकी लंबित मांगो को अब तक पुरा नही किया जा सका है। जिसके चलते कर्मचारी अपनी मांगो को लेकर प्रदर्षन करने मजबूर हो रहे है। 04 मार्च को जहां कवर्धा रजिस्ट्रार कार्यालय के कर्मचारी अधिकारियो ने छत्तीसगढ पंजीयन एंव कार्यपालिका अधिकारी/कर्मचारी कल्याण संघ के बेनरतले एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्षन दिया था वही 05 मार्च को काली पट्टी लगाकर प्रदर्षन करते हुए कार्यलयीन कार्य को पूर्ण किया। प्रदर्षन में बैठे कर्मचारी अधिकारी की माने तो अगर उनकी मांगे 15 मार्च तक वे काली पट्टी लगाकर कार्य करेंगे। फिर भी उनकी मांगे पूरी नही हुई तो वे अनिष्चित कालीन हड़ताल पर जाने बाध्य होंगे। इसके साथ ही प्रत्येक जिलो में भी यह हडताल किया जाना है। इस तरह एक दिन के हडताल में जाने से कवर्धा राजस्व को 12 लाख रूपय का नुकसान होगा।

ये है मांगे

संघ ने पदोन्नत समयमान वेतन देने, परिवीक्षा अवधि समाप्त करने, उचित सेटअप लागू करने एवं प्रति वर्ष डीपीसी बैठक कराए जाने, उप पंजीयक को राजपत्रित प्रदान करने, कार्यालय में सुरक्षा का पर्याप्त समाधान उपलब्ध कराने, पंजीयक लिपिक का पदनाम परिवर्तन कर कार्यपालिका पद, कार्य अनुरूप सहायक उप पंजीयक किए जाने, रिकॉर्ड कीपर के पद को समाप्त करने, संविदा नियुक्ति की समाप्ति करने, संघ के पदाधिकारियों के स्थानांतरण के संबंध में पंजीयन अधिकारियों पर कार्रवाई में सुरक्षात्मक दिशा-निर्देश जारी करने, पदेन कार्यालयो को विभागीय कार्यालयो में परिवर्तित कर पूर्ण कालीन उप पंजीयक की पदस्थापना सहित विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर विभागीय सचिव और महानिरीक्षक पंजीयन से चर्चा की गई थी। वहीं कई बार ज्ञापन भी सौंपा गया। बावजूद इसके आज तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो पाई है जिसके चलते षुक्रवार को रजिस्ट्रार कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियो ने विरोध जताते हुए काली पट्टी लगाकर कार्यालयीन कार्य किया।

मंत्री टेकाम का दौरा कार्यक्रम 7 से 9 तक

रायपुर। अनुसूचित जाति, जनजाति विकास, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम 7 मार्च से 9 मार्च तक अम्बिकापुर, बलरामपुर, सूरजपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे और वहां आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। डॉ. टेकाम 6 मार्च को रायपुर से रात्रि 9.30 बजे अम्बिकापुर के लिए प्रस्थान कर 7 मार्च को सबेरे 8.30 बजे अम्बिकापुर पहुंचेंगे और अम्बिकापुर से सबेरे 10 बजे बलरामपुर जिले के विकासखण्ड वाड्रफनगर जाएंगे। वाड्रफनगर में प्रातः 11 बजे आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अम्बिकापुर वापस आएंगे।

सर्चिंग में निकले जवानों को नुकसान पहुंचाने नक्सलियों ने लगाए थे चार बम

■ **जवानों ने किया डिफ्यूज जंगल में सर्चिंग तेज**

नव प्रदेश संवाददाता

अंतागढ़ /ताडोकी। अतिसवेदनशील इलाका अंतागढ़ ताडोकी में 6 मार्च गुरुवार को थाना ताड़ोकी क्षेत्र के एसएसबी कैम्प कोसरोण्डा व तुमापाल के मध्य ग्राम पतकालबेड़ा के पास नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलो को नुकसान पहुँचने आईआईडी लगाया गया था।लेकिन सुरक्षा बलो के सतर्कता के चलते किसी प्रकार का कोई नुकसान नही हुआ।सुरक्षा बलो द्वारा मौके से 04 नग आईईडी बरामद कर मौके पर नष्ट किया गया। नक्सलियों के नापाक मंसूबों को ध्वस्त करने के बाद एसएसबी के जवानों द्वारा जँगल के भीतर गस्त और सर्चिंग अब भी जारी है। घटना की जानकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौड़ द्वारा दिया गया है।

बाइक सवार मोबाइल छीनकर भागे, मामला दर्ज

रायपुर। पैदल जा रहे युवक का बाइक सवार मोबाइल छीनकर फरार हो गये। घटना की रिपोर्ट पुरानी बस्ती थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार डंगनिया बाजार डीडी नगर निवासी केशव कुमार साहू 24 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 4 मार्च को प्रार्थी भाठागांव मद्रासी होटल के पास मोबाइल पर बात करते जा रहा था इसी दौरान मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 सीवी 7211 में सवार दो अज्ञात युवक प्रार्थी के हाथ से एमआई कंपनी का मोबाइल झपट कर भाग गये। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धारा 356, 379 के तहत अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

विल्सन्स बीमारी से ग्रस्त सिद्धार्थ का ट्रांसप्लांट सर्जरी कर जीवन बचाने में मिली सफलता-डॉ. स्वप्निल शर्मा

रायपुर। कम आयु के बच्चों में ट्रांसप्लांट सर्जरी तो दूर साधारण सर्जरी करने में भी डॉक्टरों को अच्छी खासी मेहनत करनी पड़ती है किंतु मामला जब दस वर्षीय बिलासपुर निवासी सिद्धार्थ यादव को अनुवांशिकी में मिली बीमारी विल्सन्स का हो तो मामला पेचीदा होते हुए भी जीवन मृत्यु के बीच संघर्ष का होता है। उक्त अनुभव को प्रेस क्लब रायपुर पहुंचे ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. स्वप्निल शर्मा फोर्टिस हास्पिटल मुंबई ने पत्रकारवार्ता में साझा करते हुए बताया कि जीवन रक्षक लीवर को उक्त बीमारी से लीवर ट्रांसप्लांट कर मासूम का जीवन बचाने में उन्हें सफलता मिली। डॉ. शर्मा ने बताया कि उक्त बीमारी से ग्रस्त सिद्धार्थ की मां ने पहले इसका इलाज जड़ी बुटियों के माध्यम से कराया। हालत में सुधार नहीं होने पर बच्चे की मां ने नागपुर स्थित चाचा के साथ जाकर मासूम का इलाज कराया। वहां पर सफलता नहीं मिली नागपुर से उन्हें बच्चे के इलाज के लिए हैदराबाद जाने की सलाह दी गई किंतु सफलता नहीं मिलने पर सिद्धार्थ की मां ने एचबीपी सर्जरी कल्सल्टेंट डॉ. शर्मा से मुलाकात की। डॉ. शर्मा ने परीक्षण के उपरांत पाया कि बच्चा डिकॉम्पेन्सेटेड क्रॉनिक लीवर डिसीज से ग्रस्त है। उसके पेट में बड़े पैमाने पर पानी भरा हुआ है। बच्चे का लीवर ट्रांसप्लांट की सलाह डॉ. शर्मा द्वारा बच्चे की मां को दी गई। मां का लीविंग डोनर ट्रांसप्लांट मैच होने पर लीवर के बाएं भाग में सर्जरी कर उसे डॉ. शर्मा ने इम्प्लांट किया।

बाल सन्दर्भ योजना के तहत वृहत शिविर का आयोजन

रायपुर। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत गत दिवस तिल्दा के नगर भवन परिसर में विकासखंड के गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए बाल सन्दर्भ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बाल गोपाल चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल रायपुर के मुख्य चिकित्सक एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक भट्टर एवं उनकी टीम ने 154 गंभीर कुपोषित बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस वृहत शिविर में डॉ भट्टर ने सभी हितग्राहियों को शिशुओं की देखभाल, बीमारियों की पहचान, एवं टीकाकरण के फायदे आदि की जानकारी दी। शिविर में प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया और सही उत्तर देने वालों को पुरस्कार प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रतिमाह स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से दूरस्थ ग्रामों में शिविर आयोजित किया जाता हैं। शिविर में दवाओं का निःशुल्क वितरण भी किया जाता है। इस शिविर में परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के अलावा विकासखंड से लगभग पांच सौ महिलाएं एवं पुरूष उपस्थित हुए ।